# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, बुधवार 29 अक्टूबर 2025


**रेलवे रिजर्वेशनः तकनीकी बदलाव**

### दो नवंबर को पीआरएस सेवा रहेगी बंद



**नई दिल्ली।** रेलवे रिजर्वेशन सिस्टम से जुड़ा बड़ा अपडेट है। अगले हफ्ते रविवार यानी 2 नवंबर 2025 को दिल्ली में रेलवे आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) की सेवाएं लगभग दो घंटे के लिए बंद रहेंगी। यह शटडाउन 1 नवंबर की आधी रात और 2 नवंबर की सुबह के बीच यानी 00:05 बजे से 2:05 बजे तक चलेगा। इस दौरान पुराने कोर स्विच को नए कोर स्विच से बदला जाएगा। इस तकनीकी बदलाव के कारण दिल्ली पीआरएस पर कई महत्वपूर्ण सेवाएं उपलब्ध नहीं होंगी।

# दुश्मन के ठिकाने ढूंढेंगे, पहचानेंगे और ठोक देंगे, झुंड वाले 800 ड्रोन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय वायु सेना 800 मीडियम रेंज स्वार्म अनमैन्ड म्यूनिशन सिस्टम खरीदने की योजना पर काम कर रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार झुंड वाले ये ड्रोन 350 किलोमीटर से भी ज्यादा दूर तक दुश्मन के ठिकानों को पूरी सटीकता के साथ निशाना बना सकते हैं। लोइटरिंग म्यूनिशन वाले ये ड्रोन दुश्मनों के ठिकाने ढूंढते हैं, उनकी पहचान करते हैं और फिर उनपर पूरी सटीकता के साथ हमला करके उन्हें पूरी तरह से तबाह कर देते हैं।



### एक बार में 20 ड्रोन भेज सकता है ये सिस्टम

एक रिपोर्ट के मुताबिक प्रत्येक मीडियम रेंज स्वार्म अनमैन्ड म्यूनिशन सिस्टम एक बार में कम से कम 20 ड्रोनों के झुंड को एक बाद एक तैनात कर सकते हैं। यह 350 किलोमीटर से भी ज्यादा दूर तय किए क्षेत्र में कम से कम आधे घंटे तक हवा में मंडरा सकते हैं। टारगेट की पहचान करते हैं और फिर इस पर पूरी ताकत से हमला कर सकते हैं। यह रुके हुए और चलते हुए दोनों ही टारगेट को पहचानने में सक्षम हैं।

### एयर डिफेंस सिस्टम को कर देंगे जाम

बता दें कि 25 अक्टूबर को रक्षा मंत्रालय को मिले रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल्स के अनुसार, ये ड्रोन दुश्मन के एयर डिफेंस सिस्टम को जाम कर देंगे, रडार को चकमा देंगे और भारतीय वायु सेना को यह विकल्प मुहैया करवाएंगे कि वह चंद घंटों में दुश्मन के कमांड-एंड-कंट्रोल सिस्टम को निशाना बना सकें। वायु सेना को ऐसे फिक्स्ड-विंग ड्रोन चाहिए, जो जेट इंजन के साथ-साथ बैटरी से भी चल सकें। ये ड्रोन 30 किलो तक के हथियार ले जा सकते हैं। ये जरूरी सेंसर, इलेक्ट्रॉनिक जैमर, कम्युनिकेशन सिस्टम और नेविगेशन उपकरणों से भी लैस होंगे।






**खबर संक्षेप**

### अमेजन में छंटनी, 14 हजार कर्मचारियों को निकाला

**नई दिल्ली।** दुनिया की सबसे बड़ी ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन ने टेक जगत की बड़ी छंटनी की है।



कंपनी ने 14,000 कॉर्पोरेट कर्मचारियों की नौकरियां खत्म कर दी है। यह कदम टेक जगत के इतिहास में बड़ी छंटनियों मे गिना जा रहा है। यह छंटनी कंपनी के कॉर्पोरेट वर्कफोर्स के एक बड़े प्रतिशत को प्रभावित करेगी। कंपनी में लगभग 3.5 लाख कर्मचारी हैं। यह छंटनी 2022 से बड़ी मानी जा रही है।

### मंधाना ने हासिल की करियर की बेस्ट रेटिंग

**दुबई।** भारत की बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने घरेलू विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के दम पर



मंगलवार को करियर की बेस्ट रेटिंग हासिल करने के साथ महिला वनडे क्रिकेट में शीर्ष बल्लेबाज के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली। 29 साल की बल्लेबाज ने पिछले दो मैचों में न्यूजीलैंड के खिलाफ 109 और बांग्लादेश के खिलाफ नाबाद 34 रन बनाए हैं। उनके नाम 828 रेटिंग अंक हो गए, जो दूसरे स्थान पर ऑस्ट्रेलिया की गार्डनर से 97 अंक अधिक हैं।

### भारत में एक साल तक फ्री हुआ चैट जीपीटी गो

**नई दिल्ली।** ओपन एआई ने भारत के लिए एक बड़ा कदम उठाते हुए घोषणा की है कि 4



नवंबर 2025 से सभी भारतीय यूज़र्स को चैट जीपीटी गो का एक साल का मुफ्त एक्सेस दिया जाएगा। यह ऑफर कंपनी के पहले देव डे एक्सचेंज इवेंट के साथ बेंगलुरु में लॉन्च किया जाएगा। यह पहल भारत में तेजी से बढ़ रहे एआई उपयोगकर्ताओं को ध्यान में रखते हुए की गई है।

**मोहन कैबिनेट का बड़ा फैसला**

### सरकारी आवास खाली नहीं करने पर शासकीय सेवकों पर जबरदस्त सख्ती

# 30 गुना किराया, इस पर हर महीने 10 प्रतिशत की अतिरिक्त पेनाल्टी

*ऐसे सरकारी सेवक जिनका अन्यत्र तबादला हो गया, सेवानिवृत्ति या अन्य किसी कारणवश सरकारी आवास की पात्रता नहीं रखते तो उन्हें सरकार महज तीन महीने तक की रियायत देगी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल में सरकारी आवास में निवास करने वाले शासकीय सेवकों के लिए यह अच्छी खबर नहीं है। मप्र कैबिनेट ने आवास आवंटन नियम के कुछ नियमों में संशोधन को मंजूरी दी है। यदि ऐसे सरकारी सेवक जिनका अन्यंत्र तबादला हो गया, सेवानिवृत्ति या अन्य किसी कारणवश सरकारी आवास की पात्रता नहीं रखते तो उन्हें सरकार महज तीन महीने तक की रियायत देगी। इस अवधि में हर हाल में उन्हें सरकारी आवास खाली करना पड़ेगा। ऐसा नहीं करने पर तीन माह की अवधि पूर्ण होने के बाद आवास किराया सामान्य से 10 गुना अधिक की वसूली की जाएगी। इसके बाद दांडिक किराया 30 गुना तक की वसूल होगी। इसके बाद हर महीने इसके अतिरिक्त 10 फीसदी और पेनाल्टी वसूल होगी।

अभी बड़ी संख्या में शासकीय सेवक तबादले, सेवानिवृत्ति या अन्य कारणों के बाद भी सरकारी आवास रिक्त नहीं कर रहे हैं। इससे अन्य शासकीय सेवकों को दिक्कतें हो रही है। संपदा विभाग शासन के बाद अक्सर शिकायतें भेज रहा था। कैबिनेट ने भोपाल स्थित शासकीय आवास आवंटन नियम 2000 के नियम 17 एवं नियम 37 में संशोधन की स्वीकृति प्रदान की है। नियमों में संशोधन को मंजूरी मिलने के बाद त्यागपत्र देने, सेवा से पृथक होने अथवा अन्य किन्ही कारणों से आवास रखने के लिए अनधिकृत होने पर 3 माह तक की अवधि के लिए शासकीय सेवक की ओर से सामान्य दर पर आवास धारित किया जा सकेगा।

**भोपाल स्थित शासकीय आवास आवंटन नियम 2000 के नियम 17 एवं नियम 37 में संशोधन को मिली मंजूरी**



**क्यों लिया गया यह फैसला?** *अभी बड़ी संख्या में शासकीय सेवक तबादले, सेवानिवृत्ति या अन्य कारणों के बाद भी सरकारी आवास रिक्त नहीं कर रहे। संपदा विभाग ने की थी यह शिकायत*

मुख्यमंत्री ने दीपावली मिलन समारोह में कर्मचारियों को किया संबोधित

**मप्र में वेतन विसंगति, ग्रेड पे और पदनाम परिवर्तन के लिए नया आयोग बनेगा**

### यूपीएससी की तर्ज पर एक परीक्षा भी कराई जाएगी



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सरकार कर्मचारियों के हितों के लिए हर कदम पर साथ खड़ी है। कर्मचारियों के कल्याण के कार्यों के लिए राज्य सरकार सदैव तत्पर है। 1 जनवरी 2005 को या उसके बाद नियुक्त कर्मचारियों के लिए एकीकृत पेंशन योजना लागू करने के लिए समिति गठित करने का निर्णय लिया है, इससे पेंशन की विसंगतियों को दूर करने में मदद मिलेगी। राज्य सरकार सभी वर्गों का समान रूप से ध्यान रख रही है। विभिन्न कर्मचारी संवर्गों की वेतन विसंगति, ग्रेड पे, पदनाम परिवर्तन के लिए सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारियों को सम्मलित कर नया आयोग बनाया जाएगा। यूपीएससी की तर्ज पर एक परीक्षा भी कराई जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव राज्य कर्मचारी संघ की ओर से मंत्रालय स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में आयोजित दीपावली मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कर्मचारियों के हितों का ध्यान रखते हुएराज्य सरकार ने 9 साल से लंबित हाउस रेंट अलाउंस का निराकरण कराया है।

**सीसीटीवी में कैद हुई बेखौफ वारदात**

## कटनी में भाजपा नेता की सरेआम गोली मारकर हत्या



**परिजनों ने किया चक्का जाम**

**हत्या की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जिले में दिल दहलाने वाली वारदात सामने आई है। कैमोर नगर में मंगलवार को कानून-व्यवस्था को धता बताते हुए नकाबपोश बदमाशों ने मर्डर के अंजाम दिया। उन्होंने एक भाजपा नेता की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी है। बाइक सवार हमलावरों ने सीने पर गोली मारी और मौके से फरार हो गए। पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। यह सनसनीखेज वारदात मंगलवार सुबह करीब 11 बजे कैमोर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के पास हुई है। भाजपा पिछड़ा वर्ग मंडल अध्यक्ष नीलेश रजक अपनी बाइक से बाजार जा रहे थे। तभी बाइक पर आए दो नकाबपोश बदमाशों ने उन्हें रोका और सीने पर गोली दाग दी। गोली लगते ही नीलेश लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े। वारदात कर हमलावर मौके से फरार हो गए। फायरिंग की सूचना मिलने पर पहुंची ।

### जबलपुर डीआईजी ने किया फ्लैग मार्च

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कटनी प्रशासन से फोन पर बात कर आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के लिए कहा है। उन्होंने सीएम डॉ. मोहन यादव से भी घटना को लेकर बात की। भाजपा नेता नीलेश रजक की हत्या के बाद बढ़ते तनाव को देखते हुए कैमोर में जबलपुर डीआईजी अतुल सिंह के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। डीआईजी ने कहा कि आरोपी जल्द पकड़ लिए जाएंगे।

**ब्लिंकिट डिलीवरी बॉय की करतूत**

## ब्रजीलिया की मॉडल को गंदी नीयत से 'छुआ'

**खाना देने के बहाने गया था आरोपी**



**आरोपी गिरफ्तार**

**एक हफ्ते तक छिपाई रही घटना**

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

बेंगलुरु पुलिस ने एक ब्लिंकिट डिलीवरी एजेंट को ब्राज़ीलियाई मॉडल से छेड़छाड़ करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। यह घटना 17 अक्टूबर को हुई थी और यह गिरफ्तारी उसके नियोक्ता 25 अक्टूबर को दर्ज कराई गई शिकायत के बाद हुई। आरोपी की पहचान आरटी नगर निवासी कुमार राव पवार के रूप में हुई है। वह बेंगलुरु के एक प्राइवेट कॉलेज का छात्र है और ब्लिंकिट में पार्ट-टाइम डिलीवरी एक्जीक्यूटिव के रूप में काम कर रहा था। महिला को नौकरी देने वाली कंपनी मैनेजर कार्तिक की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार पीड़िता आरटी नगर स्थित एक अपार्टमेंट में दो अन्य मॉडलों के साथ रह रही थी। 17 अक्टूबर को दोपहर करीब 3:20 बजे विक्टोरिया ने ब्लिंकिट एप के जरिए खाना ऑर्डर किया था।

**बागेश्वर धाम में दर्दनाक हादसा**

## समोसे की कड़ाही में जा गिरा दो साल का मासूम



**बुरी तरह झुलसा**

**राजस्थान से आया था परिवार, हालत नाजुक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छतरपुर

जिले के बागेश्वर धाम में सोमवार शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया।

जहां समोसे की दुकान पर खौलते तेल की कड़ाही में गिरने से दो साल का मासूम बच्चा बुरी तरह झुलस गया। दादी ने उसे बचाने का प्रयास किया, इस दौरान उनके भी हाथ जल गए। फिलहाल, बच्चे और उसकी दादी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राजस्थान के अजमेर जिले के किशनगढ़ के रहने वाले हरिओम वैष्णव अपनी मां सरिता और दो साल के बेटे राघव के साथ बागेश्वर धाम दर्शन करने आए थे। बालाजी महाराज के दर्शन के बाद वे सोमवार शाम को धाम परिसर में एक हाथ ठेला समोसे की दुकान पर नाश्ता कर रहे थे। इस दौरान वहां पास में खड़े दो बैल आपस में लड़ने लगे।






**जबलपुर में संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक 30 से 1 नवंबर तक**

संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत सहित 407 कार्यकर्ता शामिल होंगे

## देश में चलेगा गृह संपर्क अभियान बस्तियों में होंगे 'हिंदू सम्मेलन'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

यहां 30 अक्टूबर से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की तीन दिवसीय बैठक होगी। 30 अक्टूबर से 1 नवंबर तक होनी वाली बैठक में आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत सहित 407 कार्यकर्ता शामिल होंगे।

कार्यक्रम में डॉ. भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले तथा 6 सहसरकार्यवाह, अखिल भारतीय कार्यकारिणी सहित सभी 11 क्षेत्रों एवं 46 प्रांतों के संघचालक, कार्यवाह व प्रांत प्रचारक उपस्थित रहेंगे। मंगलवार को



आरएसएस प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर(बाएं) संवाददाताओं से चर्चा करते हुए

आयोजित पत्रकार वार्ता को आरएसएस प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने संबोधित करते हुए कहा कि जबलपुर में पहली बार ये बैठक हो रही है। देशभर में संघ का शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है, देशभर में हिंदू सम्मेलन भी किए जाएंगे।

**देश की सुरक्षा जैसे विषयों पर भी चिंतन किया जाएगा**

इसके अलावा हिंदू धर्म के लिए त्याग बलिदान देने वाले गुरु तेग बहादुर के 350वीं शहीदी वर्ष पर विशेष साहित्य और कार्यक्रम तय होंगे। इसी तरह भगवान बिरसा मुंडा की भी 15 नवंबर को 150वीं जयंती है। इन पर भी विशेष साहित्य और कार्यक्रम पर बैठक में चर्चा होगी। उन्होंने बताया कि युवाओं को संघ से विशेष रूप से जोड़ने के लिए विशेष आयोजन होंगे। पंच परिवर्तन के कार्यक्रम से प्रेरित संस्था,व्यक्तियों, मठ, मंदिरों, सामाजिक शैक्षणिक संस्था से शताब्दी वर्ष के दौरान संपर्क किया जाएगा। यह व्यापक अभियान होगा इसके लिए स्तर पर संपर्क किया जाएगा। तीन दिवसीय बैठक में समाज जीवन पर होने वाली बातों के अलावा देश की सुरक्षा जैसे विषयों पर भी चिंतन किया जाएगा।




मतदान 06 एवं 11 नवंबर 2025 | परिणाम 14 नवंबर 2025

बिहार का 'तेजस्वी प्रण', महागठबंधन ने वादों की लगाई झड़ी

# 20 माह में परिवार के हर सदस्य को नौकरी, 200 यूनिट बिजली फ्री

***बिहार विधानसभा चुनाव के लिए महागठबंधन ने अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है। 'बिहार का तेजस्वी प्रण' शीर्षक से महागठबंधन ने अपना घोषणापत्र जारी किया है। इसके मौके पर महागठबंधन के सीएम उम्मीदवार तेजस्वी यादव सहित सहयोगी दलों के नेता मंच पर उपस्थित थे।***

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए महागठबंधन ने अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है। 'बिहार का तेजस्वी प्रण' शीर्षक से महागठबंधन ने अपना घोषणापत्र जारी किया है। इसके मौके पर महागठबंधन के सीएम उम्मीदवार तेजस्वी यादव सहित सहयोगी दलों के नेता मंच पर उपस्थित थे। घोषणापत्र में 20 महीने के अंदर परिवार के हर सदस्य को नौकरी, 200 यूनिट फ्री बिजली, जीविका सीएम दीदियों को नियमित करने और ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करने सहित कई बड़े वादे किए गए हैं। तेजस्वी ने साझा घोषणापत्र को जारी करते हुए कहा कि एक-एक घोषणा दिल से लिया हुआ प्रण है। हमें प्रण को प्राण खोकर भी पूरा करने पड़े तो हम अपने प्रण को पूरा करेंगे। जब भी कोई बिहारी ठान लेता है तो उसको पूरा करता है। हम सब लोग नौजवान हैं, बिहार को अव्वल राज्यों में हम देखना चाहते हैं, विकसित बिहार देखना चाहते हैं।




### बिहार 20 साल में पीछे चला गया: खेड़ा

*इस मौके पर पवन खेड़ा ने कहा कि महागठबंधन ने सबसे पहले सीएम फेस घोषित किया और सबने मिलकर संयुक्त घोषणा पत्र जारी किया। इससे यह स्पष्ट है कि कौन बिहार के लिए गंभीर है। उन्होंने कहा कि बिहार 20 सालों में पीछे चला गया है। उसे वापस पटरी पर लाना है।*

### सीएम नीतीश कुमार से जताई सहानुभूति

*उन्होंने कहा कि सीएम नीतीश कुमार के प्रति सहानुभूति रखता हूं, लेकिन कहना चाहता हूं कि भाजपा के लोगों ने, भ्रष्ट अधिकारियों ने नीतीश को पुतला बनाकर रखा है। उन्होंने कहा कि अमित शाह ने साफ कहा कि विधायक तय करेंगे कि एनडीए का सीएम कौन होगा? चुनाव के बाद भाजपा नीतीश को सीएम नहीं बनाएगी।*

## संकल्प पत्र में ये किए वादे

- इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही 20 दिनों के अंदर प्रदेश के हर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का अधिनियम लाया जाएगा
- हमारी सरकार युवकों को नौकरी देने के अपने संकल्प पर अमल करते हुए 20 महीने में शीघ्र नौकरी प्रदान करने की प्रक्रिया प्रारम्भ कर देगी
- सभी जीविका दीदियों को स्थायी किया जाएगा और उन्हें सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाएगा। उनका वेतन 30,000 प्रतिमाह सुनिश्चित किया जाएगा।
- जीविका दीदियों के द्वारा लिए गए ऋण पर ब्याज माफ किया जाएगा और दो वर्षों तक बिना ब्याज का ऋण प्रदान किया जाएगा। जीविका केंद्र की दीदीयों को उनके कार्य के निष्पादन के लिए हर महीने 2,000 रुपए I भत्ता दिया जाएगा।
- जीविका केंद्र के अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष को भी मानदेय प्रदान किया जाएगा।
- सभी संविदाकर्मियों और आउटसोर्सिंग पर कार्यरत कर्मचारियों को स्थायी किया जाएगा।
- आईटी पार्क, स्पेशल इकोनॉमिक जोन, डेयरी-वेस्ड इंडस्ट्रीज, एग्रो-वेस्ड इंडस्ट्रीज, स्वास्थ्य सेवा, कृषि उद्योग, फूड प्रोसेसिंग, नवीकरणीय ऊर्जा, लॉजिस्टिक्स, -टेलिकम्यूनिकेशन और पर्यटन के क्षेत्रों में कौशल-आधारित रोजगार का सृजन किया जाएगा।
- 2000 एकड़ में एजुकेशनल सिटी
- माई बहिन योजना के तहत महिलाओं को ढाई हजार रुपए प्रतिमाह की राशि दी जाएगी।
- सामाजिक सुरक्षा पेंशन 1500 रुपए दी जाएगी और इसमें हर साल 200 रुपए की वृद्धि की जाएगी।
- 200 यूनिट फ्री बिजली देने का भी ऐलान किया।
- ओल्ड पेंशन स्कीम लागू की जाएगी
- वक्फ संशोधन विधेयक (कानून) पर रोक लगाई जाएगी और वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन को पारदर्शी बनाएंगे।
- आर्थिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े मुस्लिम समुदाय की समानता और उन्नति सुनिश्चित करने के लिए सच्चर समिति की सिफारिशों को लागू किया जाएगा।

केंद्रीय गृहमंत्री शाह करेंगे घोषणा

### कल एनडीए जारी करेगा घोषणा पत्र, दिया जा रहा अंतिम रूप



बिहार विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी के घोषणापत्र को अंतिम रूप दिया जा रहा है। संकल्प पत्र को लेकर आज पटना में भाजपा के बिहार चुनाव के मैनिफेस्टो कमिटी की बैठक होगी। इस बैठक में भाजपा संकल्प पत्र के मुद्दों, वादों को अंतिम रूप दिया जाएगा। इस बैठक में संकल्प पत्र जारी करने की तारीख भी तय होगी। 30 अक्टूबर को भाजपा का संकल्प पत्र जारी हो सकता है। गृह मंत्री अमित शाह इसे जारी कर सकते हैं। इसके साथ ही एनडीए का साझा एजेंडा फॉर गवर्नेंस भी तैयार किया जा रहा है।

**इन मुद्दों पर रहेगा जोर**

इसमें एनडीए के सभी सहयोगी दलों के घोषणापत्र की प्रमुख बातों को शामिल किया जाएगा। बिहार को शैक्षणिक और औद्योगिक हब बनाने पर जोर होगा। युवाओं को रोजगार देने के लिए कई बड़ी योजनाओं का ऐलान हो सकता है।

मुख्यमंत्री के चेहरे पर किया खुलासा

### चिराग ने सीएम के लिए नीतीश का नाम बताया



बिहार में अब सीएम फेस को लेकर चर्चा शुरू होने लगी है। अब एनडीए के नेता चिराग पासवान ने खुद सीएम फेस को लेकर बड़ा बयान दिया है। चिराग से एनडीए के मुख्यमंत्री पद के चेहरे पर सवाल किया तो उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आखिर एक ही घोषणा कितनी बार की जाएगी? चिराग ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार चुनाव का नेतृत्व कर रहे हैं । विधायक आएंगे और विधायक चुनेंगे, यह सामान्य लोकतांत्रिक प्रक्रिया है। चिराग ने यह भी कहा कि मुझे पूरा भरोसा है कि मेरी पार्टी से जितने भी विधायक जीतकर आएंगे वे सभी नीतीश कुमार को फिर से मुख्यमंत्री चुनेंगे।

नायक विवाद पर महागठबंधन पर भड़के ललन

### आप जाति और धर्म के नाम पर उन्माद फैला रहे



आरजेडी कार्यालय के बाहर तेजस्वी यादव को 'नायक' बताने वाले कथित पोस्टरों पर केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन (ललन) सिंह ने कहा कि जब उन्हें खुद ही पोस्टर बनवाकर लगाना है, तो उन्हें कौन रोक रहा है? क्या आप 20 साल से कोशिश नहीं कर रहे थे? आप हर साल पोस्टर लगाते हैं, लेकिन बिहार की जनता आपको हर साल नकार देती है क्योंकि आप इसके लायक नहीं हैं। आप जाति और धर्म के नाम पर उन्माद फैलाते हैं।

दो वोटर आईडी रखने का मामला

### पीके को चुनाव आयोग का नोटिस, 3 दिन में जवाब दें



बिहार विधानसभा चुनाव के बीच जन सुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर को निर्वाचन आयोग ने नोटिस भेज दिया है। आयोग ने पीके से दो वोटर आईडी रखने के मामले में जवाब मांगा है। प्रशांत का नाम पश्चिम बंगाल और बिहार, दोनों राज्यों की वोटर लिस्ट में शामिल है। चुनाव आयोग ने उनसे 3 दिन के भीतर अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया है। रोहतास जिले की करगहर विधानसभा क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी सह डीसीएलआर सासाराम की ओर से मंगलवार को यह नोटिस जारी किया गया। उनका नाम बिहार में करगहर विधानसभा क्षेत्र की वोटर लिस्ट में है, जबकि पश्चिम बंगाल की भवानीपुर विधानसभा से भी वह मतदाता हैं।

पूर्वी चंपारण में ओवैसी को झटका

### 200 कार्यकर्ताओं ने छोड़ी पीर्टी, जेडीयू में शामिल



चुनाव के बीच एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी जहां पूर्वी चंपारण में रैली कर अपने प्रत्याशी के लिए समर्थन मांग रहे हैं। वहीं, उसी जिले से उनकी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। नरकटिया विधानसभा क्षेत्र में पार्टी के करीब 200 कार्यकर्ताओं और स्थानीय नेताओं ने पार्टी से इस्तीफा देकर जदयू की सदस्यता ले ली। नाराजगी के बीच सोमवार को बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने ओवैसी की पार्टी को छोड़ते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भरोसा जताया और जदयू में शामिल हो गए।

---

## खबर संक्षेप

### मनोज दास बने गुजरात ने नए मुख्य सचिव



**अहमदाबाद।** गुजरात को नया मुख्य सचवि मिल गया है। आईएएस मनोज कुमार दास को प्रदेश का नया चीफ सेक्रेटरी नियुक्त किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार दास को मुख्य सचिव बनाया गया है। वह 31 अक्टूबर की दोपहर से इस पद को संभाल लेंगे।

### डॉक्टर की आत्महत्या के खिलाफ बंद का ऐलान




**सतारा।** जिले में महिला डॉक्टर की आत्महत्या का मामला बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को डॉक्टर के गृह क्षेत्र बीड जिले के वडवानी में बंद बुलाया गया। पीड़ित परिजनों ने एसआईटी जांच की मांग की है। डॉक्टर पिछले हफ्ते सतारा जिले के फलटन तालुका के एक होटल में फंदे से लटकी मिली थी। हथेली पर एक सुसाइड नोट लिखा था।

### पटना में अर्घ्य के दौरान 3 लोगों की मौत



**पटना।** छठ महापर्व के अर्घ्य के दौरान पटना के बाढ़ अनुमंडल में अलग-अलग हादसों में 3लोगों की मौत हो गई। 2युवक गंगा नदी में डूब गए, जबकि एक छठ व्रती महिला की अर्घ्य देने जाते समय हार्ट अटैक से मौत हो गई। मलाही गांव में गंगा किनारे अस्थायी घाट बनाकर व्रतियों के लिए अर्घ्य की व्यवस्था की गई थी।

### ऐसा मत कहो, वरना अंजाम भुगतने होंगे



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कानून के छात्र के खिलाफ फेसबुक पोस्ट पर दर्ज आपराधिक कार्यवाही को रद्द करने की मांग वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। पोस्ट में कहा गया था कि बाबरी मस्जिद भी एक दिन फिर से बनाई जाएगी। कोर्ट ने कहा यदि आप ऐसा व्यवहार करेंगे, तो इसके परिणाम भुगतने होंगे।

---

विशाखापत्तनम में भारी बारिश जारी

मलकापुरम पुलिस स्टेशन के पास दीवार ढही

आंध्रप्रदेश के तट से टकराया मोंथा, उदयपुर में 40 घंटे से बारिश

# विशाखापत्तनम एयरपोर्ट बंद, सभी उड़ानें रद्द और 120 ट्रेनें भी कैंसिल



एजेंसी ▶▶ विशाखापत्तनम

**तूफान मोंथा अब और ज्यादा तीव्र हो गया है और इसका लैंडफॉल शुरू हो गया है। चेतावनी जारी**

गंभीर चक्रवाती तूफान मोंथा अब और ज्यादा तीव्र हो गया है और इसका लैंडफॉल शुरू हो गया है। तूफान आंध्र प्रदेश के तट से टकराया है। जो कि उत्तर-उत्तरपश्चिम दिशा में आगे बढ़ता रहेगा और अगले 3-4 घंटों में मछलीपट्टनम और कलिंगपट्टनम के बीच काकीनाडा के आसपास आंध्र प्रदेश के तट को पार करेगा। इस दौरान अधिकतम 90-100 किमी प्रति घंटे की निरंतर हवा की गति से 110 किमी प्रति घंटे तक की गति पकड़ेगा। आईएमडी ने बताया कि अगले 3-4 घंटों तक लैंडफॉल की प्रक्रिया जारी रहेगी। 'मोंथा' आंध्र प्रदेश के तट से टकरा गया है। 3-4 घंटों में मछलीपट्टनम और कलिंगपट्टनम के बीच काकीनाडा के आसपास आंध्र प्रदेश के तट को पार करेगा। चक्रवात का परोक्ष असर राजस्थान सहित उत्तर-पश्चिम भारत के मौसम पर भी देखा जा रहा है, जिससे प्रदेश में ठंडी हवाएं और बादलों का असर बना हुआ है। कोटा के खातोली में सबसे ज्यादा 69 मिमी बारिश दर्ज की गई। उदयपुर में भी दिनभर रिमझिम बारिश का सिलसिला जारी रहा।



### विशाखापत्तनम में सभी 32 फ्लाइट्स कैंसिल

'मोंथा' के कारण मंगलवार को विशाखापत्तनम एयरपोर्ट से संचालित होने वाली सभी 32 फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गईं। विशाखापत्तनम एयरपोर्ट के डायरेक्टर एन. पुरुषोत्तम ने बताया कि 27 अक्टूबर को एयर इंडिया एक्सप्रेस की दो फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गई थीं। असल में, हम रोजाना 30 से 32 फ्लाइट्स (घरेलू और इंटरनेशनल) ऑपरेट करते हैं। वे सभी फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गई हैं। एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया की गाइडलाइंस के अनुसार, गंभीर चक्रवाती तूफान से बचने के लिए सावधानियां बरती हैं, जिसमें तूफान से पहले और तूफान के बाद के चरण शामिल हैं। विजयवाड़ा एयरपोर्ट ने 16 फ्लाइट्स कैंसिल कर दीं, लेकिन 5फ्लाइट्स ऑपरेट हुईं। तिरुपति एयरपोर्ट पर 4 फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गईं। एक रेलवे अधिकारी ने बताया कि साउथ सेंट्रल रेलवे जोन में 27 अक्टूबर और मंगलवार को कुल 120 ट्रेनें कैंसिल कर दी गईं।

### हवा का झोंका 110 किमी प्रति घंटा होगा, पीएम ने की सीएम से बात



*यह उत्तर-उत्तरपश्चिम दिशा में चलता रहेगा और मंगलवार को आंध्र तट पार कर जाएगा। हवा की गति 90-100 किमी प्रति घंटे रहेगी और इसके झोंके 110 किमी तक पहुंच सकते हैं। इस बीच पीएम नरेंद्र मोदी ने आंध्र के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू से फोन पर बात की और हर संभव मदद का भरोसा दिया है।*

### स्कूल बंद, एनडीआरएफ की तैनाती की गई

*सरकार ने 5 राज्यों आंध, ओडिशा, पुडुचेरी, तमिलनाडु और छत्तीसगढ़ में 22 एनडीआरएफ टीमें तैनात की हैं। दक्षिण मध्य रेलवे और पूर्वी तट रेलवे ने अगले दो दिनों के लिए 100 से ज्यादा ट्रेनें रद कर दी हैं। इसके अलावा स्कूलों को भी बंद करने का निर्देश जारी किया गया है। सभी निचले इलाकों से लोगों को निकाला जा रहा है। वहीं फ्लाइट पर भी मोंथा चक्रवात का असर पड़ा है। इस वजह से एहतियातन कई फ्लाइट्स रद कर दी गई हैं।*

### आंध्र प्रदेश को सबसे ज्यादा खतरा




*आईएमडी के महानिदेशक डॉ. एम मोहापात्रा ने कहा कि तट से टकराने के बाद मोंथा की रफ्तार थोड़ी कम होगी और यह ओडिशा की ओर बढ़ेगा। आंध्र सबसे ज्यादा प्रभावित होगा, फिर ओडिशा और उसके बाद छत्तीसगढ़ में दाखिल होगा। मौसम वि 28 से 30 अक्टूबर तक आंध्र, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और तमिलनाडु में भारी बारिश जारी रहेगी।*

---

दिल्ली में क्लाउड सीडिंग का पहला परीक्षण

## बुराड़ी के साथ करोल बाग इलाके में कानपुर से आए विमान ने की बारिश



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में क्लाउड सीडिंग का पहला परीक्षण हो गया है। मंगलवार को बुराड़ी और करोल बाग इलाके में कानपुर से आए विमान ने क्लाउड सीडिंग की। अधिकारियों ने बताया कि बुराड़ी और करोल बाग इलाकों सहित दिल्ली के कुछ हिस्सों में क्लाउड-सीडिंग का पहला परीक्षण किया गया है। अब बारिश का इंतजार है।अधिकारियों के अनुसार विमान ने कानपुर से दिल्ली के लिए उड़ान भरी और यह परीक्षण किया। वायु प्रदूषण से निपटने के लिए कृत्रिम वर्षा कराने के उद्देश्य से यह परीक्षण किया गया है। सर्दियों के महीनों में बिगड़ती वायु गुणवत्ता को कम करने की दिल्ली सरकार की व्यापक रणनीति का हिस्सा है। सरकार ने पिछले हफ्ते बुराड़ी के ऊपर एक परीक्षण उड़ान भरी थी। परीक्षण के दौरान कृत्रिम वर्षा कराने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले सिल्वर आयोडाइड और सोडियम क्लोराइड यौगिकों की थोड़ी मात्रा विमान से छोड़ी गई। हालांकि, क्लाउड सीडिंग के लिए आमतौर पर आवश्यक 50 प्रतिशत की तुलना में 20 प्रतिशत से भी कम वायुमंडलीय नमी के कारण, वर्षा नहीं हो सकी।

### 15 मिनट से 4घंटे के भीतर दिल्ली में बारिश: सिरसा



*पर्यावरण मंत्री मंजिंदर सिंह सिरसा ने ट्रायल को लेकर जानकारी देते हुए कहा कि 8 अग्नि फ्लेयर्स छोड़े गए। दिल्ली के आसमान में परीक्षण आधे घंटे तक चला। उन्होंने कहा कि आईआईटी-कानपुर का कहना है कि क्लाउड-सीडिंग परीक्षण के 15 मिनट से 4घंटे के भीतर बारिश हो सकती है। दूसरा परीक्षण बाद में बाहरी दिल्ली में किया गया। अगले कुछ दिनों में 9-10 परीक्षणों की योजना है। उड़ान भरने से पहले पर्यावरण मंत्री मंजिंदर सिंह सिरसा ने कहा था कि कानपुर से खास विमान आते ही यह काम शुरू हो जाएगा। अभी कानपुर में धुंध के कारण दृश्यता 2,000 मीटर है, जैसे ही 5,000 मीटर हो जाएगी, विमान उड़कर दिल्ली आएगा।*

### 'आप' को दी नसीहत

सिरसा ने कहा था कि विमान आते ही परीक्षण हो जाएगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आईटीओ घाट पर उगते सूरज को अर्घ्य दिया था। उनके साथ मंत्री मंजिंदर सिंह सिरसा, कपिल मिश्रा और रविंदर इंद्राज भी थे। सिरसा ने कहा था कि छठ पूजा बहुत धूमधाम से मनाई गई। बीते दिन मुख्यमंत्री ने डूबते सूर्य को प्रणाम किया, आज उगते सूर्य से दिल्ली की तरक्की की दुआ मांगी। उन्होंने आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि आप वाले तीन दिन से नकारात्मक बातें फैला रहे हैं। उन्हें त्योहार में शामिल होना चाहिए था। छठी मइया उन्हें सद्बुद्धि दें। क्लाउड सीडिंग का मकसद यह परीक्षण दिल्ली की गंदी हवा साफ करने के लिए किया जा रहा है। इससे कृत्रिम बारिश होगी, जो प्रदूषण कम करेगी।

---

संघ की गतिविधियां कर्नाटक में बैन

## सिद्धारमैया सरकार को लगा झटका हाईकोर्ट ने आदेश पर लगाई पाबंदी

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु



कर्नाटक उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को झटका देते हुए उसके एक आदेश पर रोक लगा दी है। इस आदेश के तहत कर्नाटक सरकार ने निजी संगठनों को सरकारी परिसरों और सार्वजनिक जगहों, सड़कों आदि पर कोई भी कार्यक्रम आयोजित करने से प्रशासन की मंजूरी लेना अनिवार्य कर दिया था। कर्नाटक सरकार के इस आदेश को संघ की गतिविधियों को राज्य में बाधित करने के तौर पर देखा जा रहा था।

### सरकार का आदेश मौलिक अधिकारों पर प्रतिबंध जैसा

*राज्य सरकार के आदेश के खिलाफ 'पुनश्चैतन्य सेवा समस्थे' नामक संगठन ने याचिका दायर की थी। जस्टिस नागप्रसन्ना की एकल पीठ ने राज्य सरकार के आदेश पर अंतरिम रोक लगाते हुए मामले की सुनवाई 17 नवंबर तक टाल दी है। याचिका दायर करने वाले संगठन की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ वकील अशोक हरनहल्ली ने सुनवाई के दौरान कहा कि राज्य सरकार का आदेश संविधान में दिए गए मौलिक अधिकारों पर प्रतिबंध जैसा है। सरकार का आदेश है कि 10 से ज्यादा लोगों को भी इकट्ठा होने के लिए सरकार की मंजरी लेनी होगी।*

---


अयोध्या राम मंदिर का ध्वज आंधी-तूफान में भी लहराता रहेगा

## 360 डिग्री घूमेगा, 10 हजार मेहमान आमंत्रित

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

यहों भगवान राम का भव्य मंदिर बनकर तैयार हो चुका है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में फिर से बड़ा आयोजन किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 नवंबर को धर्मध्वजा फहराएंगे। ध्वजा बहुत खास है, केसरिया रंग की ध्वजा बहुत विशेष है। ये बड़े से बड़े आंधी-तूफान को झेल जाएगा। इसे कोई नुकसान नहीं होगा। प्रेशर बनने पर धव्जा 360 डिग्री पर घूम सकती है। मंदिर का ध्वज केसरिया रंग की है, जिस पर सूर्य, ओम, कोविदर के चिन्ह बने हुए हैं। राम मंदिर के 161 फीट ऊंचे शिखर पर 42 फीट ऊंचा स्तंभ स्थापित किया गया है. इसी स्तंभ पर 22 फीट लंबी और 11 फीट चौड़ी पताका फहराई जाएगी।

**प्रधानमंत्री मोदी 25 नवंबर को फहराएंगे कपड़े की गुणवत्ता को परखा जा रहा**



### 21 नवंबर से शुरू हो जाएगा कार्यक्रम

*पीएम मोदी राम मंदिर के साथ-साथ आठ अन्य मंदिरों के शिखर पर भी ध्वजारोहण करेंगे। ध्वजारोहण के बाद 70 एकड़ परिसर में बने मंदिरों के दर्शन शुरू हो जाएंगे। ध्वजारोहण कार्यक्रम राम मंदिर के पूर्ण होने का संकेत हैं। ध्वजारोहण कार्यक्रम 21 नवंबर से शुरू हो जाएगा। मुख्य आयोजन 25 नवंबर को होगा। सुबह 10.30 से लेकर दोपहर 12.30 तक कार्यक्रम किया जाएगा। लोग इस दौरान, रामलला के दर्शन नहीं कर पाएंगे।*

### अन्य मंदिरों में भी होगा ध्वजारोहण

*राम मंदिर परिसर के जिन आठ मंदिरों पर ध्वजारोहण होगा, उसमें भगवान शिव, भगवान गणेश, भगवान सूर्य, भगवान हनुमान, मां भगवती, मां अन्नपूर्णा और शेषावतार मंदिर सहित कुल 8 मंदिर शामिल हैं।*

### ध्वजा की टेस्ट रिपोर्ट की कर रहे पड़ताल

*ट्रस्ट ध्वज को विभिन्न एजेंसियों की मदद से तैयार किया जा रहा है। मंगलवार को को भवन निर्माण समिति की बैठक हुई जिसमें टेस्ट रिपोर्ट पेश की गई। इसके आधार पर ही ध्वज के कपड़े का चयन किया जाएगा। 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवा को ध्वज झेल पाए, उसके लिए कपड़े की गुणवत्ता जरूरी है। बैठक में इस पर भी मुहर होगा।*



4 शताब्दी का पर्व, राष्ट्र चेतना का उत्सव

मैट्रो

14 दमोह में पैर धुलवाने को मामले पर ...







## खबर संक्षेप


### गुना हत्याकांड में शामिल दो और आरोपी गिरफ्तार

**गुना।** जिले के चर्चित किसान हत्याकांड में पुलिस ने दो और आरोपियों जितेंद्र नागर और हरीश नागर को गिरफ्तार किया है। इससे पहले मुख्य आरोपी महेंद्र नागर का बड़ा भाई हुकुम नागर भी पुलिस के हत्थे चढ़ चुका है। 14 नामजद आरोपियों में से अब तक तीन गिरफ्तारियां हो चुकी हैं, जबकि महेंद्र नागर अब भी फरार है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने मामले की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं। और मृतक के परिजनों से मुलाकात कर संवेदना जताई है। वहीं, धाकड़ समाज ने आरोपी महेंद्र नागर को समाज के पद से बेदखल कर दिया है। बढ़ते दबाव के बाद भाजपा ने सोमवार को महेंद्र नागर को पार्टी से निष्कासित कर दिया।



### ट्रेन में टीचर की हत्या चेन पुलिंग कर भागा

**जबलपुर।** सतना-जबलपुर के बीच चलती ट्रेन में एक टीचर की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई। आरोपी मामा ससुर था। पति-पत्नी और मामा ससुर एक ही ट्रेन में यात्रा कर रहे थे। इनका सतना फैमिली कोर्ट में तलाक का केस चल रहा है। सुनवाई करके लौट रहे मामा ससुर ने भानेज दामाद से बहस के बाद भरी ट्रेन में करीब 30 से अधिक चाकू मारकर उसे मार डाला। मृतक की पत्नी आरपीएफ में आरक्षक बताई जा रही है।



### फडनवीस की 'पत्नी' का भजन सुन दिग्विजय खुश

**भोपाल।** पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की पत्नी और बैंकर-सिंगर अमृता रानाडे फडणवीस के हाल ही में रिलीज़ हुए भजन की सराहना की है। अमृता द्वारा गाए गए भजन 'कोई बोले राम-राम, कोई खुदा' को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए दिग्विजय सिंह ने उनकी गायकी की तारीफ की है। उन्होंने एक्स हैंडल पर अमृता फडणवीस को धन्यवाद दिया।



**केंद्रीय कर्मियों के लिए महा-खुशखबरी**

*आठवें वेतन आयोग की रूपरेखा तय, आयोग का कार्यकाल 18 महीने का होगा*

# आठवां वेतनमान 1 जनवरी 2026 से लागू होगा 1.19 करोड़ कर्मियों की सैलरी और पेंशन बढ़ेगी

*मान जा रहा है कि आठवें वेतन आयोग की सिफारिशें लागू होने के बाद लोअर डिविजन क्लर्क (एलडीसी) की सैलरी और पेंशनधारकों के पेंशन में बड़ा इजाफा दिख सकता है*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कैबिनेट ने मंगलवार को 8वें वेतन आयोग के तहत विचार होने वाले विषयों को मंजूरी दी। सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। आयोग में एक अध्यक्ष, एक सदस्य (अंशकालिक) और एक सदस्य-सचिव शामिल होंगे। सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि आठवां वेतन आयोग 18 महीने के भीतर सिफारिशें प्रस्तुत करेगा, जो 1 जनवरी 2026 से लागू होने की संभावना है। मंत्री ने बताया कि आयोग की सिफारिशें रक्षा सेवा कर्मियों और लगभग 69 लाख पेंशनभोगियोंसहित लगभग 50 लाख केंद्र सरकार के कर्मचारियों को कवर करेंगी। यानी, करीब 1.19 करोड़ कर्मचारियों को इसका लाभ मिलेगा।

**सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई को आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया**



*आयोग में एक अध्यक्ष, एक सदस्य (अंशकालिक) और एक सदस्य-सचिव शामिल होंगे*

*न्यूनतम बेसिक पेंशन 9000 से बढ़कर 25000 रुपए महीने होने की उम्मीद*

### सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों के बाद क्या बदला था..

**न्यूनतम बेसिक वेतन 7,000 से बढ़ाकर 18,000 किया गया**

सातवां वेतन आयोग फरवरी 2014 में गठित किया गया था, जिसकी अध्यक्षता जस्टिस एके माथुर ने की थी। आयोग की सिफारिशें 1 जनवरी 2016 से लागू की गईं। इसके तहत न्यूनतम बेसिक वेतन 7,000 से बढ़ाकर 18,000 किया गया और फिटमेंट फैक्टर 2.57 गुना तय किया गया था। इसके अलावा ग्रेड पे प्रणाली को हटाकर नया पे मैट्रिक्स सिस्टम लागू किया गया, जिससे वेतन संरचना को सरल और पारदर्शी बनाया गया।

**आठवें वेतन आयोग से कितनी बढ़ सकती है सैलरी...**

### एलडीसी की सैलरी पहुंच जाएगी करीब 60 हजार पर

आठवां वेतन आयोग मुख्य रूप से फिटमेंट फैक्टर और न्यूनतम मूल वेतन पर अपनी सिफारिशें देगा। वर्तमान में न्यूनतम बेसिक वेतन 18,000 से 19,900 के बीच है। इसे बढ़ाकर लगभग 26,000 तक किए जाने की संभावना है। कर्मचारी संघों की मांग और महंगाई के स्तर को देखते हुए यह बढ़ोतरी तय मानी जा रही है। सातवें वेतन आयोग में फिटमेंट फैक्टर 2.57 गुना था। अगर आठवें वेतन आयोग में यह 3.00 से 3.42 गुना तक तय होता है, तो एलडीसी की सैलरी में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी।

**पेंशनधारकों को नए वेतन आयोग से क्या उम्मीद...**

### पेंशन में करीब तीन गुना तक बढ़ोतरी संभव

आठवें वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर पेंशनधारकों को बड़ा लाभ मिल सकता है। अभी 15 साल की नौकरी पूरी करने पर पूरी पेंशन मिलती है, लेकिन इस अवधि को घटाकर 12 साल किया जा सकता है। इसका मतलब है कि कर्मचारी कम अवधि की नौकरी पूरी करने पर ही पेंशन के पात्र बन सकेंगे। इससे नौकरी के बीच में रिटायर होने वाले कर्मचारियों को भी रिटायरमेंट के बाद आर्थिक सुरक्षा मिलेगी।

**दो जगह बस में आग की घटनाएं**

*दिल्ली एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा टला*

## एयर इंडिया की बस में लगी भीषण आग, नजदीक ही खड़ा था विमान



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 पर मंगलवार को एयर इंडिया की ग्राउंड हैंडलिंग सेवा प्रदाता कंपनी की एक बस में अचानक आग लग गई। यह घटना बे नंबर 32 के पास हुई, जो विमान से कुछ ही मीटर की दूरी पर था।

खास बात ये रही कि बस में उस समय कोई यात्री मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। आग लगते ही दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। टर्मिनल-3 दुनिया के सबसे बड़े टर्मिनलों में से एक है। घटना के बाद दिल्ली एयरपोर्ट मैनेजमेंट ने बयान जारी किया है। उन्होंने बताया सभी उड़ानों का संचालन सामान्य है।

**बस में रखे गैस सिलेंडर में ब्लास्ट**

### हाईटेंशन लाइन की चपेट में आई स्लीपर बस, 3 की मौत

**जयपुर।** जयपुर के मनोहरपुर इलाके में एक चलती बस बिजली के हाईटेंशन तारों से टकरा गई। तारों से टकराने के बाद बस में भीषण आग लग गई। इस हादसे में तीन यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 10 से ज्यादा लोग झुलस गए। बस में कुल 65 लोग सवार थे। बस पर आठ सिलेंडर, तीन बाइक और आठ साइकिल रखी हुई थीं। आग लगने के बाद गैस सिलेंडर फटने लगे, जिससे हादसा और ज्यादा गंभीर हो गया। बस में सवार सभी लोग ईंट भट्टे पर मजदूरी करने के लिए जा रहे थे। इससे पहले जैसलमेर में बड़ा बस हादसा हुआ था, जहां जोधपुर जा रही प्राइवेट बस में आग लग गई थी और 21 लोगों की मौत हो गई थी। उस बस को मोडिफाइड कराया गया था। उसके लिए इस्तेमाल फाइबर बेहद ज्वलनशील था।



**महिला शिवपुरी से भिंड लौट रही थी**

## खड़ी बस में कंडक्टर ने रेप किया, बंधक बनाया, गिरफ्तार

*उसका तलाक का केस चल रहा है*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

ग्वालियर रोडवेज बस स्टैंड पर खड़ी एक खाली बस में महिला को बंधक बनाकर बस कंडक्टर ने रेप किया। घटना सोमवार रात 9.30 बजे की बताई जा रही है।

पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट पड़ाव थाने में दर्ज कराई। पुलिस फौरन स्पॉट पर पहुंची और भागने से पहले आरोपी बस कंडक्टर को गिरफ्तार कर लिया है। मेडिकल के बाद पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पीड़िता भिंड की रहने वाली है। पति से तलाक का केस चल रहा है, लेकिन पति कोर्ट नहीं आ रहा।



**दिल्ली और इंदौर से सीधी कनेक्टिविटी**

## रीवा एयरपोर्ट में 72 सीटर विमान का ट्रायल सफल

*अब तक 19 सीटर उड़ान ही चलती थी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रीवा

रीवा एयरपोर्ट पर मंगलवार को पहली बार 72 सीटर विमान ने सफलतापूर्वक लैंडिंग की। इससे पहले एयरपोर्ट पर सिर्फ 19 सीटर विमान ही उड़ान भरते थे। सफल ट्रायल के बाद अब जल्द ही रीवा से दिल्ली, इंदौर और मुंबई के लिए नियमित फ्लाइटें शुरू होंगी। मंगलवार दोपहर एलायंस एयर कंपनी की टेस्ट फ्लाइट जबलपुर से उड़ान भरकर रीवा एयरपोर्ट पहुंची। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया और एलायंस एयर के इंजीनियर्स की टीम ने रनवे, सुरक्षा, और टेकऑफ पैरामीटर्स की जांच की।



## चार दिवसीय महापर्व का व्रत का पारण कर समापन



**उदित होते सूर्य को दूध और जल से अर्घ्य देकर व्रत खोला, फिर घाटों को किया साफ**

***भोपाल।*** *उगा उगा हो सुरुज देवा, भइल अरगा के केल आदि भोजपुरी भजनों व गीतों को गाते हुर भोजपुरी व पूर्वांचल समाज के लोगों ने छठ पर मंगलवार को उदित होते सूर्यदेव को अर्घ्य दिया। इसी के साथ चार दिवसीय महापर्व का व्रत का पारण कर समापन किया गया। खास बात यह है कि भोजपुरी समाज के लोगों ने इस मौके पर स्वच्छता का संदेश देते हुए। शीतलदास की बगिया घाट व सरस्वती मंदिर मैदान पर पूर्व के समापन पर श्रमदान कर साफ-सफाई की। भोजपुरी समाज के लोगों मंगलवार को अल सुबह करीब 4 बजे से एकत्रित होने लगे थे।*

**आधा दर्जन जिलों में दिन-रात के तापमान में औसतन तीन डिग्री का अंतर रह गया**

*बारिश के साथ उत्तरी हवाओं का असर, दो दिन से पारा खा रहा 5-6 डिग्री का गोता*

## पारा लगातार ले रहा यू-टर्न...पहले भोपाल सहित आधा दर्जन जिलों में पारा 6 डिग्री तक बढ़ा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित अधिकांश जिलों में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन मौसम बदला रहा। कई जिलों में बारिश और बदली हवाओं के बीच दो दिन से तापमान में औसतन 6 डिग्री तक की घट-बढ़ हो रही है। मंगलवार को बारिश के बाद कुछ घंटे उत्तर से आई सर्द हवाओं से ग्वालियर और श्योपुर में दिन का पारा क्रमशः 2 और 4 डिग्री गिरकर सामान्य से 13.3 डिग्री तक नीचे पहुंच गया। यहां अधिकतम तापमान 20 डिग्री तक रहा, जबकि रात का पारा 19 डिग्री पर होने से दिन-रात के पारे में मात्र एक डिग्री का अंतर रह गया। भोपाल, दतिया, गुना और शिवपुरी में पारा 5 से 6 डिग्री तक गिरा है। भोपाल में पारा 5 डिग्री गिरकर 25.4 डिग्री रहा, जो सामान्य से 6.2 डिग्री कम है, जबकि रात का पारा 20.8 डिग्री रहा। सोमवार को भोपाल सहित आधा दर्जन जिलों में पारा 6 डिग्री तक बढ़ा था जिसने मंगलवार को यूटर्न ले लिया।



निशातपुरा क्षेत्र का दृश्य, सुबह 10:30 बजे

**आज यहां तेज बारिश**

बुधवार तक बैतूल, बुरहानपुर, मुरैना, श्योपुरकलां, अनुपपुर, डिंडोरी, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पांढुर्णा आदि जिलों में तेज बारिश होगी। भोपाल सहित मध्य और उत्तरी हिस्से में बादल, बौछारें और कुछ जगह हल्की बारिश होगी।

### यहां बारिश से फसलें खराब

सोमवार रात से मंगलवार शाम तक नर्मदापुरम, जबलपुर, इंदौर, सागर, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल, रीवा संभागों के जिलों में बारिश हुई। भोपाल संभाग के रायसेन और राजगढ़ में भी वर्षा दर्ज की गई है। इससे तापमान में कमी रही। हवाओं में ठंडक घुली रही। मुरैना, डिंडोरी में खेतों में धान की फसल खराब हो गई है। यहां मसूर और चने के खेतों में भी पानी भर गया है। उज्जैन के बडनगर में खेतों में पानी भर गया। भोपाल-इंदौर में पूरे दिन बादल छाए रहे।





SBI

भारतीय स्टेट बैंक

केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई

ई-मेल: crpd@sbi.co.in

आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

**संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की नियुक्ति**

संविदा आधार पर निम्नलिखित पदों के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/15

| पद का नाम | रिक्ति |
|---|---|
| प्रमुख (उत्पाद, निवेश और अनुसंधान) | 01 |
| जोनल प्रमुख | 04 |
| क्षेत्रीय प्रमुख | 07 |
| आरएम - टीम प्रमुख | 19 |
| निवेश विशेषज्ञ | 22 |
| निवेश अधिकारी | 46 |
| परियोजना विकास प्रबंधक (व्यवसाय) | 02 |
| केंद्रीय अनुसंधान दल (सहायता) | 02 |

पात्रता मानदंड (आयु, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, जॉब प्रोफाइल आदि), रिक्ति विवरण, आवश्यक शुल्क एवं अन्य विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings पर लॉग ऑन करें, जहां उपरोक्त विस्तृत विज्ञापन उपलब्ध है. इसके साथ आवेदन को ऑनलाइन जमा करने और साथ ही साथ आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने हेतु एक लिंक भी दी गई है. आवेदन करने और शुल्क भेजने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करने एवं अन्य विवरणों के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ें. कोई अन्य पूछताछ करने के लिए कृपया "CONTACT US" → "Post Your Query" लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो कि बैंक की वेबसाइट (https://sbi.bank.in/web/careers/post-your-query) पर उपलब्ध है.

- आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 27.10.2025 से 17.11.2025 तक.

स्थान: मुंबई

दिनांक: 27.10.2025

महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)

## चिंतन

# मोदी सरकार ने कर्मचारियों के हित में लिया बड़ा फैसला

सरकारी कर्मचारी समाज और सरकार के लिए बहुत ज़रूरी हैं, क्योंकि वे सार्वजनिक सेवाएं प्रदान करते हैं, जो समाज के सुचारू कामकाज के लिए आवश्यक हैं। वे शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, कानून व्यवस्था और बुनियादी ढांचे जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान करके देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। सरकारी कर्मचारी ही देश में कानून और व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिससे समाज में स्थिरता और सुरक्षा बनी रहती है। वे सरकार की नीतियों और विकास योजनाओं को ज़मीनी स्तर पर लागू करते हैं, जिससे समाज के हर वर्ग को इसका लाभ मिल सके। कर्मचारी सरकारी विभागों, संस्थानों और सार्वजनिक उपक्रमों के माध्यम से रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देकर अर्थव्यवस्था में योगदान करते हैं। ऐसे में सरकार का भी दायित्व बनता है कि समय-समय पर कर्मचारियों के हितों और उनकी जरूरतों को पूर्ण किया जाए। ऐसा ही कदम केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने मंगलवार को उठाया है। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट ने 8वें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दी है। यह आयोग केंद्रीय कर्मचारियों के वेतन, भत्ते, पेंशन और अन्य लाभों की समीक्षा करेगा और उसी के आधार पर सैलरी में बढ़ोतरी की सिफारिश करेगा। आयोग को अपनी रिपोर्ट साल 2026 तक सौंपनी होगी। आमतौर पर वेतन आयोग का गठन हर दस साल में किया जाता है। पिछला यानी 7वां वेतन आयोग 2014 में बना था और इसकी सिफारिशें 2016 में लागू की गई थीं। केंद्र सरकार द्वारा गठित वेतन आयोग एक उच्चस्तरीय विशेषज्ञ समिति होती है, जिसका उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों के वेतन और भत्तों की समीक्षा कर उन्हें वर्तमान आर्थिक परिस्थितियों के अनुसार न्यायोचित बनाना होता है। यह आयोग सुनिश्चित करता है कि कर्मचारियों को ऐसा वेतन मिले, जिससे वे सम्मानजनक जीवन जी सकें। इसके अलावा यह पेंशन, महंगाई भत्ता, चिकित्सा और आवास जैसी सुविधाओं से जुड़ी नीतियों में सुधार की सिफारिशें भी करता है। वेतन आयोग का गठन सामान्यतः हर 10 वर्ष में एक बार किया जाता है। हालांकि, यह कोई अनिवार्य नियम नहीं है। सरकार आर्थिक स्थिति, महंगाई और राजकोषीय जरूरतों को देखते हुए इसे पहले या बाद में भी गठित करती रही है। वेतन आयोग का लाभ केवल उन्हीं कर्मचारियों को मिलता है, जिन्हें केंद्र सरकार के कंसोलिडेटेड फंड से वेतन प्राप्त होता है। यानी, केंद्रीय सिविल सेवाओं के सभी अधिकारी और कर्मचारी इसके दायरे में आते हैं। इसके बाद राज्य सरकारें भी अपने कर्मचारियों के लिए केंद्र की तर्ज पर ही वेतन संशोधन का कार्य करती हैं। वेतन आयोग देखता है कि पिछले वर्षों में महंगाई दर कितनी बढ़ी है और इसका कर्मचारियों की जीवनशैली पर क्या असर पड़ा है। महंगाई बढ़ने पर आयोग वेतन वृद्धि का अनुपात उसी अनुसार तय करता है। आयोग यह भी देखता है कि कर्मचारियों की उत्पादकता और कार्यकुशलता में कितना सुधार आया है। यदि प्रदर्शन बेहतर है, तो सिफारिशों में इसका असर दिखाई देता है। आयोग निजी क्षेत्र में मिलने वाले वेतन का भी अध्ययन करता है, ताकि सरकारी और निजी कर्मचारियों के बीच अत्यधिक असमानता न रहे। इसका देश की अर्थव्यवस्था पर भी खासा प्रभाव पड़ता है। जब कर्मचारियों की जेब में पैसा होता है तो बाजार में खरीददारी ज्यादा होती है। इससे अर्थव्यवस्था को भी लाभ होता है। उम्मीद की जानी चाहिए कि इस बार भी वेतन आयोग की रिपोर्ट के बाद कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले होने वाली है।

# शताब्दी का पर्व, राष्ट्र चेतना का उत्सव



**आरएसएस के सौ वर्ष**
कैप्टन अभिमन्यु

> संघ की शताब्दी केवल एक इतिहास नहीं, बल्कि एक सतत चलने वाली साधना है। यह देश और समाज प्रेम की भावना को कूट-कूट कर भरती है। संघ की यह यात्रा हर भारतवासी को प्रेरित करती है कि वह अपने जीवन में सेवा, अनुशासन और समर्पण के आदर्शों को अपनाए। यही मूल मंत्र भारत को विश्वगुरु बनाएगा और दुनिया में भारत की पताका फहराएगी। इसके लिए संघ के स्वयंसेवक हमेशा तत्पर हैं और भारत जैसे विशाल देश को आत्मनिर्भर, मजबूत और सशक्त बनाने की भावना के साथ लगातार तत्परता से काम कर रहे हैं। "चरैवेति चरैवेति" यही संघ का मूल मंत्र है। निरंतर कर्म, निरंतर सेवा, और निरंतर राष्ट्र के प्रति समर्पण यही भारत की शक्ति है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होना सम्पूर्ण राष्ट्र के लिए गर्व और गौरव का विषय है। यह केवल एक संगठन की शताब्दी नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति, संगठन, सेवा, संस्कृति और संस्कारों की सौ वर्षीय साधना का उत्सव है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना 27 सितंबर, 1925 को डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने विजयादशमी के दिन नागपुर में की थी। डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा प्रज्वलित वह दीप आज करोड़ों स्वयंसेवकों के जीवन में त्याग, अनुशासन और समर्पण का आलोक बन चुका है। संघ की शताब्दी केवल एक इतिहास नहीं, बल्कि एक सतत चलने वाली साधना है। जो पीढ़ी दर पीढ़ी में राष्ट्र-प्रेम, भाईचारे और समाज सेवा की भावना का संचार करती है। यह देश और समाज प्रेम की भावना को कूट-कूट कर भरती है।

संघ से प्रेरित हर शख्स देश, समाज और राष्ट्र सेवा के लिए हमेशा तैयार रहता है। संघ के स्वयंसेवक देश और समाज के लिए हमेशा सजग रहते हैं। परिस्थितियां चाहें कैसी भी हो, संघ के स्वयंसेवक देशप्रेम की भावना से कभी विमुख नहीं होते। देश के लिए हमेशा कुछ कर गुजरने का जज्बा इनमें देखते ही बनता है। निरंतर कर्म का शाश्वत संदेश संघ की यात्रा हमारे ऋषि-मुनियों की उस अमर वाणी का स्मरण कराती है।"चरैवेति... चरैवेति...", अर्थात रुकना नहीं, थकना नहीं, हारना नहीं। यही सतत कर्म और निस्वार्थ सेवा का भाव संघ की आत्मा है। संघ के स्वयंसेवक इस भावना को अपने जीवन का हिस्सा बनाकर समाज के प्रत्येक वर्ग तक राष्ट्र सेवा का प्रकाश पहुंचा रहे हैं। यह वही भाव है, जिसने हर कठिन परिस्थिति में संघ को और अधिक सशक्त बनाया है। चाहे देश का विभाजन काल हो, प्राकृतिक आपदाएं हों या समाज के भीतर फैला विषमता का अंधकार, स्वयंसेवक सदैव राष्ट्रसेवा में अग्रणी रहे हैं। उनमें समाज सेवा के लिए किसी भी हद जक जाने का जज्बा हमेशा विद्यमान रहा है। जो उनकी सेवा और समर्पण को दर्शाता है। यह सौ साल यानी वर्ष 1925 से चली आ रही परंपरा आज भी निर्बाध गति से जारी है। यह एक साधना है। इसमे तपकर निकले सेवकों ने हमेशा देश और समाज का मान बढ़ाया है। दुनिया में देश की पताका फहराने का काम किया है। यही हिम्मत और जोश इन्हें आमजन से अलग बनाता है। सेवा, संगठन और संस्कार की अद्भुत त्रिवेणी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पिछले सौ वर्षों में समाज जीवन के हर क्षेत्र में सृजनात्मक भूमिका निभाई है। संघ की प्रेरणा से देशभर में हजारों सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक संगठन कार्यरत हैं। जो समाज में महती भूमिका निभा रहे हैं। विद्या भारती ने संस्कारयुक्त और राष्ट्रनिष्ठ शिक्षा प्रणाली को जन-जन तक पहुंचाया। इससे हजारों युवा शिक्षा ग्रहण कर अपने जीवन को सफल बना चुके हैं। आज भी बच्चे और युवा संघ के स्कूलों में शिक्षा ग्रहण कर समाज और देश सेवा के लिए आगे आ रहे हैं। सेवा भारती ने निर्धन, वंचित और आपदा-ग्रस्त लोगों के जीवन में आशा की किरण जगाई। इसके जरिये समाज के गरीब और वंचित तबके को आगे लाकर मुख्यधारा में जोड़ने का काम किया जा रहा है। इसके लिए संघ सेवक हमेशा तैयार हैं और हर लड़ाई लड़ने के लिए सज हैं। ग्रामोदय अभियान और एकात्म मानव दर्शन पर आधारित कार्यों ने स्वावलंबी



भारत की नींव रखी। इसके जरिये ग्रामीण क्षेत्रों को विकास की धारा से जोड़ने के लिए सभी संभव प्रयास किए गए हैं। कहा जाता है शहर के विकास का रास्ता गांवों से ही होकर गुजरता है। आरएसएस ने इस भावना को और आगे बढ़ाया और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए ग्रामोदय अभियान शुरू किया और गांवों के विकास के पथ पर आगे बढ़ाया। राष्ट्र सेविका समिति ने मातृशक्ति को संगठन और नेतृत्व के केंद्र में स्थापित किया। इसका उद्देश्य महिलाओं को शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक रूप से सशक्त बनाना और उन्हें राष्ट्र निर्माण में शामिल करना है। "संघ का प्रत्येक स्वयंसेवक यह मानता है कि संगठन की शक्ति ही राष्ट्र की शक्ति है। जब समाज संगठित होता है, तब राष्ट्र सशक्त होता है।" इसलिए नारी सशक्तिकरण भी बेहद जरूरी है। इसी भावना को देखते हुए राष्ट्र सेविका समिति लगातार महिलाओं को मजबूत एवं आत्मनिर्भर बनाने का काम कर रही है। आज भारत "वसुधैव कुटुम्बकम" के मंत्र के साथ विश्व मंच पर अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इस विचार की जड़ें संघ के संस्कारों में गहराई तक विद्यमान हैं। संघ ने विश्व भर में भारतीय संस्कृति, परिवार मूल्यों और सामाजिक एकता का संदेश पहुंचाया है। विदेशों में भी हजारों स्वयंसेवक भारतीय जीवन-दृष्टि के प्रचारक बनकर "भारत की आत्मा" को जीवित रखे हुए हैं। यह वही विचारधारा है जो कहती है कि "हम सब एक परिवार हैं, हमारा सुख और दुःख समाज के सुख-दुःख से जुड़ा है।" यही भावना विश्व पटल पर भारतीय दृष्टि की पहचान है। इसी धारणा को लेकर संघ ने दुनिया में भारत का नाम चमकाया है। अपनी संस्कृति से दुनिया को अवगत करवाया और देश में सामाजिक मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया। इससे एकता और भाईचारे की भावना बढ़ी और लोगों में एक दूसरे पर विश्वास कायम हुआ। अब जब भारत "अमृत काल" में प्रवेश कर चुका है, तब संघ की भूमिका और भी व्यापक होती जा रही है। अब जिम्मेदारियां और बड़ी हैं। इनको समय पर पूरा करना और देश को आत्मनिर्भरता की ओर ले जाना जैसी चुनौतियों को समय पर पूरा करना होगा। तभी अमृतकाल का यह समय सार्थक होगा और हर भारतीय गर्व से कह सकेगा की मैं अब आत्मनिर्भर हूं। अब संघ का उद्देश्य केवल संगठन निर्माण ही नहीं है, बल्कि एक सशक्त, आत्मनिर्भर और संस्कारित भारत का निर्माण करना है। संघ का संकल्प है कि आने वाले सौ वर्षों में भारत को पुनः विश्वगुरु के रूप में प्रतिष्ठित किया जाए और भारत दुनिया में अग्रणी भूमिका निभाए। इसके लिए संघ लगातार दृढ़ता के साथ काम कर रहा और आगे बढ़ रहा है। संघ के स्वयंसेवक देश के हर कोने में यह संदेश लेकर आगे बढ़ रहे हैं कि सेवा ही धर्म है। राष्ट्र ही सर्वोपरि है और संगठन ही शक्ति है।

यह एक सतत साधना का शतक है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शताब्दी केवल बीते सौ वर्षों का स्मरण नहीं, बल्कि आने वाले सौ वर्षों का संकल्प भी है। यह उस जीवन दृष्टि का उत्सव है, जिसमें व्यक्ति का जीवन समाज और राष्ट्र के लिए समर्पित होता है। संघ की यह यात्रा हर भारतवासी को प्रेरित करती है कि वह अपने जीवन में सेवा, अनुशासन और समर्पण के आदर्शों को अपनाए। यही मार्ग भारत को सशक्त, समरस और आत्मनिर्भर बनाएगा। इसके लिए संघ के स्वयंसेवक हमेशा तत्पर हैं और भारत जैसे विशाल देश को आत्मनिर्भर, मजबूत और सशक्त बनाने की भावना के साथ लगातार तत्परता से काम कर रहे हैं। यही मूल मंत्र भारत को विश्वगुरु बनाएगा और दुनिया में भारत की पताका फहराएगी। "चरैवेति चरैवेति" यही संघ का मूल मंत्र है। निरंतर कर्म, निरंतर सेवा, और निरंतर राष्ट्र के प्रति समर्पण यही भारत की शक्ति है।

(लेखक पूर्व वित्त मंत्री, हरियाणा एवं सामाजिक चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## दो टूक
उमेश चतुर्वेदी



# वीजा नियमों के उल्लंघन की छूट किसी को नहीं


दीपावली के अगले दिन यानी 21 अक्टूबर की सुबह भारत के अखबार दिल्ली समेत समूचे उत्तर भारत की दमघोटूं जहरीली हवा की खबरों से भरे हुए थे। उन्हीं खबरों के बीच एक छोटा-सा समाचार अखबारों के पन्नों के बीच खो गया था। खबर यह थी कि लंदन में रह रही इतालवी मूल की हिंदी विद्वान फ्रांचेस्का ओरसिनी को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से ही हांगकांग वापस भेज दिया गया। भारतीय मनीषा के बीच फ्रांचेस्का का नाम उनके हिंदी और उर्दू अध्ययन के लिए जाना-पहचाना है। लिहाजा इस समाचार को हिंदी का बौद्धिक समाज ले उड़ा। वामपंथ वर्चस्व वाले भारत के बौद्धिक समाज के लिए यह समाचार अहर्निश रूदन की अगली कड़ी साबित हुआ। सोशल मीडिया का हर मंच ओरसिनी की वापसी को लेकर सरकार पर हमलों से भर उठा। एक कहावत है, कौवा कान ले उड़ा। हिंदी के बौद्धिक समाज की हालत भी कुछ वैसी ही है। साहित्य की चाहे जितनी भी किताबें वह पढ़ ले, लेकिन ज्ञान के दूसरे अनुशासनों में उसकी वैसी गति नहीं है। दिलचस्प यह है कि हिंदी का समाज इन दिनों शोध से भी उफन रहा है, लेकिन किसी ने यह जानने की कोशिश नहीं कि आखिर ओरसिनी को अधिकारियों ने क्यों हवाई अड्डे से ही वापस भेज दिया। भारत सरकार के अधिकारियों की भी गलती रही कि उन्होंने ओरसिनी को वापस भेजने की नैरेटिव केंद्रित हो चुके भारतीय समाज के लिए संभावित गंभीरता को नहीं समझा। उन्हें तत्काल इसकी जानकारी देनी चाहिए कि भारत विद् के तौर पर विख्यात ओरसिनी को वापस क्यों भेजा।

हिंदी के बौद्धिक समाज के कुछ कूपमंडूक टाइप लोगों की नजर में ओरसिनी की वापसी केंद्र सरकार के डर को जाहिर करता है। कुछ ने तो उनके हिंदी और उर्दू के तुलनात्मक अध्ययन को भी इसका कारण मान लिया। अधिकारियों का ओरसिनी को वापस भेजते वक्त इन तथ्यों की ओर ध्यान गया या नहीं, लेकिन हिंदी का बौद्धिक समाज तरह-तरह की बातें बताने लगा। उसकी नजर में चूंकि ओरसिनी उर्दू और हिंदी के बीच जिस तरह के संबंधों की व्याख्या करती हैं, इसलिए वह मौजूदा कथित हिंदुत्ववादी सरकार को परेशानी है। किसी ने यह जानने की कोशिश नहीं कि वीजा को लेकर राष्ट्रों के कैसे-कैसे नियम हैं। जरा दूसरे देशों में वीजा नियमों का उल्लंघन करके देखिए, लोकतंत्र का परचम फहराने और दुनिया को लोकतंत्र की ताकीद करने वाले देश अमेरिका हो या ब्रिटेन या ऑस्ट्रेलिया या फिर यूरोप के दूसरे देश, आपने वीजा नियमों का उल्लंघन किया नहीं कि आपको वहां से दर-बदर कर दिया जाएगा। इस्लामी और तानाशाही शासन व्यवस्था वाले देशों की बात तो इससे भी आगे है। इसमें दो राय नहीं है कि 'द हिंदी पब्लिक स्फेयर, 1920-1940' और 'प्रिंट एंड प्लेजर' ओरसिनी की बहुचर्चित और गंभीर पुस्तकें हैं। द हिंदी पब्लिक स्फेयर उनकी सबसे प्रसिद्ध पुस्तकों में से एक है, जो आधुनिक भारतीय साहित्यिक अध्ययन में मील का पत्थर मानी जाती है। 1920 से 1940 के बीच हिंदी किस तरह भारत के विकसित हो रहे राष्ट्रवाद और उसके समाज के मूल्यों को स्थापित करने का वाहक बन रही थी, इस पुस्तक में इसकी गहन मीमांसा है। इसी तरह उन्होंने प्रिंट एंड प्लेज़र नामक पुस्तक में औपनिवेशिक काल के उत्तरी भारत में हिंदी और उर्दू के वाणिज्यिक प्रकाशनों का विश्लेषण किया है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वे वीजा नियमों का उल्लंघन करें। वे भारत की नागरिक नहीं हैं।

लंदन विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ ओरिएंटल स्टडीज की प्रोफेसर ओरसिनी भले ही जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय में पढ़ी हैं, भले ही हिंदी पर उनका अधिकार है। इसका मतलब यह नहीं है कि भारतीय कानूनों का उल्लंघन करें। बेशक उनके पास भारत का पांच साल का पर्यटक वीजा है। लेकिन भारत सरकार के विदेश मंत्रालय और गृहमंत्रालय की नजरों में उन्होंने वीजा नियमों का उल्लंघन किया है। वह पर्यटक वीजा पर भारत आती रहीं, लेकिन शोध और अध्ययन में शामिल रहीं। भारत के अधिकारियों ने जब उनकी गतिविधियों की समीक्षा की तो उन्हें वीजा नियमों का उनके द्वारा उल्लंघन की बात सामने आई। लिहाजा बीते मार्च में उन्हें ब्लैक लिस्टेड घोषित कर दिया। हिंदी के कुछ बौद्धिकों को भारत सरकार की इस कार्रवाई से शर्म आ रही है। राष्ट्रीय सुरक्षा और नियमों के उल्लंघन को लेकर अधिकारियों को जरूरी कदम उठाने का पूरा अधिकार है। ओरसिनी के मामले को इन्हीं संदर्भों में देखा और परखा जाना चाहिए। जिन्हें हांगकांग वापस भेज दिया, इसलिए कि वे हांगकांग से ही भारत आई थीं।

(ये उनके अपने विचार हैं।)


## बहुत-सी परेशानियों का कारण हमारा मोह



संकलित
**दर्शन**

श्रीरामचरितमानस और अन्य ग्रंथों का जीवन में महत्व समझें। आप कह सकते हैं कि भागदौड़ भरे जीवन में ग्रंथ पढ़ने का समय कहां से निकाले? मैं कहता हूं कि आज के इस दौर में तो इंटरनेट के जरिए भी बहुत से ग्रंथ पढ़ कर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया जा सकता है। ये ग्रंथ हमारे गुरु हैं। कलिकाल में समस्याओं के समाधान का एक बड़ा साधन और उपाय हरि नाम है। स्वयं भगवान शिव राम नाम जपते हैं। राम परम तत्व हैं। हमारी बहुत सी परेशानियों का कारण हमारा मोह है। मोह रूपी रावण को राम ने मारा था। हमारे भीतर महामोह का महिषासुर बैठा है। महिषासुर का वध राम ने नहीं, मां काली ने किया था। इसे मारने के लिए हम राम कथा का सहारा लें। राम कथा एक ओर जहां काली के रूप में कराल है, तो वहीं चंद्रमा की किरणों की तरह उसमें कोमलता-शीतलता भी है। प्रसन्न रहना है तो प्रत्येक व्यक्ति पर, प्रत्येक बात और प्रत्येक परिस्थिति पर संदेह करने की आदत छोड़नी होगी। एक समय सती ने शिव की बातों का विश्वास नहीं किया और भगवान की परीक्षा लेने लगीं। इस कारण अंत में उन्हें शिव वियोग का सामना करना पड़ा। शंकर विश्वास हैं। भक्ति में संशय का कोई स्थान नहीं। विश्वास जीवन है, संशय हमें नाश तक ले जाता है। एक बात और, किसी भी विपरीत परिस्थिति या किसी भी कठिनाई को विपत्ति मत समझें। श्रीरामचरितमानस की प्रसिद्ध पंक्ति है- कह हनुमंत बिपति प्रभु सोई। जब तव सुमिरन भजन न होई।।

## योजना बनाकर किए काम में मिलती है सफलता



संकलित
**प्रेरणा**

रामायण में देवी सीता का हरण हो गया था। श्रीराम और लक्ष्मण सीता को खोज रहे थे। राम-लक्ष्मण उस जंगल में पहुंच गए, जहां सुग्रीव बाली की डर से छिपे हुए थे। सुग्रीव के साथ ही हनुमान जी भी थे। सुग्रीव ने दो राजकुमारों को देखा तो वे डर गए। सुग्रीव ने सोचा कि बाली ने मुझे मारने के लिए इन्हें यहां भेजा है। सुग्रीव ने हनुमान जी से कहा कि आप देखिए वहां दो राजकुमार दिख रहे हैं, वहां जाकर मालूम करो कि कहीं ये हमारे शत्रु तो नहीं हैं। अगर वे शत्रु हैं तो वहीं से इशारा कर देना, हम यहां से कहीं और भाग जाएंगे। अगर वे मित्र हैं तो वहीं से इशारा करना, हम यहीं रुक जाएंगे। हनुमान जी सुग्रीव की आज्ञा पाते ही उन दोनों राजकुमारों के सामने पहुंच गए। हनुमान जी वेष बदलकर गए थे। हनुमान जी ने बुद्धिमानी का उपयोग करते हुए अपना सही परिचय बताए बिना राम-लक्ष्मण की परख की। जब हनुमान जी को मालूम हुआ कि ये राम-लक्ष्मण हैं तो वे अपने असली रूप में आ गए और सुग्रीव को इशारा कर दिया कि ये हमारे शत्रु नहीं हैं। हनुमान जी ने राम-लक्ष्मण से कहा कि आप मेरे राजा सुग्रीव के पास चलिए और उनसे मित्रता कर लीजिए। हनुमान जी राम-लक्ष्मण को लेकर सुग्रीव के पास पहुंचे और इनकी मित्रता कराई। हनुमान जी समझ गए थे कि इन दोनों की समस्याएं एक-दूसरे की मदद से हल हो सकती हैं। इस मित्रता के बाद श्रीराम ने बाली वध किया और सुग्रीव को राजा बना दिया। इसके बाद सुग्रीव ने अपनी पूरी वानर सेना सीता की खोज में लगा दी। वानर सेना ने रावण से युद्ध में भी श्रीराम का साथ दिया था।

## सटाका




## आज की पाती

### पराली का हो उचित प्रयोग

पराली को जलाना वायु को तो प्रदूषित करती ही है, साथ ही खेतों की उपजाऊ क्षमता को भी कम करती है। किसानों को यह समझना और समझाना जरूरी है कि अगर वो पराली को ऐसे ही जलाते रहेंगे तो उनके खेत बंजर भी हो सकते हैं। अमेरिका की आयोवा स्टेट यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉन हॉफस्ट्रैंड के अनुसार हम जिस पराली को परेशानी समझ रहे हैं, वह ऊर्जा का बेशकीमती स्रोत है। धान, मक्का, गेहूं जैसी फसलों के अवशेष का इस्तेमाल फाइबर बोर्ड और कागज बनाने में किया जा सकता है। अगर पेपर इंडस्ट्री में इसका इस्तेमाल हो तो कागज बनाने के लिए जरूरी फाइबर का लगभग चालीस फीसदी हिस्सा फसलों के अवशेष से मिल सकता है। इस तरह पराली का सही उपयोग सुनिश्चित बनाना होगा। – *महेश सराफ, राजनांदगांव*

## करंट अफेयर

# द. अफ्रीका तीन साल बाद 'ग्रे सूची' से बाहर निकला

दक्षिण अफ्रीका को करीब तीन साल बाद वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) की संदिग्ध (ग्रे) सूची से बाहर निकलने में सफलता मिली है। वैश्विक धन शोधन और आतंकवादी वित्तपोषण निगरानी संस्था ने पिछले सप्ताह पेरिस में अपनी तीन दिवसीय पूर्ण बैठक के समापन के बाद इस निर्णय की घोषणा की। एफएटीएफ की संदिग्ध सूची में शामिल देशों पर कड़ी निगरानी रखी जाती है और ऐसे देशों को धन शोधन, आतंकवादी वित्तपोषण आदि का मुकाबला करने के लिए रणनीतिक कमियों को दूर करना होता है। दक्षिण अफ्रीका के वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'गत 32 महीनों में, दक्षिण अफ्रीका ने कार्य योजना की प्रगति का आकलन करने के लिए एफएटीएफ द्वारा नियुक्त समीक्षकों की एक टीम के साथ काम किया है।' बयान के मुताबिक, 'इस सहयोग की वजह से जुलाई 2025 के अंत में समीक्षकों ने मौके का मुआयना किया। इस दौरान समीक्षक सुधारों की स्थिरता की पुष्टि करने के लिए यहां आए और उनके द्वारा तैयार रिपोर्ट एफएटीएफ के समक्ष प्रस्तुत की गई।' बयान में कहा गया कि एफएटीएफ को आश्वासन दिया गया कि सरकार धन शोधन निरोधक और आतंकवाद के वित्तपोषण का मुकाबला करने (एएमएल/सीएफटी) वाली प्रणाली में स्थायी सुधार के लिए प्रतिबद्धता है।




## ऑफ बीट

# 'चैटजीपीटी एटलस' से इंटरनेट ब्राउजिंग का नया दौर होगा शुरू

ओपनएआई ने पिछले सप्ताह 'चैटजीपीटी एटलस' नामक वेब ब्राउज़र पेश किया जिसे इंटरनेट के साथ हमारी बातचीत के तरीके को पूरी तरह बदलने वाला कदम बताया जा रहा है। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सैम ऑल्टमैन ने इसे "दशक में एक बार मिलने वाला अवसर" बताते हुए कहा कि यह लोगों के इंटरनेट उपयोग के अनुभव को नए सिरे से परिभाषित करेगा। एटलस को इस तरह से तैयार किया गया है कि यह उपयोगकर्ता के साथ हर वेबसाइट पर सक्रिय रहे, उनकी पसंद याद रखे, लेखों का सारांश दे और फ्लाइट बुक करने या किराने का सामान ऑर्डर करने जैसे कार्य तक स्वचालित रूप से पूरा करे। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि इस अत्याधुनिक तकनीक के पीछे गंभीर सुरक्षा और गोपनीयता संबंधी खतरे छिपे हैं, जिनसे आम उपयोगकर्ता निपटने के लिए तैयार नहीं हैं। 'एजेंट मोड' : सुविधा के साथ जोखिम एटलस की सबसे बड़ी खासियत इसका "एजेंट मोड" है, जो चैटजीपीटी को उपयोगकर्ता की ओर से वेब पर अर्ध-स्वायत्त रूप से कार्य करने की अनुमति देता है। उदाहरण के लिए, यदि कोई उपयोगकर्ता कहे "मेरे पास के किसी कॉकटेल बार में टेबल बुक करो", तो यह सुविधा न केवल विकल्प ढूंढेगी, बल्कि स्वत: बुकिंग करने का प्रयास भी करेगी।




## ट्रेंड

### राष्ट्र निर्माण में योगदान



विकसित भारत युवा नेता संवाद 2.0 हमारे युवाओं के लिए राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का एक शानदार अवसर है। हमारे युवाओं के विचार और अंतर्दृष्टि, विकसित भारत के निर्माण का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### महाझूठ का पुलिंदा



महागठबंधन का घोषणापत्र "महाझूठ का पुलिंदा" है। बिहार की जनता को गुमराह करने, धोखा देने और भ्रष्टाचार व जंगलराज को वापस लाने की साजिश! जनता ने पहले ही इनके हर झूठे वादे को नकार दिया है।

- केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र

### आदिवासियों की आवाज



खुद को आदिवासियों की हितैषी बताने वाली हेमंत सरकार अब उन्हीं की आवाज़ को दबाने के लिए बर्बरता पर उतर आई है। अपनी मांगों के लिए ने स्थानीय विधायक के आवास पर जाने की कोशिश की, तो उन्हें रोकने के लिए धारा 144 लागू कर दी।

-बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड

### एसआईआर प्रक्रिया



करीब 20 साल पहले भी एसआईआर प्रक्रिया हुई, तब कोई विरोध नहीं हुआ। अब चुनाव आयोग ने ही ऐसा माहौल बना दिया जिससे आमजन के मन में शक पैदा हुआ है। एसआईआर से जनता के मन में मताधिकार छीनने की आशंका पनप गई है।

-अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

**आठ साल से अलग रह रहे थे फिर पत्नी तलाक देने को नहीं थी तैयार**

# अधिकारी पत्नी व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पति के तलाक को मंजूरी, पति पर शराब के लत के झूठे आरोप मानसिक क्रूरता: हाईकोर्ट

**जबलपुर। मानसिक क्रूरता की अभिव्यक्ति स्थिर नहीं होती है और मानवीय व्यवहार के आधार पर क्रूरता के नए उदाहरण सामने आ सकते हैं। इस टिप्पणी के साथ मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने अधिकारी पत्नी द्वारा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पति पर शराब की लत के झूठे आरोपों को मानसिक कूररता मानते हुए तलाक की मंजूरी दे दी।**

जस्टिस विशाल धगट और जस्टिस अनुराधा शुक्ला की खंडपीठ ने कहा कि दंपत्तियों के बीच सामान्य कलह और झगड़े कोई गंभीर चिंता का विषय नहीं हैं, अदालत ने कहा कि पत्नी का अपने पति को शराबी के रूप में अपने सामाजिक दायरे में अपमानित होते देखना एक गंभीर मामला है। इसके साथ ही फैमिली कोर्ट मंडला के आदेश को निरस्त कर दिया।

याचिका पति की ओर से दायर की गई थी। जिसमें फैमिली कोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई थी। पति की ओर से तर्क दिया गया कि पत्नी का व्यवहार क्रूर था। हालांकि, पत्नी ने दावा किया कि उसके साथ शारीरिक और मानसिक क्रूरता की गई, जिसके बाद 2005 के अधिनियम के तहत याचिका दायर की गई। पत्नी ने आरोप लगाया कि पति पत्नी के चरित्र पर आक्षेप लगाता था। इसलिए अपनी और अपने होने वाले बच्चों की सुरक्षा के लिए वह अलग रहने लगी। उसने दावा किया कि उसका पति दूसरी शादी करने और बच्चों के प्रति अपनी ज़िम्मेदारी से बचने के लिए विवाह विच्छेद करना चाहता है। अपील में पति के वकील ने तर्क दिया कि यह निष्कर्ष कि पति शराबी था और उसने पत्नी को परेशान किया, झूठा और निराधार है। यह तर्क दिया गया कि



उसकी पत्नी न तो वैवाहिक संबंधों को फिर से शुरू करने में रुचि रखती थी और न ही तलाक लेने में। अदालत ने पाया कि पत्नी 2017 से अलग रह रही है। हालांकि, पति ने दावा किया कि 2013 में उसके किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित होने के बाद उनका रिश्ता समाप्त हो गया।

## सामाजिक स्थिति को नुकसान

अदालत ने पाया कि शराब पीने के आरोपों को साबित करने के लिए पत्नी ने फैमिली कोर्ट में कुछ दस्तावेज़ प्रस्तुत किए। हालांकि, पीठ ने कहा कि उक्त दस्तावेज़ शराब पीने के आरोपों की पुष्टि नहीं करते। इस प्रकार, उसने पाया कि 2011 के बाद से पति के जीवन में शराब पीने का कोई प्रकरण नहीं रहा है। इसलिए उसने माना कि पति के खिलाफ लगाए गए शराब पीने के आरोप विधिवत सिद्ध नहीं हुए। अदालत ने कहा कि वह चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी था जबकि पत्नी अधिकारी संवर्ग में थी और दोनों ही सार्वजनिक क्षेत्र में योग्य थे। अदालत ने यह भी कहा कि पत्नी ने पति को शराबी घोषित करने में कोई हिचकिचाहट नहीं दिखाई। इस मामले में पत्नी ने वैवाहिक दायित्वों से बचने के लिए अपीलकर्ता/पति पर नशे की आदत का निराधार आरोप लगाया। इस प्रकार एक लोक सेवक के रूप में उसकी सामाजिक स्थिति से समझौता करके उसे सामाजिक कलंक और अवमानना का शिकार बनाया। इसलिए अदालत ने क्रूरता के आधार पर तलाक का आदेश स्वीकार कर लिया और फैमिली कोर्ट का आदेश और फैसला रद्द कर दिया।



# आय बढ़ाने निगमायुक्त का फोकस

जबलपुर। नगर निगम द्वारा संभागवार वसूली अभियान चलाया जा रहा है, जिसकी समीक्षा प्रतिदिन स्वयं निगमायुक्त कर रहे हैं। निगमायुक्त अहिरवार के द्वारा मानस भवन में राजस्व विभाग अधिकारियों के साथ बैठक की और सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि निगम की आय बढ़ाने पर सभी लोग विशेष ध्यान दें। उन्होंने समीक्षा बैठक में राजस्व निरीक्षकों, करसंग्रहिताओं एवं नोटिस सर्वर को कड़े लहजे में कहा कि वसूली के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि समस्त 79 वार्डो से कम से कम 25 हजार प्रतिदिन प्रत्येक वार्ड से चाहिये, इससे कम राशि होने पर साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कड़ी कार्रवाई के लिए तैयार रहें एवं प्रत्येक वार्ड से कर संग्रहिता वार्ड में जाकर कम से कम 200 करदाताओं से सम्पर्क करें तथा 50 से कम रसीदें न जारी करें। निगमायुक्त ने पूर्व में प्रत्येक कर संग्रहिताओं को 5 सौ वर्गफुट से 5 हजार वर्गफुट की सूची दी गई थी, इन भवनों की जाँच की जा रही है तथा भिन्नता पाए जाने पर डिमांड अपडेट कर उन पर 5 गुना पेनाल्टी लगा कर सख्ती से वसूली की कार्रवाई करने निगमायुक्त ने निर्देशित किया। निगमायुक्त ने बताया कि प्रायः यह देखने में आ रहा है कि करदाताओं द्वारा चेक बाउंस होने बाद राशि जमा नहीं की जाती है, ऐसे करदाताओं के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज करवाने के निर्देश दिये। उन्होंने 1 लाख से 5 लाख के बड़े बकायादारों से वसूली हेतु सभी 16 संभागों में 3 सहायक आयुक्तों को नियुक्त किया गया है। उन्होंने बड़े व्यावयायिक कॉम्पलेक्स, सरकारी भवनों से सख्ती से कार्यवाही कर वसूली करने के निर्देश दिये। बैठक में अपर आयुक्त अरविंद कुमार शाह, सहायक आयुक्त आनंद मिश्रा, राजस्व अधीक्षक इन्द्र कुमार वर्मा, समस्त राजस्व निरीक्षक, करसंग्रहिता, नोटिस सर्वर आदि उपस्थित रहे।



# राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को दी मतदाताओं की जांच किए जाने की जानकारी

**जबलपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी देने मंगलवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर कार्यालय में संपन्न हुई इस बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती ज्योति परस्ते भी मौजूद थीं।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने बैठक में मौजूद राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में सहयोग प्रदान करनें का आग्रह किया। उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के लिए प्रत्येक मतदान केंद्र पर अपने बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) नियुक्त करनें और उसकी सूची जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराने की बात कही।

बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की आवश्यकता एवं उद्देश्यों की जानकारी दी गई। इसके साथ ही उन्हें एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) की प्रक्रिया विस्तार से समझाई गई। बैठक में बताया गया कि मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण 01 जनवरी 2026 की स्थिति में किया जाएगा। 01 जनवरी 2025 की पुनरीक्षित मतदाता सूची में एवं वर्ष 2003 में हुए पिछले विशेष गहन पुनरीक्षण की मतदाता सूची में जिनके नाम शामिल है, उन्हें मतदाता सूची के एसआईआर के दौरान कोई दस्तावेज नही देना है। इसी प्रकार 2025 की पुनरीक्षित मतदाता सूची में शामिल ऐसे मतदाता जिनके नाम 2003 की मतदाता सूची में शामिल नही है, लेकिन उनके माता पिता के नाम 2003 की सूची में शामिल है तो ऐसी स्थिति में उन्हें मतदाता सूची के एसआईआर के दौरान माता पिता के वोटर आईडी कार्ड नंबर का गणना पत्रक में उल्लेख करना होगा। इस कार्य में बीएलओ भी उनका सहयोग करेंगे।

## शहर में सर की तैयारी

बैठक में बताया गया कि ऐसे मतदाता जिनके नाम 2025 की मतदाता सूची में शामिल है लेकिन 2003 की मतदाता सूची में शामिल नही है, और उनके माता पिता के नाम भी 2003 की सूची में शामिल नही है तो ऐसे नागरिकों को मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के दौरान केंद्रीय, राज्य सरकार या सार्वजनिक उपक्रम द्वारा जारी कर्मचारी या पेंशनर पहचान पत्र या पेंशन भुगतान आदेश, भारत में किसी सरकारी, स्थानीय निकाय, बैंक, डाकघर, एलआईसी या सार्वजनिक उपक्रम द्वारा 01 जुलाई 1987 से पूर्व जारी कोई पहचान पत्र, प्रमाण पत्र या दस्तावेज, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय द्वारा जारी मेट्रिक या शैक्षणिक प्रमाण पत्र, सक्षम राज्य प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी निवास प्रमाण पत्र, वन अधिकार प्रमाण पत्र, ओबीसी, एससी, एसटी या अन्य जाति प्रमाण पत्र, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर, राज्य या स्थानीय निकाय द्वारा तैयार पारिवारिक रजिस्टर या सरकार द्वारा जारी भूमि या मकान आवंटन प्रमाण मे से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा।बैठक में बताया गया कि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के लिए ऐसे मतदाताओं के नाम चिन्हित कर लिये गए है, जिनके नाम 2025 और 2003 की मतदाता सूची में शामिल हैं और जिनके नाम 2025 की सूची में हैं लेकिन 2003 की सूची में नहीं हैं। यह सूची तैयार कर आयोग को भेज दी गई है। मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के लिए 28 अक्टूबर से 03 नवम्बर तक बीएलओ एवं बीएलए के प्रशिक्षण का कार्य किया जाएगा। इसके पश्चात 04 नवम्बर से 04 दिसम्बर तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर सर्वे का कार्य किया जाएगा और 09 दिसम्बर को प्रारूप मतदाता सूची का सभी मतदान केंद्रो पर प्रकाशन किया जाएगा। मतदाता सूची में नाम शामिल करने, मृत या पलायन कर चुके मतदाताओं के नाम हटाने तथा नाम संशोधन के संबंध में दावें आपत्ति प्राप्त करने का कार्य 09 दिसम्बर से 08 जनवरी 2026 तक किया जाएगा। 09 दिसम्बर से 31 जनवरी 2026 तक नोटिस एवं दावों आपत्ति की सुनवाई का कार्य किया जाएगा। इसके पश्चात 07 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा गया कि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण मे सहयोग के लिए वे प्रत्येक मतदान केंद्र पर अपने बीएलए नियुक्त करें। आवश्यक होने पर जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा बीएलए को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। बैठक में राजनैतिक दलों की ओर से ओम दुबे, फिरोज ठाकरे, रामेश्वर गिरी, अंजना कुररिया, नितिन सक्सेना, योगेन्द्र सिंह राजपूत, नरेश चौधरी, प्रकाश गौतेल, रामसेवक बिरहा आदि मौजूद थे।

# प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करें : कलेक्टर

**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टर श्री नाथूराम गोंड सहित सभी जिला अधिकारी मौजूद थे। फील्ड स्तर के अधिकारी भी वीसी के माध्यम से इस बैठक में जुड़े थे। कलेक्टर सिंह ने कहा कि शासन की प्राथमिकता से जुड़े विषयों से संबंधित प्रकरणों को संवेदनशीलता के साथ निराकरण करना है। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि सड़कों की मरम्मत व सुधार, दुग्ध उत्पादन बढ़ाने, स्कूलों की साफ-सफाई व पुताई, खाद्य पदार्थों की जांच व सैंपल, खाद्यान्न का उठाव व वितरण, खाद्यान्न दुकानों का सत्यापन, अन्नदूत योजना का क्रियान्वयन के संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि जिन खाद्यान्न दुकानों में सत्यापन के दौरान खाद्यान्न में कमी पाई गई, वहां वसूली की कार्यवाही की जाये। इसके अलावा उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश का स्थापना दिवस गरिमामय रूप से मनाया जाये, इसमें लोकतंत्र सेनानियों को आमंत्रित किया जाये। साथ ही समाज के सभी वर्गों की भागीदारी इसमें सुनिश्चित कराना है। बैठक में सांसद खेल महोत्सव व संभागीय कमिश्नर के द्वारा की जाने वाली समीक्षा के विषय वस्तु पर भी चर्चा की गई। कलेक्टर सिंह ने इस दौरान विभागवार लंबित पत्रों की समीक्षा कर कहा कि प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करें। साथ ही सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों का निराकरण भी तत्परता से करें। उन्होंने पेंशन प्रकरण, एमडीएम व साझा चूल्हा, राशन उठाव, धान व कोदो कुटकी उपार्जन की तैयारी व इसके लिए एसएसजी को तैयार करने व उनकी ट्रेंनिंग, खाद वितरण, नरवाई प्रबंधन, प्राकृतिक खेती, वन ग्रामों को राजस्व ग्राम में संपरिवर्तन तथा टेकहोम राशन आदि के संबंध में चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही कहा कि सभी शासकीय भवन हैं, उनमें विशेष रूप से स्कूल, आंगनवाड़ी, छात्रावासों में साफ-सफाई व सुरक्षा, के मापदंडो के साथ सेप्टिक टेंक की जांच करायें। उन्होंने कहा कि छात्रावासों में लाइट की समस्या को दूर करने के लिए भी प्रभावी कदम उठायें।

# जनसुनवाई में हुआ निगमायुक्त का आत्मीय संवाद

**अवैध कॉलोनियों पर सख्ती और सफाई व्यवस्था में करें सुधार**

**जबलपुर।** नगर निगम जबलपुर नागरिक सुविधाओं में सुधार के लिए लगातार सक्रिय है। सोमवार को निगम मुख्यालय और सभी 16 संभागों में आयोजित जनसुनवाई के दौरान निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने आवेदकों से आत्मीय संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को विस्तार से सुना और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मुख्यालय में प्राप्त 21 में से सभी प्रकरणों का तुरंत निराकरण कराया गया, जबकि 16 संभागों में प्राप्त 226 में से 209 आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई कर 93 प्रतिशत समस्याओं का समाधान कर दिया गया।निगमायुक्त ने अवैध कॉलोनियों में निर्माण कार्य कराने वाले कॉलोनाइज़र पर भी सख्त रुख अपनाते हुए अधिकारियों को स्थलों का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। जनसुनवाई के दौरान स्वास्थ्य, प्रकाश, भवन, जल, राजस्व, जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र आदि विभागों से संबंधित शिकायतें अधिक प्राप्त हुईं।इसी क्रम में नागरिकों की सुविधा बढ़ाने हेतु नॉन-मोटराइज्ड ट्रांसपोर्ट एवं साइकिल ट्रैक को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए गए। बंदरिया तिराहा से कटंगा तक साइकिल ट्रैक पर सफाई और पेड़ों की छटाई का कार्य शुरू कराया गया है। मदनमहल स्टेशन से पुराने बस स्टैंड तक भी निरीक्षण कर अतिक्रमण हटाने और नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश निगमायुक्त ने अधिकारियों को दिए।स्वास्थ्य विभाग समीक्षा बैठक के दौरान सफाई ठेकेदारों को तीन दिन का अल्टीमेटम दिया गया कि 31 अक्टूबर तक 100 प्रतिशत ई-अटेंडेंस लागू करें। ऐसा न करने पर ठेकेदारों के भुगतान में कटौती और 20 प्रतिशत पेनाल्टी की चेतावनी दी गई।



# जनसुनवाई में आये 170 आवेदन

जबलपुर। कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड को शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों ने अपने विभिन्न समस्याओं को लेकर 170 आवेदन दिये। जिसमें 118 नये आवेदन हैं तथा 52 ऐसे आवेदन है जो पूर्व में भी आ चुके थे। जनसुनवाई में आये ज्यादातर पात्रता पर्ची व राशन दुकान बदलने, छात्रवृत्ति दिलाने, अवैध कब्जा, नाली सफाई, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अतिक्रमण, लड़ाई-झगड़ा, पेंशन, पीएम किसान योजना में शामिल करने, आर्थिक सहायता, संबंल योजना अंतर्गत आर्थिक सहायता, समग्र आईडी आदि से संबंधित आवेदन थे। जनसुनवाई के दौरान एसडीएम सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

**मुख्य सचिव को ई-मेल भेजकर अधिकारियों पर कार्वाई करने की मांग की**

# जबलपुर नगर निगम में आवारा श्वानों के नियंत्रण पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई

**जबलपुर।** जबलपुर में आवारा श्वानों का कहर जारी है, जिला अस्पताल की रिपोर्ट के अनुसार सितंबर के 30 दिनों में 500 से भी अधिक लोगों को आवारा श्वानों ने काटा है;। 18 अक्टूबर तक 300 से ज्यादा डॉग बाईट के मामलें आ चुके है। इसके बावजूद भी नगर निगम ने आवारा श्वानों के नियंत्रण पर ठोस कार्रवाई नहीं की है। यह शिकायत आज जनसंगठनों की ओर से प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन को ई-मेल से भेजी गई है। शिकायत में दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग की गई।

## डॉग हाउस की क्षमता नहीं बढ़ाई

डॉ.पीजी नाजपांडे ने बताया कि स्ट्रीट डॉग के बधियाकरण के लिए कठौंदा स्थित डॉग हाउस की क्षमता बढ़ाई जाए, जिससे उनकी बढ़ती संख्या नियंत्रित हो सके तथा लोगों को राहत मिल सके, यह मांग उन्होंने बारम्बार पूर्व आयुक्त तथा वर्तमान आयुक्त नगर निगम के पास उठाई, लेकिन केवल आश्वासन मिले, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। जबलपुर में एकमात्र डॉग शेल्टर होम कठौंदा में है, जहां प्रतिदिन केवल 15 डॉग की नसबंदी की क्षमता है। वर्तमान में जबलपुर में स्ट्रीट डॉग की संख्या 50 हजार से ज्यादा है।

## हलफनामे में जबलपुर की स्थिति शामिल करें

सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार मुख्य सचिव को 3 नवंबर तक हलफनामा प्रस्तुत करना है। इसमें जबलपुर की स्थिति शामिल किया जाए। बैठक में रजत भार्गव, टीके रायघटक, डीके सिंह, सुभाषचंद्रा, एड.वेदप्रकाश अधौलिया, सुशीला कनौजिया, डीआर लखेरा, शामिल थे।

**तीन दिवसीय बैठक को लेकर पत्रकारों से रूबरू हुए आरएसएस के प्रचार प्रमुख**

# संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल बैठक कल से, 46 प्रान्तों से 407 कार्यकर्ता लेंगे भाग

हरिभूमि, जबलपुर।

संस्कारधानी जबलपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तीन दिवसीय बैठक का आयोजन कचनार क्लब में होने जा रहा है 30 अक्टूबर से 1 नवंबर तक चलने वाली इस बैठक के पूर्व आरएसएस के राष्ट्रीय प्रचार प्रमुख सुनील आम्बेकर पत्रकारों से रूबरू हुए. इस दौरान उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की वार्षिक बैठक महाकौशल प्रांत के जबलपुर जिले में आयोजित की जा रही है।यह बैठक कार्तिक शुक्ल अष्टमी, नवमी व दशमी तदनुसार 30 अक्टूबर से 1 नवंबर 2025 तक आयोजित होगी। इसी क्रम में सुनील आंबेकर ने बताया कि संघ दृष्टि से भारत के 46 प्रान्तों से 407 कार्यकर्ता इस बैठक में अपेक्षित हैं। बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन जी भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय जी होसबाले तथा 06 सहसरकार्यवाह, अखिल भारतीय कार्यकारिणी सहित सभी 11 क्षेत्रों एवं 46 प्रान्तों के संघचालक, कार्यवाह व प्रांत प्रचारक उपस्थित रहेंगे। साथ ही चयनित कार्यकर्ता भी उपस्थित रहेंगे।



## गृह संपर्क अभियान

गृह संपर्क अभियान योजना के अंतर्गत हर प्रांत में 25 से 40 दिन का अभियान होगा। सामान्य से सामान्य स्वयंसेवक कुछ साहित्य जिसमें फोल्डर एवं पुस्तिकाएँ लेकर घर-घर जाएंगे। पंच परिवर्तन का संदेश कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण युक्त जीवनशैली, स्व का बोध और नागरिक कर्तव्य इन विषयों को लेकर गृह संपर्क होगा।बस्ती और मंडल स्तर पर होने वाले हिन्दू सम्मेलन, जिला स्तर पर प्रमुख नागरिक गोष्ठी, खण्ड/नगर स्तर पर सामाजिक सद्भाव बैठक, युवाओं के लिए कार्यक्रम इन विषयों पर भी विस्तार से चर्चा होगी।

## 2 अक्टूबर से प्रारम्भ हुआ शताब्दी वर्ष

आम्बेकर ने संघ शताब्दी वर्ष पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संघ शताब्दी वर्ष नागपुर में 02 अक्टूबर 2025 को विजयादशमी से प्रारंभ हुआ । जिसके मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद थे। इसमें दलाई लामा जी के शुभ संदेश का भी वाचन किया गया। उल्लेखनीय है, कि इस आयोजन में 14101 स्वयंसेवक गणवेश में सहभागी हुए साथ ही बड़ी संख्या में नागपुर के नागरिक गण उपस्थित थे। विदेशों से भी विशेष आमंत्रित नागरिक उपस्थित रहे। संघ शताब्दी वर्ष का कार्यक्रम देश भर में बस्तियों व मंडलों में हुआ, जहाँ स्वयंसेवकों ने गणवेश में ही भाग लिया । इन कार्यक्रमों में देश के गणमान्य लोगों ने भी सहभाग किया।

## मातृ शक्ति को जोड़ा जायेगा

प्रचार प्रमुख ने कहा की पंच परिवर्तन के विषय को लेकर समाज की सज्जन शक्ति, संघ कार्य समर्थन करने वाले लोग, विशिष्ट लोग, विशिष्ट संस्थाएँ, मठ - मंदिर, सामाजिक संस्थाएँ, शैक्षणिक संस्थाएँ, व्यवसायिक संस्थाएँ इन सभी से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है।समाज परिवर्तन की दिशा में मातृशक्ति का बड़ा सहभाग है । उनसे भी जुड़ने का प्रयास किया जायेगा । ये सब मिलकर एक समन्वित दृष्टि से समाज में परिवर्तन के कार्य कैसे करेंगे, इस पर भी चर्चा होगी। वर्तमान परिस्थिति पर भी कार्यकारी मंडल की बैठक में चर्चा होगी।

## देशभर का होगा भ्रमण

सरसंघचालक देश भर में प्रवास के अंतर्गत विभिन्न सार्वजनिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे और संघ के विषय पर अपने विचार व्यक्त करेंगे। बैंगलोर में 8, 9 नवम्बर, कलकत्ता में 21 दिसम्बर और मुंबई में 7, 8 फरवरी को प्रबुद्ध जनों से संवाद करेंगेसिख गुरु तेग बहादुर के 350वें बलिदान दिवस व भगवान बिरसा मुंडा के 150 वीं जयंती पर एक विशेष वक्तव्य जारी किया जाएगा और इस संदर्भ में विशेष कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।पत्रकार वार्ता में मंच पर प्रांत संघचालक डॉ प्रदीप दुबे उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम में अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख द्वय नरेंद्र ठाकुर व प्रदीप जोशी उपस्थित थे।

# ओशो अमृत धाम आश्रम की गोल्डन जुबली में बरसेगा ध्यानामृत

**मुरारी बापू, पूर्णानंदजी, अशोक भारती सहित कई आध्यात्मिक विभूतियों का शहरवासियों को मिलेगा लाभ**

**जबलपुर।** ओशो की आध्यात्मिक और वैज्ञानिक ध्यान विधियों को पूरे विश्व में फैला रहे अंतराष्ट्रीय स्तर पर चर्चित ध्यान मनीषियों सहित कई प्रतिष्ठित आध्यात्म विदों और कला-संगीत साधकों की उपस्थिति से संस्कारधानी की पावन धरा धन्य होगी। अवसर होगा ओशो अमृतधाम आश्रम देवताल के गोल्डन जुबली समारोह का। ओशो के जीवन काल से प्रारंभ हुआ ये आश्रम पूना के बाद देश का एक ऐसा पहला आश्रम है, जिसे अपनी स्थापना के पचास वर्ष पूर्ण करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए ओशो अमृत धाम आश्रम के संचालक स्वामी आनंद विजय और ओशो रजनीश की लौकिक बहन मां निशा भारती, ध्यान मनीषी स्वामी अविनाश भारती और स्वामी इस पूरे समारोह के व्यवस्थापक आनंद संतोष ने बताया कि गोल्डन जुबली समारोह में आध्यात्म आभा से परिपूर्ण ध्यानोत्सव, अनेक शिविर, कई संगीत निशा, नृत्योत्सव, आध्यात्म गोष्ठियों का साक्षी जबलपुर बनेगा।अमृतधाम के गोल्डन जुबली महोत्सव में चर्चित रामकथा मर्मज्ञ मुरारी बापू जी गुजरात, आनंद विजय जबलपुर, स्वामी पूर्णानंदजी इंदौर, स्वामी शैलेन्द्र सरस्वतीजी एवं अमृत प्रिया सोनीपथ हरियाणा, स्वामी आनंद एकांतजी चापा छ.ग., स्वामी अशोक भारती जी एवं मॉ अंतिमा सूरतगढ राजस्थान, मां ध्यान आभा जी सोलन हिमांचल प्रदेश, स्वामी अंतर जगदीश जी सोलन हिमांचल प्रदेश, स्वामी विठ्ठल स्वामीजी मुंबई, स्वामी अविनाश भारती जी जबलपुर अमृतधाम, स्वामी आत्मो निनादजी लखनउ उ.प्र., स्वामी ध्यान सागर जी रूढकी उत्तराखंड, मां प्रेम ईशा जी सुपोल बिहार, स्वामी ज्ञाना साहिल जी लहान नेपाल, स्वामी समदर्शी आनंद जी ऋषिकेश उत्तराखंड, मां प्रेम संगीता जी सूरत गुजरात, मां आनंद मीराजी एवं आनंद अनादि हॉलैंड, पुणे महाराष्ट्र, स्वामी ज्ञान अविनाश जी मुंबई, स्वामी चैतन्य कीर्तिजी दिल्ली निरूपम जी उत्तराखंड, वतायन जी देहरादून भाग लेंगे।

## कैमोर थाना क्षेत्र में हुई वारदात, बाइक सवार बदमाशों ने मारी गोली, भाजपा नेता की हत्या से बढ़ा तनाव

# दिन दहाड़े व्यस्त सड़क पर पिछड़ा वर्ग मंडल अध्यक्ष की गोली मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर/कटनी

कैमोर थाना क्षेत्र में भाजपा नेता की दिन दहाड़े सरेराह गोली मारकर हत्या कर दी गई। बाइक सवार दो नकाबपोश बदमाशों ने फायरिंग की और भाग गए। गोली लगते ही भाजपा नेता लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़ा। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को कॉल किया। पुलिस पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार घटना कैमोर नगर में मंगलवार सुबह करीब 11 बजे बैंक ऑफ बड़ौदा के समीप हुई। कैमोर में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष नीलेश रजक अपनी बच्ची को स्कूल से लाने बाइक से जा रहे थे तभी बाइक पर आए नकाबपोश बदमाशों ने हमला कर दिया। पूरी घटना पास ही लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। सीसीटीवी फुटेज में दोनों हमलावर बाइक से आकर भाजपा नेता को गोली मारते स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। हमलावरों की पहचान और तलाश की जा रही है। शुरुआती जांच में हत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है।

नीलेश के परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर मांग कर रहे थे। मौके पर मौजूद पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने उन्हें आश्वासन दिया।



### गिरफ्तारी के लिए टीमें बनाई

विजयराघवगढ़ एसडीओपी वीरेंद्र धारवे ने बताया कि घटना सुबह साढ़े 11 बजे की है। नीलेश रजक नाम के युवक को कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने गोली मारी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। हम टीमें बनाकर काम कर रहे हैं। पूरी कोशिश है कि आरोपी जल्द गिरफ्तार हों। किसी भी हालत में आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा।

नीलेश रजक पिछले कई वर्षों से भाजपा से जुड़े हुए थे। 2023-24 में उन्हें पार्टी ने पिछड़ा मोर्चा का मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया था। इसके साथ ही, उन्हें बूथ अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी सौंपी गई थी।



### संदेही के पिता ने लगाई फांसी, मां ने खाया जहर

भाजपा नेता नीलेश रजक की हत्या के मामले में पुलिस जिन दो संदिग्धों की तलाश कर रही है, उनमें से एक युवक अमरैया पार क्षेत्र का निवासी है। बताया जा रहा है कि अकरम नामक युवक का दो महीने पहले विवाद हुआ था। वारदात के दिन यह युवक कैमोर के ही रहने वाले प्रिंस नामक युवक के साथ देखा गया था। हत्या के बाद से दोनों फरार हैं और पुलिस उनकी तलाश में जुटी हुई है। इसी बीच संदेही प्रिंस के पिता जोसफ ने मंगलवार दोपहर अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि वह पेशे से बस ड्राइवर था। वह सुबह बस लेकर कटनी गया था और करीब 11 बजे वापस कैमोर लौटा। घर पहुंचते ही उसने कमरा बंद किया और फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। परिवार के लोगों द्वारा दरवाजा तोड़कर देखा गया तो वह मृत अवस्था में मिला। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, जोसफ की पत्नी ने भी सदमे में आकर जहर खा लिया । महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही एसपी अभिनय विश्वकर्मा सहित पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी कैमोर पहुंच गए। क्षेत्र में तनाव की स्थिति को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

### सांसद वीडी शर्मा ने की सीएम और डीजीपी से बात

कैमोर में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष नीलेश रजक की दिनदहाड़े हुई हत्या ने पूरे जिले को झकझोर दिया है। इस जघन्य घटना पर भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा (वी.डी. शर्मा) ने गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि यह समाज और मानवता दोनों के लिए शर्मनाक कृत्य है। उन्होंने कहा कि एक सामाजिक कार्यकर्ता और पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता की सरेआम गोली मारकर हत्या होना अत्यंत दुःखद और निंदनीय है।

#### सख्त कार्यवाही के निर्देश

घटना की जानकारी मिलते ही श्री शर्मा ने तत्काल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (DGP) से बात की और दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

#### अपराधिक तत्वों को संरक्षण

सांसद शर्मा ने कहा कि कटनी में कुछ तत्वों द्वारा अपराधियों को संरक्षण देने की बात सामने आ रही है, जो अत्यंत गंभीर मामला है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ऐसे लोगों की पहचान कर पुलिस को उनके खिलाफ सख्त कदम उठाने चाहिए। श्री शर्मा ने यह भी कहा कि कुछ मामलों में समाज विशेष को फंसा कर उन्हें निशाना बनाकर सहानुभूति बटोरने की साजिशें रची जा रही हैं, जिन्हें अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

#### जरूरी है कठोर कार्यवाही

उन्होंने कहा कि धर्म विशेष होने की आड़ में अपराध करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई अनिवार्य है। श्री शर्मा ने कहा कि पार्टी संगठन पीड़ित परिवार के साथ पूरी मजबूती से खड़ा है और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि नीलेश रजक के हत्यारों को शीघ्र गिरफ्तार कर कठोर सजा दी जाए, ताकि यह सजा पूरे प्रदेश में ऐसी घटनाओं को करने वालों और उन्हें संरक्षण देने वालों के खिलाफ ख़ौफ़ बने।

अंत में श्री शर्मा ने दिवंगत पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष नीलेश रजक को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि इस कठिन समय में पूरा संगठन पीड़ित परिवार के साथ है। उन्होंने जनता से संयम बनाए रखने और प्रशासन पर भरोसा रखने की अपील की।



### आईजी एवं डीआईजी भी पहुंचे कटनी, भारी पुलिस बल तैनात

कैमोर में युवक नीलेश रजक की गोली मारकर हत्या के बाद पूरे इलाके में तनाव फैल गया है। स्थिति को काबू में रखने के लिए प्रशासन ने मोर्चा संभाल लिया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस महानिरीक्षक प्रमोद वर्मा दोपहर बाद कटनी पहुंचे, जबकि पुलिस उपमहानिरीक्षक अतुल सिंह सुबह से ही कैमोर में मौजूद रहकर हालात पर बारीकी से नजर रख रहे हैं।पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और स्थानीय प्रशासन के साथ बैठक कर स्थिति का आकलन किया। सूत्रों के अनुसार, पूरे घटनाक्रम की विस्तृत समीक्षा की जा रही है और अधिकारियों ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए हैं।कैमोर और आसपास के इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। संवेदनशील इलाकों में गश्त बढ़ा दी गई है ताकि किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति को रोका जा सके।

### बिहार से कटनी लौटे विजयराघवगढ विधायक संजय पाठक

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के मंडल अध्यक्ष नीलेश रजक की हत्या की सूचना मिलने पर विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक ने अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए दुख जताया एवं अपनी परिजनों को दुख सहन करने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि पार्टी ने अपना एक अच्छा कार्यकर्ता सामाजिक व्यक्तित्व एवं मैंने अपना छोटे भाई को खो दिया है। बिहार में अपना आगे का चुनाव प्रचार कार्यक्रमों को रद्द करते हुए तत्काल विजयराघवगढ़ लौटने का फ़ैसला लिया और कटनी पहुंचे।

पूरे घटनाक्रम की विस्तृत समीक्षा की जा रही है और अधिकारियों ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए हैं। कैमोर और आसपास के इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। संवेदनशील इलाकों में गश्त बढ़ा दी गई है ताकि किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति को रोका जा सके।





### एएसपी ने दी समझाइश, कैमोर क्षेत्र रहा पूरा बंद

नीलेश रजक की हत्या के बाद एएसपी संतोष डेहरिया भी मौके पर पहुंचे। विजयराघवगढ़ अस्पताल के बाहर आक्रोशित जनता और बजरंग दल के लोगों ने एएसपी को घेर लिया। एएसपी ने लोगों को शांत कराने का प्रयास किया लेकिन आक्रोशित लोगों ने जमकर हंगामा किया और कहा घटना के आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाये नहीं तो जनता सड़क पर आ जाएगी। लोगों में जमकर आक्रोश व्याप्त रहा और केमोर क्षेत्र पूरा बंद रहा।

## सागर विश्वविद्यालय की अपील पर सुनवाई टली, 5 लाख रुपए कॉस्ट जमा करने पर रोक बरकरार

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने असिस्टेंट प्रोफेसर्स की नियुक्ति में गड़बड़ी के मामले में सागर विश्वविद्यालय पर लगाई 5 लाख रु कॉस्ट जमा करने पर रोक आगामी सुनवाई तक बरक़रार रखी है। सागर विवि की अपील पर चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने सोमवार को यह निर्देश दिए। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 11 नवंबर तय की। विगत 13 अगस्त को हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने सागर विवि कार्यपरिषद (ईसी) द्वारा 14 नवंबर 2022 को पारित निर्णय को खारिज कर दिया था। कोर्ट ने पाया था कि अपनों को उपकृत करने के लिए ईसी के फैसले के तहत 82 पदों की जगह 157 पदों पर नियुक्तियां दे दी गई थीं। जस्टिस विवेक जैन की सिंगल बेंच ने कहा था कि चूँकि विश्वविद्यालय ने इस मामले में पूरी तरह से अवैधानिक कार्य किया है, इसलिए उस पर जुर्माना लगाया जाना उचित है। कोर्ट ने कहा था कि ईसी के उक्त निर्णय से योग्य अभ्यर्थियों का अधिकार छीना गया है और अवैध रूप से चयनित उम्मीदवारों को बचाने का प्रयास किया गया है। हाईकोर्ट ने इस कृत्य के लिए विश्वविद्यालय पर 5 लाख रुपए की कॉस्ट अधिरोपित की थी। इसी आदेश को डिवीजन बेंच में चुनौती दी गई है। दरअसल, सागर निवासी डॉ दीपक गुप्ता ने नियुक्ति प्रक्रिया को अवैधानिक बताते हुए 2022 में याचिका दायर की थी। याचिका में कार्यपरिषद (ईसी) द्वारा 14 नवंबर 2022 के फैसले को चुनौती दी गई थी। हाईकोर्ट ने विश्वविद्यालय को आदेश दिए थे कि ईसी के 7 फरवरी 2020 के निर्णय के तहत 3 माह के भीतर नए सिरे से नियुक्ति प्रक्रिया करें। कोर्ट ने साफ कहा था कि यदि नियत अवधी में ऐसा नहीं हुआ तो 14 नवंबर 2022 के निर्णय के तहत नियुक्त असिस्टेंट प्रोफेसर 15 नवंबर 2025 से कार्यरत नहीं माने जाएंगे।

## ग्राम पंचायत हरगढ का मामला

## ग्रामीणों ने की एसडीएम से बंद आम रास्ता खुलवाने की मांग

**सिहोरा।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत हरगढ में आम रास्ता बंद करने का एक मामला प्रकाश में आया है। जिसमें गिरधर सरावगी एंव इन्द्रजीत गौड़ सहित अन्य ग्रामवासियों ने अनुविभागीय अधिकारी सिहोरा, पुलिस थाना खितौला को दी गई लिखित शिकायत में बताया है कि उनकी कास्तकारी जमीन ग्राम हरगढ़ में स्थित है तथा उसी के बगल में अन्य लोगों की जमीन भी है वहीं बाजू से ग्राम हरगढ़ के कास्तकारों की जमीन में जाने का अनादिकाल से रोड स्थित है जिसमें से उनके टेक्टर हारर्वेस्टर आदि कास्तकारी कार्य के लिये आते जाते थे। उक्त रोड को शुकल पटेल,आकाश पटेल आदि ने जे.सी.बी.मुरूम एंव पत्थर का पहाड़ लगाकर बन्द कर दिया। जब सड़क बंद करने से ग्रामवासियों एव कास्तकारों के द्वारा उनको रोका गया तो अनेक लोग लड़ाई झगडा,मारपीट,गाली गलौच करने को अमादा हो गये। मार्ग बंद होने से अनेक किसानो का किसानी कार्य बंद हो। गया अतः शीघ्र ही उक्त बंद रास्ता खुलवाया जाये एंव जिन्होंने रास्ता बंद किया है उनके ऊपर कठोर कार्रवाई की जाये।



## पत्रकार वार्ता में दी जानकारी

## सिहोरा जिला के लिए आरएसएस के पूर्व प्रचारक साहू ने की 9 दिसंबर से अन्न जल त्याग करने की घोषणा

**सिहोरा।** खून के दिए और भूमि समाधि सत्याग्रह के बाद अब सिहोरा जिला का मामला अब अन्न जल त्यागने की घोषणा तक पहुंच गया है।आन्दोलन समिती के साथ सेतू की तरह कार्य कर रहे 64 वर्षीय आरएसएस के पूर्व प्रचारक सिहोरा निवासी प्रमोद साहू सिहोरा जिले के मुद्दे पर शासन की बेरुखी से इतने व्यथित हो गये कि उन्होंने लक्ष्य जिला आन्दोलन समिति द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता में घोषणा की कि 9 दिसंबर से वे सिहोरा जिला की मांग को लेकर अन्य जल त्याग देंगे।लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति द्वारा सिहोरा में आयोजित पत्रकार वार्ता में मुख्य वक्ता के रूप में स्वयंसेवक संघ के पूर्व प्रचारक प्रमोद साहू शामिल हुए थे।विदित हो विधान सभा चुनाव के दौरान श्री साहु ने जिला आन्दोलन समिती के समर्थन में मीसा बन्दी का प्रमाणपत्र शासन को वापिस कर दिया था।

### शौर्य दिवस से करेंगे शुरुआत

पत्रकार वार्ता में उन्होंने ने कहा कि वे शौर्य दिवस 6 दिसंबर को दोपहर 3 बजे से अपने घर में आमरण सत्याग्रह तथा सद्बुद्धि यज्ञ प्रारंभ करेंगे ।इस दौरान वे केवल जल ग्रहण करेंगे ।तीन दिनों तक यज्ञ करने के उपरांत 9 दिसंबर दोपहर 3 बजे से वे जल का भी त्याग कर देंगे। इस दौरान उन्होंने आह्वान किया कि 9 दिसंबर को दोपहर 11 से 12 के मध्य सिहोरावासी बस स्टैंड सिहोरा में एकत्र होकर सद्बुद्धि यज्ञ में पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।

### नागरिक के रूप में निर्णय

पूर्व प्रचारक ने कहा कि उनकी पहचान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के रूप में है परंतु मेरा यह निर्णय सिहोरा के एक नागरिक के रूप में लिया गया निर्णय है। सिहोरा भारत का नाभि केंद्र है संपूर्ण देश में जो भी होता है उसका संबंध सिहोरा से अवश्य होता है।

## मझौली में श्रीश्रीमां अम्बा शत चंडी यज्ञ पुनः आरंभ करने की घोषणा



**मझौली।** श्री विष्णु वराह मंदिर प्रांगण में मंगलवार को आयोजित बैठक में नगर मझौली में माघ मास (जनवरी) में होने वाले श्री श्रीमां अम्बा शत चंडी यज्ञ के आयोजन की रूपरेखा तय की गई। प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि लगभग 15 वर्ष पूर्व बंद हुआ यह पारंपरिक यज्ञ एवं विष्णु वराह मेला अब पुनः प्रारंभ किया जाएगा।

यज्ञ के यज्ञाचार्य पूज्य श्री स्वामी दत्त जी महाराज (कोनी वाले) तथा उप यज्ञाचार्य पं. राजीवलोचन होंगे। यज्ञशाला व्यवस्था में पं. वेद तिवारी व प्रकाश जी की भूमिका रहेगी। कार्यक्रम का सानिध्य श्री स्वस्ति मद दादा जी महाराज (किशनगढ़ धाम) एवं यज्ञ संरक्षक पूज्य बनवारी दास जी महाराज रहेंगे।

प्रेस वार्ता में कार्यक्रम की जानकारी श्रवण कुमार मुन्नू सोनी ने दी। इस अवसर पर राजेंद्र चौरसिया (पूर्व न.प. अध्यक्ष), प्रताप भानु साहू, आशीष दुबे, अनुराग दुबे मोदी, अमित साहू, अनुज सेन, विनीत साहू, भगवान दास साहू, सुनील साहू सहित महिला मंडल की सदस्य एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन श्री गोविंद सरकार सेवा समिति, मझौली द्वारा किया जाएगा।

### लापता बालक-बालिका को किया गया दस्तयाब

**जबलपुर/बड़वारा।** आपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने नाबालिक बालक एवं बालिका को दस्तयाब किया है। पुलिस के अनुसार 22.10.2025 को फरियादी द्वारा रिपोर्ट लेख कराया कि उसका 17 वर्षीय पुत्र बिना बताये कहीं चला गया है। फरियादी को शंका है कि इसके लड़के को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर अपहरण कर ले गया है । फरियादी की रिपोर्ट पर थाना बड़वारा में अपराध धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान 27.10.2025 को अपहता बालिका को दस्तयाब किया जाकर परिजनों को सुपुर्द किया गया । इसी प्रकार फरियादी द्वारा रिपोर्ट लेख कराया लड़की जिसकी करीब 15 साल है जो बिना बताये कहीं चली गयी है । रिपोर्ट पर थाना बड़वारा में अपराध धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

**श्री राम दयाल-** नर्मदा नगर गोहलपुर निवासी श्री राम दयाल (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मनोरमा श्रीवास-** श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड पावर हाउस के पास निवासी श्री नर्मदा प्रसाद श्रीवास की धर्मपत्नी श्रीमती मनोरमा श्रीवास (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रामाधार मालवीय-** वैशाली परिसर नर्मदा नगर गौरीघाट रोड निवासी श्री रामाधार मालवीय (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री हर्ष बेन-** प्रेमसागर साहू मोहल्ला निवासी श्री महेश बेन के पुत्र श्री हर्ष बेन (24) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती द्रोपती बाई तिवारी-** जगदम्बा नगर महाराजपुर निवासी श्री गंगा प्रसाद तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती द्रोपती बाई तिवारी (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शांति बाई मेहतो-** प्रेमसागर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री मोहन लाल मेहतो की धर्मपत्नी श्रीमती शांति बाई मेहतो (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अमर केसवानी-** जग्गू का बगीचा केंट सदर निवासी श्री गुलाबचंद केसवानी के पुत्र श्री अमर केसवानी (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजकुमार बिरहा-** बेलबाग कंजड़ मोहल्ला निवासी श्री राजकुमार बिरहा (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**सुश्री फूलवती-** तीस बैरक शीला कम्पाउंड के सामने निवासी सुश्री फूलवती का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मंगल प्रसाद कोरी-** लालमाटी निवासी श्री मंगल प्रसाद कोरी (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सोनी लाल बेन-** राजीव नगर कटंगा केंट निवासी श्री सोनी लाल बेन (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती चेतना जाट-** पूर्वी बेलबाग निवासी श्री नितेंद्र कुमार जाट की धर्मपत्नी श्रीमती चेतना जाट (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री चंद्र शेखर तिवारी-** नर्मदा नगर गोहलपुर निवासी श्री चंद्र शेखर तिवारी (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्यारे लाल राजपूत-** सरकारी कुआं शीतलामाई रोड निवासी श्री प्यारे लाल राजपूत का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**कु. काशवी पटेल-** गढ़ा राम मंदिर के पास निवासी श्री मोहन पटेल की पुत्री कु. काशवी (06) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती दुरघटिया बाई बंशकार-** प्रेमसागर शीतलामाई वार्ड निवासी श्री कंधी लाल बंशकार




की धर्मपत्नी श्रीमती दुरघटिया बाई बंशकार (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शीला वर्मा-** ग्रीन सिटी माढ़ोताल निवासी श्री नंद किशोर वर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती शीला वर्मा (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती श्यामा बाई शुक्ला-** सिद्धबाबा वार्ड लालमाटी निवासी श्री सुदर्शन प्रसाद शुक्ला की धर्मपत्नी श्रीमती श्यामा बाई शुक्ला (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री हरिशचंद्र पटेल-** टेलीग्राफ गेट नं. 4 साईं मंदिर के पास निवासी श्री हरिशचंद्र पटेल (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री घनश्याम राजपूत-** छुई खदान मड़ैया मुखर्जी वार्ड निवासी श्री घनश्याम राजपूत (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**एडवोकेट आनंद कृष्ण त्रिवेदी-** गोपालबाग निवासी एडवोकेट आनंद कृष्ण त्रिवेदी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती श्याममनी अग्रवाल-** जेएम हाईट्स पचपेढ़ी रोड निवासी श्री आरएस अग्रवाल की धर्मपत्नी श्रीमती श्याममनी अग्रवाल (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362100

## खबर संक्षेप




### पीएनबी हाउसिंग का शुद्ध लाभ बढ़कर 24 फीसदी

**नई दिल्ली।** आवास वित्त कंपनी पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस का चालू वित्त की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 24 प्रतिशत बढ़कर 582 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी ने शेयर बाजार को यह जानकारी दी। पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 470 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी ने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई- सितंबर तिमाही के उसकी कुल आय एक साल पहले के 1,880 करोड़ रुपये से बढ़कर 2,131 करोड़ रुपये हो गई।

### इंडस टावर्स का लाभ दूसरी तिमाही में 17 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** मोबाइल टावर सेवाप्रदाता इंडस टावर्स का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 17 प्रतिशत



घटकर 1,839 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी ने बताया कि एक बड़े ग्राहक का बकाया न मिलने के कारण उसके शुद्ध लाभ यह गिरावट आई। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई- सितंबर तिमाही में 2,223.5 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। इंडस टावर्स के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) प्रचुर साह ने कहा, 'हमारी लागत दक्षता पर मजबूत केंद्र के कारण मुनाफे में लगातार सुधार हो रहा है।

### डॉलर के मुकाबले रुपया आठ पैसे गिरकर 88.27 पर बंद

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में कमजोरी के रुख और विदेशी पूंजी की बाजार से निकासी के चलते अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय



बाजार में मंगलवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया आठ पैसे गिरकर 88.27 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कमजोर डॉलर और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी ने गिरावट को कम किया। निवेशक आगे के संकेतों के लिए बुधवार को फेडरल रिजर्व के नीतिगत फैसले पर भी नजर रख रहे हैं।

### बाटा इंडिया के मुनाफे में 73 फीसदी की गिरावट

**नई दिल्ली।** जूता-चप्पल कंपनी बाटा इंडिया लिमिटेड का 30 सितंबर, 2025 को समाप्त चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध मुनाफा 73.26 प्रतिशत घटकर 13.9 करोड़ रुपये



रह गया। यह गिरावट कम राजस्व और अधिक व्यय के कारण आई है। बाटा इंडिया लिमिटेड ने एक नियामकीय सूचना में यह जानकारी दी। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 51.98 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था। दूसरी तिमाही में कंपनी की एकीकृत परिचालन आय 801.33 करोड़ रुपये रही।

### नोवार्टिस इंडिया का शुद्ध मुनाफा 19 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** फार्मास्युटिकल कंपनी नोवार्टिस इंडिया लिमिटेड का 30 सितंबर, 2025 को समाप्त चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही का शुद्ध मुनाफा 19 प्रतिशत बढ़कर 24.22 करोड़ रुपये हो गया। नोवार्टिस इंडिया लिमिटेड ने एक नियामकीय सूचना में यह जानकारी दी। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 20.41 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था। दूसरी तिमाही में कंपनी की परिचालन आय 90.33 करोड़ रुपये रही, जबकि एक साल पहले की अवधि में यह 87.1 करोड़ रुपये थी।कंपनी ने कहा कि समीक्षाधीन तिमाही के दौरान उसका कुल खर्च एक साल पहले की समान अवधि के 69.86 करोड़ रुपये की तुलना में घटकर 67.08 करोड़ रुपये रह गया।

# जीएसटी राहत के पैसे बचाने के बजाय ग्राहकों ने बेहतर मॉडल खरीदे

**एजेंसी ⏭ मुंबई**

जीएसटी दरों में की गई कटौती का फायदा उठाते हुए ग्राहकों ने त्योहारी मौसम में न सिर्फ अपने जमकर वाहन खरीदे बल्कि उन्होंने इस छूट का इस्तेमाल ऊंचे मॉडल और बेहतर ब्रांड की गाड़ियां खरीदने में भी किया। एक अध्ययन रिपोर्ट में यह निष्कर्ष पेश किया गया है।

बाजार अनुसंधान मंच 'स्मिटेनपल्स एआई' की तरफ से कराए गए इस अध्ययन से यह पता चलता है कि खरीदारों के लिए एसयूवी लोकप्रिय विकल्प बनी हुई है जबकि बुनियादी ढांचे की कमियों के बावजूद पर्यावरण के प्रति जागरूकता इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रति लोगों के रुझान में तेजी से वृद्धि का कारण रही।

## स्मिटेनपल्स एआई की ओर से जारी रिपोर्ट में कहा गया

### प्रीमियम वाहन खरीदने पर जोर

हालांकि ग्राहकों ने कर कटौती से वाहनों की कीमतों में आई गिरावट का फायदा उठाने के बजाय कहीं 'प्रीमियम' वाहन खरीदने पर जोर दिया। करीब 79 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि वे जीएसटी बचत का इस्तेमाल उच्च मॉडल, बेहतर ब्रांड या प्रीमियम ऐड-ऑन खरीदने में कर रहे हैं।"




### त्योहारों में एसयूवी की बिक्री अधिक रही

इसके मुताबिक, 60 प्रतिशत से अधिक लोगों ने अपने पसंदीदा वाहन ब्रांड के थोड़े ऊंचे संस्करण को खरीदने की मंशा जताई जबकि 46 प्रतिशत लोग पहले ही हैचबैक की जगह एसयूवी जैसे बड़े आकार वाली वाहन श्रेणी का रुख कर चुके थे। अध्ययन के अनुसार, त्योहारों के दौरान एसयूवी की बिक्री सबसे अधिक रही। वहीं पर्यावरणीय जागरूकता के कारण ईवी को लेकर भी दिलचस्पी तेजी से बढ़ रही है।

### जीएसटी कर में कटौती से वाहनों की मांग को रफ्तार

'जीएसटी कटौती के बाद कार खरीद के व्यवहार' पर किया गया यह अध्ययन अक्टूबर महीने में देश के बड़े, मझोले व छोटे शहरों में 5,000 से अधिक लोगों के बीच किया गया।अध्ययन में कहा गया, ''जीएसटी कर में कटौती से वाहनों की मांग को रफ्तार मिली। 67 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि बैटरी संबंधी चिंताओं और बैटरी बदलने पर आने वाली ऊंची लागत के बावजूद पारिस्थितिक लाभ ईवी के प्रति रुचि को बढ़ा रहे हैं। स्मिटेन पल्सएआई के सह-संस्थापक स्वागत सारंगी ने कहा, ''जीएसटी दरों में कटौती ने कारों को किफायती बनाने से कहीं अधिक भूमिका निभाई है।

## अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन सभा को किया संबोधित

# भारत 257 गीगावाट के साथ चौथा सबसे बड़ा नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादक : जोशी

**एजेंसी ⏭ नई दिल्ली**

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मंगलवार को कहा कि भारत, नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के मामले में दुनिया का चौथा सबसे बड़ा देश है और इसकी क्षमता 257 गीगावाट है जो 2014 के 81 गीगावाट से तीन गुना अधिक है। अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन सभा के 8वें सत्र को संबोधित करते हुए केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री ने कहा कि भारत की सौर क्षमता 2014 में 2.8 गीगावाट से बढ़कर आज 128 गीगावाट हो गई है। उन्होंने कहा, ''भारत अब नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के मामले में दुनिया का चौथा सबसे बड़ा देश है। नवीकरणीय ऊर्जा 2014 की 81 गीगावाट से बढ़कर आज 257 गीगावाट है।''

- क्षमता 2014 के 81 गीगावाट से तीन गुना अधिक



### गैर-जीवाश्म स्त्रोतों से निर्धारित लक्ष्य पांच साल पहले हासिल

जोशी ने बताया कि सौर मॉड्यूल निर्माण क्षमता 2014 में दो गीगावाट से बढ़कर वर्तमान में 110 गीगावाट हो गई है। इसी तरह सौर सेल निर्माण भी शून्य से बढ़कर 27 गीगावाट हो गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने गैर-जीवाश्म स्रोतों से 50 प्रतिशत क्षमता के राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान लक्ष्य को समय सीमा से पांच वर्ष पहले ही हासिल कर लिया।

### बिजली उत्पादन क्षमता में भारत तीसरे स्थान पर

बिजली उत्पादन क्षमता में वृद्धि के मामले में भारत पिछले पांच वर्ष में विश्व स्तर पर तीसरे स्थान पर है। उन्होंने कहा कि दुनिया में सबसे कम प्रति व्यक्ति उत्सर्जन और सबसे कम प्रति व्यक्ति ऊर्जा खपत वाले देशों में से एक होने के नाते स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन के प्रति भारत की प्रतिबद्धता वास्तव में उल्लेखनीय है।

### वैश्विक सौर ऊर्जा अब 1,600 गीगावाट हुई

मंत्री ने उल्लेख किया कि वैश्विक सौर ऊर्जा अब 1,600 गीगावाट से अधिक हो गई है और कुल नवीकरणीय उत्पादन का करीब 40 प्रतिशत है। उन्होंने कहा, "फिर भी प्रगति असमान बनी हुई है। उप-सहारा अफ्रीका और छोटे द्वीपीय देशों में लाखों लोग अब भी निरंतर बिजली आपूर्ति के बिना जी रहे हैं। इस खाई को पाटने के लिए सामूहिक महत्वाकांक्षा एवं समान वित्त की आवश्यकता है।"

### भारत का नवीकरणीय ऊर्जा शुल्क सबसे कम

मंत्री ने कहा कि भारत के नवीकरणीय ऊर्जा शुल्क, चाहे वह सौर ऊर्जा हो, 'सोलर-प्लस-बैटरी' हो या हरित अमोनिया हो, विश्व स्तर पर सबसे कम हैं। "यह स्वच्छ ऊर्जा को किफायती बनाने के लिए गति और कौशल को संयोजित करने की देश की क्षमता को दर्शाता है।"

### दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा नवीकरणीय ऊर्जा बाजार

अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने भारत के दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा नवीकरणीय ऊर्जा बाजार बनने का अनुमान लगाया है। जोशी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्जा एजेंसी भारत को ऊर्जा परिवर्तन की एक महाशक्ति मानती है। जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक में भी भारत शीर्ष प्रदर्शन करने वाले देशों में बना हुआ है।

### भारत ने नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य किए हासिल

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वास्तव में जी-20 देशों में भारत एकमात्र ऐसा देश है, जिसने 2030 के नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों को 2021 में ही हासिल कर लिया है। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री ने कहा, "हम जलवायु परिवर्तन को कम करने के वैश्विक प्रयासों में लगातार अग्रणी बने रहे हैं।"

# देश का औद्योगिक उत्पादन सितंबर में चार प्रतिशत बढ़ा

**एजेंसी ⏭ नई दिल्ली**



देश का औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) विनिर्माण क्षेत्र के अच्छे प्रदर्शन के दम पर सितंबर में चार प्रतिशत बढ़ा है। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी मिली। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के संदर्भ में मापा गया औद्योगिक उत्पादन सितंबर, 2024 में 3.2 प्रतिशत बढ़ा था।

- विनिर्माण क्षेत्र के अच्छे प्रदर्शन से उत्पादन बढ़ा

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने अगस्त, 2025 के लिए औद्योगिक उत्पादन के वृद्धि के आंकड़ों को चार प्रतिशत के अस्थायी अनुमान से संशोधित कर 4.1 प्रतिशत कर दिया है। एनएसओ के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन सितंबर 2025 में 4.8 प्रतिशत बढ़ा जबकि सितंबर 2024 में यह चार प्रतिशत बढ़ा था। खनन उत्पादन में 0.4 प्रतिशत की गिरावट आई जबकि एक साल पहले इसमें 0.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। बिजली उत्पादन में सितंबर में 3.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि एक साल पहले इसी अवधि में इसमें 0.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-सितंबर अवधि (पहली छमाही) के दौरान देश के औद्योगिक उत्पादन में तीन प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि 2024-25 की पहली छमाही में यह 4.1 प्रतिशत रही थी।

### गैर-टिकाऊ वस्तुओं को उत्पादन में गिरावट

*टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं (एसी, फ्रिज आदि का विनिर्माण) की वृद्धि दर सितंबर 2024 के 6.3 प्रतिशत से बढ़कर समीक्षाधीन महीने में 10.2 प्रतिशत हो गई। सितंबर, 2025 में उपभोक्ता गैर-टिकाऊ वस्तुओं के उत्पादन में 2.9 प्रतिशत की गिरावट आई जबकि एक वर्ष पहले इसमें 2.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।*

### मूल वस्तुओं को उत्पादन 1.4 फीसदी बढ़ा

*आंकड़ों के अनुसार, मूल वस्तुओं का उत्पादन सितंबर, 2025 में 1.4 प्रतिशत बढ़ा, जबकि एक वर्ष पहले इसमें 1.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। मध्यवर्ती वस्तुओं के क्षेत्र में विस्तार आलोच्य महीने में 5.3 प्रतिशत रहा जबकि सितंबर, 2024 में इसमें 4.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।*

# नोएल टाटा और दो अन्य ने मेहली मिस्त्री के खिलाफ किया मतदान

**एजेंसी ⏭ नई दिल्ली**

टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा और उनके करीबी माने जाने वाले दो अन्य प्रभावशाली न्यासियों ने मेहली मिस्त्री की ट्रस्टी के रूप में पुनर्नियुक्ति के खिलाफ मतदान किया है। मामले से अवगत लोगों ने यह जानकारी दी। इससे टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी को नियंत्रित करने वाली परोपकारी इकाई में दरार और गहरी हो गई।

- ट्रस्टी के रूप में पुनर्नियुक्ति के खिलाफ किया मतदान

टाटा समूह के संरक्षक रतन टाटा का पिछले साल निधन होने के बाद नोएल टाटा को टाटा ट्रस्ट्स का प्रमुख नियुक्त किया गया था। मेहली मिस्त्री को दिवंगत रतन टाटा के करीबी माना जाता है। मामले से अवगत लोगों ने बताया कि टीवीएस मोटर कंपनी के मानद चेयरमैन वेणु श्रीनिवासन और पूर्व रक्षा सचिव विजय सिंह ने मंगलवार को मिस्त्री की न्यासी (ट्रस्टी) के रूप में पुनः नियुक्त किए जाने के खिलाफ मतदान किया। मिस्त्री का तीन साल का कार्यकाल समाप्त होने के बाद यह मतदान हो रहा था। उन्होंने बताया कि हालांकि मिस्त्री के करीबी तीन अन्य न्यासी.. सिटीबैंक इंडिया के पूर्व सीईओ प्रमित झावेरी, मुंबई के वकील डेरियस खंबाटा और पुणे के समाजसेवी जहांगीर एच. सी. जहांगीर ने उनकी पुनर्नियुक्ति का समर्थन किया।




### अदालत का रुख कर सकते हैं मिस्त्री

श्रीनिवासन को हालांकि पिछले हफ्ते सर्वसम्मति से आजीवन ट्रस्टी बना दिया गया था। मिस्त्री ने अपने अगले कदम के बारे में कुछ नहीं कहा है। ऐसा माना जा रहा है कि वह इसके खिलाफ अदालत का रुख कर सकते हैं। टाटा ट्रस्ट्स से इस घटनाक्रम के संबंध में जानकारी हासिल करने के संपर्क किया गया लेकिन उनकी ओर से इसपर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया गया।

# मुनाफावसूली से शेयर बाजार में आई गिरावट

**एजेंसी ⏭ मुंबई**

एशियाई बाजारों में कमजोरी के बीच मंगलवार को आईटी, टिकाऊ उपभोक्ता सामान और रियल्टी शेयरों में मुनाफावसूली से स्थानीय शेयर बाजार नुकसान के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 151 अंक टूट गया जबकि निफ्टी को 30 अंक का नुकसान हुआ। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 150.68 अंक की गिरावट के साथ 84,628.16 अंक पर बंद हुआ। मजबूती के साथ सत्र की शुरुआत करने वाला सेंसेक्स कारोबार के दौरान एक समय 559.45 अंक तक टूटकर 84,219.39 अंक पर आ गया था। निफ्टी 29.85 अंक की गिरावट के साथ 25,936.20 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में ट्रेंट, आईसीआईसीआई बैंक, टेक महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावर ग्रिड, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और बजाज फाइनेंस के शेयरों में प्रमुख रूप से




गिरावट रही। हालांकि, टाटा स्टील, लार्सन एंड टुब्रो, भारतीय स्टेट बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर चढ़कर बंद हुए। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''घरेलू बाजार उतार-चढ़ाव के बीच नकारात्मक दायरे में रहे ।

# अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध : पुरी

**एजेंसी ⏭ हैदराबाद**

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की आपूर्ति फिलहाल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है और किसी एक स्त्रोत में बाधा आने पर वैकल्पिक आपूर्ति मार्ग भी मौजूद हैं।

- बाधा आने पर वैकल्पिक आपूर्ति मार्ग भी उपलब्ध

पुरी ने यहां एक संवाद सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारत परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात के मामले में तेजी से आगे बढ़ रहा है और पिछले वित्त वर्ष में 50 से अधिक देशों को 45 अरब डॉलर से अधिक मूल्य का परिष्कृत तेल निर्यात किया गया। वर्तमान में भारत तेल रिफाइनिंग क्षमता के मामले में दुनिया में चौथे स्थान पर है और तीसरे स्थान तक पहुंचने का लक्ष्य रखता है। पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि इस समय भारत 40 देशों से कच्चा तेल आयात कर रहा है।



### 420 में से 101 रिफाइनरी 10 वर्ष में होगी बंद

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विभिन्न अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया की 420 में से करीब 101 रिफाइनरी के अगले सात से 10 वर्षों में बंद होने का जोखिम है। उन्होंने कहा, "इसका मतलब है कि वैश्विक रिफाइनिंग क्षमता का लगभग 20 प्रतिशत घट सकता है। लेकिन भारत की स्थिति मजबूत है।

# सेबी ने वेदांता की स्टरलाइट इलेक्ट्रिक का आईपीओ रोका

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने वेदांता समूह की कंपनी स्टरलाइट इलेक्ट्रिक लिमिटेड के प्रस्तावित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को फिलहाल स्थगित कर दिया है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की वेबसाइट पर सोमवार को स्टरलाइट इलेक्ट्रिक के आईपीओ को 'स्थगित किए जाने'' की जानकारी दी। हालांकि इस निर्णय का कारण नहीं बताया गया है।कंपनी ने अक्टूबर महीने की शुरुआत में ही आईपीओ की मंजूरी संबंधी मसौदा दस्तावेज दाखिल किया था। प्रस्तावित आईपीओ में 77.9 लाख इक्विटी शेयरों का ताजा निर्गम और उतने ही शेयरों की बिक्री पेशकश होने वाली थी। बाजार सूत्रों के अनुसार, कंपनी इस आईपीओ के जरिये करीब 1,500 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही थी।


**कार्यालय, नगर पंचायत पुसौर जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़)**

क्रमांक /941/लो.क.शा./न.पं./2025-26 पुसौर, दिनांक : 28/10/2025

**ई-प्रोक्योरमेन्ट प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

1. Date of issue of Tender :- 29/10/2025 Time 10.30 AM
2. Last Date of Online Submission for Technical & Financial Bid :- 21/11/2025 Time 5.30 PM
3. Last Date for Submission of physical bid :- 28/11/2025 Time 5.00 PM
4. Bid Open Date :- 28/11/2025 Time 5.30 PM

| क्र. | सि.नि. क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | अमानत राशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र शुल्क (लाख में) | समय सीमा (वर्षा ऋतु को छोड़कर) | मूल दस्तावेज का फिजिकल लिफाफा नगर पंचायत पुसौर कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 178184 | वार्ड 03 पुष्पवाटिका उद्यान निर्माण कार्य। (SOR+Non SOR) | 292.40 | 1.50 | 0.03 | 09 माह | 28/11/2025 समय 05.00 PM |
| 2 | 178195 | वार्ड 15 में चंदन तालाब का सौन्दर्यीकरण कार्य। (SOR+Non SOR) | 210.40 | 1.20 | 0.03 | 09 माह | |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय आकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है। निविदा नियम शर्तो का अवलोकन ध्यान पूर्वक भली भांति किया जावे।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत पुसौर, जिला रायगढ़ (छ.ग.)



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**मोतीबाग कार्यशाला, नागपुर में ASBMP स्विंग टेबल की मरम्मत के लिए ई-निविदा सूचना**

मुख्य कार्यशाला प्रबंधक, MIB-WS, क्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित है: **निविदा सूचना सं.:** एमआईबीडब्ल्यू-2025 19-06-03-3 दिनांक: 23.10.2025 **कार्य का विवरण:** कार्य के दायरे के अनुसार मोतीबाग वर्कशॉप, नागपुर में खुली निविदा के माध्यम से सरफेस एयरलेस शॉट ब्लास्टिंग मशीन स्विंग टेबल टाइप, मॉडल - ASBMP -1200 की मरम्मत। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 5,69,350/- (रु. पांच लाख उनहत्तर हजार तीन सौ पचास मात्र), GST @ 18% सहित, **बयाना राशि:** ₹ 11,400/- (रु. ग्यारह हजार चार सौ मात्र), **अनुबंध की अवधि:** 45 दिन, **निविदा प्रपत्र मूल्य:** ₹ 0 (शून्य)। **निविदा जमा करना:** बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोलियां केवल दिनांक **14.11.2025** के **11:00** बजे तक ही प्रस्तुत कर सकते है। निविदा अंतर्गत मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है। ऐसे प्रस्तुत किए गए मैनुअल प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया जाएगा। निविदा विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**सहायक कार्यशाला प्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**

FL/34-163

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर



**राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम-मिनीरत्न कम्पनी)
CIN NO. U74899DL1963GOI003913, (An ISO 9001:2015 & 14001:2015 Certified Company)

क्षेत्रीय कार्यालय : मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़, 48-49, सेक्टर-बी, औद्योगिक क्षेत्र, गोविन्दपुरा, भोपाल-462023
फोन : 0755-2580271, 2580319 ई-मेल: mktgnscbhopal@gmail.com, rm.bhopal@indiaseeds.com, वेबसाइट: www.indiaseeds.com

उत्पादन.5(5)A/रा.बी.नि./आर.ओ.-भो/2025-26 दिनांक : 27.10.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

क्षेत्रीय कार्यालय, राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, गोविंदपुरा, भोपाल आधारीय/प्रमाणित मसूर (300 क्विंटल), चना (100 क्विंटल) एवं बरसीम (20 क्विंटल) की प्रदायगी हेतु, जो कि रबी-2024-25 के उत्पादन से उत्पादित हों, को क्रय करने हेतु प्रतिष्ठित बीज उत्पादकों/संस्थानों/सहकारी समितियों एवं बीज कंपनियों से स्व-उत्पादित, बीज की मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ पर ऑफलाइन (offline) निविदा दिनांक 03/11/2025 को आमंत्रित करता है।

अधिक जानकारी हेतु हमारी वेबसाइट www.indiaseeds.com को देखें। निविदा में भाग लेने हेतु टेंडर फार्म दिनांक 03/11/2025 को मध्यान्ह 12:30 बजे तक जमा किए जा सकते है। संशोधन/ परिशिष्ट यदि कोई हुआ तो एनएससी वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

क्षेत्रीय प्रबंधक



**यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** / **Union Bank of India**

**आस्ति वसूली शाखा, जबलपुर**
क्षेत्रीय कार्यालय - रसल चौक, नेपियर टाउन, जबलपुर - 482001
मो.- 9326079130 ई-मेल: arb.jabalpur@unionbankofindia.bank

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु नीलामी सूचना**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।
आम लोगों को तथा विषेष रूप से उधार लेने वाले और प्रतिभूतिदाता को यह नोटिस दिया जाता हैं की नीचे वर्णित अचल संपत्तियों जिसका सांकेतिक/भौतिक कब्जा प्रतिभूति लेनदार यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की संबंधित शाखा के पास प्रभारित है उक्त संपत्तियों को "जहां है जैसा है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर दिनांक 14.11.2025, दोपहर 12:00 बजे से शाम 05:00 बजे के मध्य प्रतिभूत लेनदार की निम्नलिखित संबंधित ऋणियों एवं प्रतिभूति दाताओं से निम्नलिखित बाकाया धन राशि की वसूली हेतु बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं धरोहर राशि तथा अन्य विस्तृत की जानकारी निम्नानुसार है।

| क्र. | ऋणी / जमानतदार एवं शाखा का नाम | संपत्ति का विवरण | बकाया राशि (रू.) | आरक्षित मुल्य / धरोहर राशि / बिड़ वृद्धि राशि | सम्पर्क व्यक्ति का नाम एवं मोबाईल नं. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | उधारकर्ता: मेसर्स जीबी गारमेंट्स<br>मालिक के माध्यम से: मोहम्मद. जावेद उस्मानई पुत्र मोहम्मद रऊफ उस्मानी<br>पता: नॉर्थ मिलोनीगंज, मेन रोड, गोहलपुर, जबलपुर जिला-जबलपुर, एम.पी.-482002 | राजीव गांधी वार्ड, गोहलपुर, जबलपुर में स्थित मोहम्मद जावेद उस्मानी के नाम पर भूमि और भवन, नजूल ब्लॉक नंबर 21, पुराने प्लॉट नंबर 27 का हिस्सा, म्यूटेशन के बाद नया खसरा नंबर 27/9, माप 1512.25 वर्ग फुट।<br>रजिस्ट्री के अनुसार सीमाएं: पूर्व: धोभी का प्लॉट, पश्चिम: दूसरों की संपत्ति, उत्तर: हबीबा का प्लॉट, दक्षिण: साइड रोड | Rs. 30,08,768.52 with further Interest, cost & expenses | Rs. 15,30,000/-<br>Rs. 1,53,000/-<br>Rs. 15,300/- | Shashi Prakash 9326079130 |

विक्रय से संबंधित और शर्तों के ब्यौरे के लिए वेबसाईट https://baanknet.com and https://www.unionbankofindia.co.in/auction-property/view-auction-property.aspx

स्थान: जबलपुर दिनांक: 29.10.2025

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: श्री शशि प्रकाश - 9326079130

प्राधिकृत अधिकारी
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

## भाजपा प्रदेश कार्यालय में उत्सव का माहौल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से मिले नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारी

# भाजपा की विचारधारा और सरकार के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना मकसद: खंडेलवाल



### पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल से सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश मंत्री संगीता सोनी एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार ने सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचकर मुलाकात की।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी एवं प्रदेश मंत्री संगीता सोनी ने जनसंघ के संस्थापक सदस्य व एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल से भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश उपाध्यक्ष रणवीर सिंह रावत, प्रदेश मंत्री राजो मालवीय, प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल ने भी सौजन्य भेंटकर नवीन दायित्व के लिए आभार व्यक्त किया। नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों ने प्रदेश संगठन में दिए गए दायित्व को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व पार्टी नेतृत्व का आभार जताया।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर पं. दीनदयाल और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बताए मार्ग पर चलकर पार्टी को आगे बढ़ाना है।

### आभार जताने के लिए आए

खुशी के अवसर पर हम यह गरबा करते हैं। हम आज यहां प्रदेश मंत्री संगीता सोनी के साथ भाजपा संगठन का आभार जताने के लिए आए हैं। हमें बहुत खुशी है कि संगीता सोनी को प्रदेश मंत्री बनाया गया है।

**संजय बाबर**, कार्यकर्ता

### करीब 300 कार्यकर्ता आए

हम झाबुआ से सुबह 8:30 बजे भोपाल के लिए निकले थे और यहां शाम को 5 बजे पहुंचे है। आज हम यहां भाजपा संगठन का आभार व्यक्त करने आए है। हमारे साथ करीब 300 कार्यकर्ता आए हैं।

**महेश नागर**, कार्यकर्ता

### अपनी खुशी जाहिर की है

हमारे क्षेत्र से प्रदेश मंत्री संगीता सोनी को बनाया गया है। इसी खुशी में हम सभी कार्यकर्ता यहां आभार जताने के लिए आए है। यहां हमने गरबा के माध्यम से अपनी खुशी जाहिर की है।

**गुड्डू बसूनिया**, कार्यकर्ता

### सभी कार्यकर्ता यहां एकजुट हुए हैं

पूर्वजों से परंपरा रही है कि हम खुशी के अवसर पर आदिवासी गरबा करते हैं। आज हमारे लिए खुशी का दिन है और हम सभी कार्यकर्ता यहां एकजुट हुए है। बहुत अच्छा लग रहा है।

**रमेश मगन भूरिया**, कार्यकर्ता

### जनता की सेवा कर उनके दिल में बनाएं पार्टी के लिए स्थान



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी के साथ आए कार्यकर्ताओं को माल्यार्पण के बाद संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का संगठन जितना अधिक मजबूत होगा, हम जनता की सेवा उतने ही बेहतर तरीके से कर पाएंगे। पार्टी के सभी कार्यकर्ता जनता की सेवा कर उनके दिलों में पार्टी के लिए स्थान बनाएं। मध्यप्रदेश में भाजपा का संगठन आज हर-हर गांव व घर तक पहुंच चुका है। हमें भाजपा के लिए लोगों के दिलों में स्थान बनाना है।

### कार्यकर्ताओं ने जताया आभार

प्रदेश कार्यालय में प्रदेश मंत्री संगीता सोनी के साथ झाबुआ से आए करीब 300 कार्यकताओं ने आदिवासी गरबा करके भाजपा संगठन का आभार जताया। कार्यकताओं ने कहा कि उनके क्षेत्र से संगीता सोनी को प्रदेश मंत्री की जिम्मेदारी देने पर कार्यकर्ताओं द्वारा गरबा करके आभार जताया गया है।

---

## खबर संक्षेप

### मंगलवार दोपहर हुई मोहन कैबिनेट की बैठक

**भोपाल।** मंगलवार को दोपहर 3 बजे मुख्यमंत्री मोहन यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक हुई। इस कैबिनेट में दर्जन भर से ज्यादा विषयों पर चर्चा की गई। सीएम सचिवालय की ओर से मंत्री सदस्यों को सूचना दी गई है। महिला बाल विकास और स्वास्थ्य विभाग के सबसे ज्यादा मामलों पर विचार किया गया। महिला बाल विकास में भर्ती की स्वीकृति का विषय इसमे शामिल है। इसके अलावा पोषण ट्रैकिंग एप के जरिए मानीटरिंग के प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई। 3 हजार आंगनबाड़ियों को बनाए जाने के प्रस्ताव पर भी गहन विचार विमर्श हुआ।

### कोदो- कुटकी उपार्जन के पंजीयन की तिथि बढ़ी

**भोपाल।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने किसानों के हित में कोदो- कुटकी उपार्जन के लिए पंजीयन की तिथि 31 अक्टूबर 2025 तक बढ़ा दी है। रानी दुर्गावती श्री अन्न प्रोत्साहन योजना अंतर्गत श्रीअन्न प्रोत्साहन कंसोर्टियम ऑफ फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा 16 जिलों जबलपुर, कटनी, मंडला, डिंडोरी, छिंदवाड़ा, शहडोल, मैहर, सतना, मऊगंज, बालाघाट एवं सिवनी आदि में कोदो एवं कुटकी उपार्जन किया जाना है। खरीफ वर्ष 2025 में ई-उपार्जन पोर्टल पर 10 से 24 अक्टूबर तक पंजीयन किए जाने का निर्णय लिया गया था।

---

## समाज-संस्कृति-संस्कारों को पल्लवित कर रहा गायत्री परिवार

## मुख्यमंत्री ने युवा चिंतन शिविर के शुभारंभ-सत्र को किया संबोधित

# आत्म, राष्ट्र और युग निर्माण के लिए युवा चिंतन शिविर का होना अत्याधिक गर्व का विषय: डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि जिस प्रकार हृदय, शरीर के रक्त को शुद्ध कर हमारी आयु बढ़ाता है, उसी प्रकार गायत्री परिवार समाज-संस्कृति-संस्कारों को पुष्पित-पल्लवित कर नई ऊर्जा का संचार कर रहा है। प्रांतीय युवा चिंतन शिविर के माध्यम से आत्म निर्माण-राष्ट्र निर्माण और युग निर्माण की यह गतिविधियां देश के दिल में बसे मध्यप्रदेश से संचालित हो रही हैं। हम सबको इस पर गर्व है। डॉ यादव सोमवार को शारदा विहार विद्यालय में आयोजित अखिल विश्व गायत्री परिवार के तीन दिवसीय प्रांतीय युवा चिंतन शिविर के शुभारंभ-सत्र को संबोधित कर रहे थे।



### राम और कृष्ण के जीवन प्रसंग पाठ्यक्रमों में शामिल

सीएम ने कहा कि बदलते दौर में भारतीय संस्कृति के सामने चुनौतियां हैं, परंतु भारत और विश्व में गायत्री परिवार की अखंड ज्योति भी प्रज्ज्वलित है। गायत्री परिवार, सर्वे भवंतु सुखिनः की भावना को ही अपना धर्म मानकर कार्य कर रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, नारी उत्थान, पर्यावरण, ग्राम विकास और नशा मुक्ति के क्षेत्र में गतिविधियों के माध्यम से धर्म सेवा और राष्ट्र निर्माण का कार्य निरंतर जारी है।

### हम बदलेंगे, युग बदलेगा की भावना परिवार का आधार

गायत्री परिवार के डॉ चिन्मय पंड्या ने कहा कि अखिल विश्व गायत्री परिवार कोई संस्था नहीं बल्कि एक जीवन दर्शन है। पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने गायत्री मंत्र को केवल जप नहीं बल्कि जीवन की दिशा बनाया। उन्होंने सिखाया कि युग परिवर्तन का आरंभ व्यक्ति के भीतर से होता है। उन्होंने 'हम बदलेंगे युग बदलेगा' की सीख देते हुए बताया कि जब मनुष्य स्वयं सुधरता है तो परिवार सुधरता है। परिवार सुधरता है तो समाज बदलता है और समाज बदलता है तो राष्ट्र बदलता है। यही गायत्री परिवार के विचार का आधार है। भगवती देवी शर्मा ने इस विचार को मातृत्व का स्वर दिया और सेवा को साधना बना दिया।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज जलवायु परिवर्तन और सतत् विकास वैचारिक संगोष्ठी में होंगे शामिल

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में 12 बजे जलवायु परिवर्तन और सतत विकास वैचारिक संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। संगोष्ठी का आयोजन राज्य नीति आयोग, मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद और एप्को के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। नर्मदा समग्र, सिकोईडिकोन, पैरवी और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय कार्यक्रम के सह-आयोजक हैं। संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य जलवायु परिवर्तन के समाधान में राज्यों की भूमिका पर विमर्श करना और व्यक्ति, समाज एवं सरकारों की सहभागिता से सतत विकास के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना है। जलवायु संकट, जो जल, जंगल, जमीन, जैव विविधता और मानव जीवन के सभी पहलुओं को प्रभावित कर रहा है और वर्तमान समय की गंभीर चुनौती है। यह संगोष्ठी नवंबर 2025 में ब्राजील में होने वाले संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन के लिए पूर्व परामर्श का कार्य करेगी। इसके सुझाव और विचार सीओपी30 के अंतरराष्ट्रीय मंच पर साझा किए जाएंगे। मध्यप्रदेश इस चर्चा को शुरू करने वाला भारत का पहला राज्य बन गया है।

### 1 से 15 नवंबर तक विकासात्मक गतिविधियों का होगा संचालन, जनजातीय नायकों पर केंद्रित होंगी प्रदर्शनियां

## जनजातीय गौरव दिवस के रूप में भव्यता के साथ मनाएं बिरसा मुंडा जयंती: मुख्यमंत्री

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वें जयंती वर्ष के समापन अवसर पर 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस भव्यता से मनाया जाए। साथ ही एक नवम्बर से 15 नवम्बर तक ग्राम पंचायतों से राजधानी स्तर तक विभिन्न गतिविधियों का संचालन हो। स्वतंत्रता के लिए संघर्ष में भगवान बिरसा मुंडा के योगदान पर शिक्षण संस्थाओं में गतिविधियां संचालित की जाएं। प्रदेश के विभिन्न अंचलों में सक्रिय रहे जनजातीय नायकों पर केन्द्रित प्रदर्शनियां लगाई जाएं। स्वतंत्रता आंदोलन में जनजातीय समुदाय के योगदान पर वाद-विवाद प्रतियोगिता, निबंध, भाषण, क्विज और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों का संचालन हो। डॉ यादव ने जनजातीय गौरव दिवस के संबंध में मुख्यमंत्री निवास



स्थित समत्व भवन में सोमवार को आयोजित बैठक में यह निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि स्व-सहायता समूहों के सम्मेलन, हस्तशिल्प की प्रदर्शनी और लोक कलाओं पर केन्द्रित गतिविधियों का भी आयोजन किया जाए। जनजाति बहुल क्षेत्रों में इस अवधि में लगने वाले मेलों में स्वतंत्रता सेनानियों से संबंधित विषय-वस्तु का प्रदर्शन किया जाए। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के समापन अवसर पर होने वाले कार्यक्रमों में शासकीय कल्याणकारी कार्यक्रमों और विकास गतिविधियों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के लिए भी गतिविधियां हों। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई, शिवशेखर शुक्ला, प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य गुलशन बामरा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

---

### एर्राबोर थाना क्षेत्र का मामला, पहचान के प्रयास तेज

# राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर मिला युवक का शव, जांच जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर एक युवक का शव मिलने से स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया है। सूचना मिलते ही एर्राबोर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस फिलहाल मृतक की शिनाख्त करने और मामले की तह तक जाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। सुकमा जिले के एर्राबोर थाना क्षेत्र के ग्राम मुलाकिसोली के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर सड़क किनारे एक युवक का शव बरामद हुआ। शव मिलने की खबर फैलते ही आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई।

स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। घटना की जानकारी मिलते ही एर्राबोर पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इसके साथ ही, मृतक की पहचान सुनिश्चित करने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने मृतक की तस्वीर सभी थानों और चौकियों में भेज दी है, ताकि उसकी पहचान की जा सके।

### अज्ञात महिला का शव बरामद

*बलौदाबाजार-भाटापारा। जिले में एक बार फिर सनसनीखेज वारदात सामने आई है। थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बुडगहन नाला में एक अज्ञात शव मिलने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंगलवार की प्रातः स्थानीय ग्रामीणों ने नाला किनारे एक शव पड़ा देखा और तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस दल मौके पर पहुंचा और घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच में यह शव किसी महिला का प्रतीत हो रहा है, हालांकि मृतक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। पुलिस द्वारा ग्रामवासियों से पूछताछ की जा रही है एवं पंचनामा कार्यवाही के पश्चात शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि शव कितने दिन पुराना है या मौत किन परिस्थितियों में हुई, परंतु घटनास्थल की स्थिति को देखते हुए मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। लगातार जिले में अज्ञात शवों के मिलने से क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल व्याप्त है। पुलिस ने मामले की गहन जांच शुरू कर दी है और कहा है कि जांच पूरी होते ही विस्तृत जानकारी सार्वजनिक की जाएगी।*


### बम निरोधक दस्ते ने सुरक्षित तरीके से किया डिस्पोजल

# *नक्सली साजिश नाकाम आईईडी बम किया बरामद*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

फूलबगड़ी इलाके में सुरक्षाबलों ने एक बड़ी नक्सली साजिश को नाकाम किया है। फूलबगड़ी-बड़ेशेट्टी मार्ग किनारे करीब 40 किलो वजनी आईईडी बम बरामद किया गया, जिसे माओवादियों ने सुरक्षाबलों को निशाना बनाने की नीयत से प्लांट किया था।

गश्त पर निकले जिला पुलिस बल और 159वीं बटालियन सीआरपीएफ के जवानों ने समय रहते इस विस्फोटक का पता लगाया और बम निरोधक दस्ते की मदद से सुरक्षित तरीके से डिस्पोजल कर दिया। सौभाग्य से किसी भी जवान या आम नागरिक को कोई नुकसान नहीं हुआ। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में



सघन सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है ताकि इलाके में माओवादियों की किसी और हरकत का पता लगाया जा सके। पुलिस ने बताया है कि घटना के संबंध में आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है, और प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि यह आईईडी सुरक्षाबलों की नियमित आवाजाही को निशाना बनाने के लिए लगाया गया था।

### जगन्नाथ, सुभद्रा और बलराम के किए दर्शन, मांगा आशीर्वाद

# सीएम साय सपत्नीक पहुंचे भगवान जगन्नाथ मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंगलवार सुबह 8:30 बजे कुनकुरी स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर पहुंचकर महाप्रभु श्री जगन्नाथ, सुभद्रा और बलराम जी के दर्शन किए। मुख्यमंत्री ने अपनी पत्नी कौशल्या साय के साथ विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि, शांति और कल्याण की मंगल कामना की।

उन्होंने मंदिर परिसर में श्री जगन्नाथ सेवा समिति कुनकुरी द्वारा मंगलवार से 5 नवम्बर तक चलने वाले तुलसी अर्चन कार्यक्रम में भी भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने भगवान जगन्नाथ को 51 हजार तुलसी दल अर्पित कर विशेष पूजन किया। साथ ही वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच प्रदेश की प्रगति, समरसता



और जनकल्याण के लिए आशीर्वाद मांगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान में ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को एकता और भक्ति के सूत्र में बांधते हैं। उन्होंने समिति को इस पावन आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, अन्य जनप्रतिनिधियों, स्थानीय नागरिकों, पुजारीगण एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान पूरा वातावरण जय जगन्नाथ के उद्घोष से गूंज उठा।

---

### मप्र में यह पहली बार हो रहा है कि पार्टी अपना पॉडकास्ट चैनल कर रही लॉन्च

## प्रदेश कांग्रेस दफ्तर में पॉडकास्ट को लेकर स्टूडियो तैयार

# मध्यप्रदेश कांग्रेस में पॉडकास्ट प्रतिस्पर्धा का जोश हाई, पटवारी का वॉइस ऑफ वॉइसलेस, सिंघार का जनपक्ष जल्द होगा लॉन्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस के दो कद्दावर नेताओं के बीच सोशल मीडिया पॉडकास्ट प्रतिस्पर्धा शुरू हो गई है। प्रदेश कांग्रेस दफ्तर में हाल ही में 'वॉइस ऑफ वॉइसलेस' पॉडकास्ट को लेकर स्टूडियो तैयार किया गया है। जिस पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी सहित अन्य नेता अपनी बात जनता तक पहुंचाएंगे। जैसे ही यह खबर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार तक पहुंची तो उन्होंने भी अपना पॉडकास्ट 'जनपक्ष ' शुरू करने की तैयारी कर ली है।

सिंघार के इस पॉडकास्ट का पहला एपिसोड एक नवंबर को प्रसारित होगा। इन दोनों में से कौन-सा पॉडकास्ट जनता के बीच अधिक प्रभाव छोड़ता है, यह भी प्रतिस्पर्धा का हिस्सा माना जा रहा है। पीसीसी अपना चैनल दो-तीन दिन में लांच कर देगी, जबकि नेता प्रतिपक्ष एक नवंबर को इसे लांच करेंगे। कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री डॉ. संजय कांमले ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस के दफ्तर में स्टूडियो का निर्माण कांग्रेसजनों के सहयोग से किया जा रहा है, जिन्होंने आर्थिक मदद देकर स्टूडियो बनाया गया है। मध्यप्रदेश में यह पहली बार हो रहा है कि पार्टी अपना पॉडकास्ट चैनल लॉन्च कर रही है। इसे सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए व्यापक रूप से प्रचारित किया जाएगा।




### वॉइस आफ वॉइसलेस

कांग्रेस का मीडिया मंच प्रदेश कांग्रेस कमेटी अपने पॉडकास्ट वॉइस ऑफ वॉइसलेस के माध्यम से पार्टी की विचारधारा और सरकार की गलत नीतियों को जनता तक पहुंचाने का दावा कर रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में शुरू हो रहे इस पॉडकास्ट से कांग्रेस आवाज की जनता तक सीधे पहुंचाने का काम करेगी।

### सिंघार के जनपक्ष से उठेगी जनता की आवाज

कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भी अपनी डिजिटल मौजूदगी को मजबूत करने के लिए जनपक्ष विथ उमंग सिंघार नामक पॉडकास्ट की घोषणा कर दी है। उनका यह पॉडकास्ट 1 नवंबर 2025 से शुरू होगा, जिसमें वे जनहित के मुद्दों पर अपनी बात रखेंगे और आम जनता की व्यथा को उजागर करेंगे। उनके पहले एपिसोड का विषय जनसेवा मित्रों की कहानी होगा सिंघार के अनुसार, जनसेवा मित्रों की यह कहानी सत्ता की संवेदनहीनता और प्रणाली की सच्चाई बयान करती है। जनता को भी उनकी आवाज सुननी चाहिए। जनपक्ष का पूरा एपिसोड 1 नवंबर को उमंग सिंघार के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर प्रसारित होगा।



## 'कांतारा चैप्टर-1' का कलेक्शन पहुंचा 800 करोड़ रुपए के पार

**मुंबई।** कन्नड़ सुपरस्टार ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांतारा चैप्टर-1' पिछले 25 दिनों से सिनेमाघरों की टिकट खिड़की पर कब्जा जमाए हुए है। पिछले हफ्तों में फिल्म की कमाई में किसी तरह की कोई गिरावट नहीं देखी गई है। इसी के साथ फिल्म ने लगातार कई बड़ी सुपरहिट फिल्मों के भी रिकॉर्ड तोड़े हैं। लेकिन अब ऋषभ शेट्टी की इस फिल्म ने इस साल की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर मूवी 'छावा' का भी रिकॉर्ड तोड़ दिया है। 'कांतारा चैप्टर-1' की कमाई का आंकड़ा अब 800 करोड़ के पार पहुंच गया है। रिपोर्ट के अनुसार, ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांतारा चैप्टर-1'ने 25वें दिन 10 करोड़ का कलेक्शन किया है।

लाइफ Style

# सोनल

## 'मिर्जापुरः द फिल्म' में एंट्री

एजेंसी ▶▶| मुंबई

'जन्नत' फेम अभिनेत्री सोनल चौहान की एंट्री 'मिर्जापुर: द फिल्म' में हो गई है। इसकी जानकारी मेकर्स ने सोशल मीडिया के जरिए दी। सोनल ने भी टीम को थैंक्स कहते हुए एक पोस्ट किया है। अभिनेत्री सोनल चौहान को 'जन्नत' और 'आदिपुरुष' जैसी फिल्मों में काम करने के लिए जाना जाता है।

सोनल अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक शानदार गिफ्ट हैंपर और प्रोडक्शन हाउस के एक नोट की झलक दिखाई। नोट में जानकारी दी गई है कि सोनल अब मिर्जापुर फिल्म का हिस्सा हैं। इस नोट में लिखा है, प्रिय सोनल, हम आपको 'मिर्जापुर' की टीम में पाकर बहुत उत्साहित हैं। हम पर्दे पर आपके अभिनय का जादू को देखने के लिए बेताब हैं। सोनल ने अपनी पोस्ट में लिखा, मैं मिर्जापुरः द फिल्म' में शामिल होने के लिए बेहद उत्साहित हूं। इस टीम का हिस्सा बनकर बहुत खुशी हुई और मैं आप सभी को यह देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रही हूं कि हम पर्दे पर क्या-क्या दिखाने वाले हैं। इस आइकॉनिक फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनाने के लिए आप सभी का धन्यवाद।" सोनल ने कैप्शन में लिखा, यकीन नहीं हो रहा है। इतने अविश्वसनीय और बदलावकारी सफर का हिस्सा बनकर बहुत खुशी हो रही है। इस फिल्म की शूटिंग वाराणसी में शुरू हो चुकी है। इस फिल्म में अली फजल एक बॉडी बिल्डर के रूप में दिखाई देंगे, इसके लिए उन्होंने जमकर ट्रेनिंग भी ली है। क्राइम-थ्रिलर फिल्म 'मिर्जापुर' में गद्दी के लिए लड़ते बाहुबलियों की दुनिया को दिखाया जाएगा। यह फिल्म 2026 में रिलीज होगी।




हॉलीवुड मसाला



## बुगोनिया के प्रीमियर में बिखेरा जलवा

**न्यूयॉर्क।** हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री और ऑस्कर विजेता एमा स्टोन एक बार फिर अपने ग्लैमरस अंदाज़ को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी नई फिल्म 'बुगोनिया' के न्यूयॉर्क प्रीमियर में शिरकत की, जहां उनका स्टाइल और लुक चर्चा का विषय बना रहा। अब इस दौरान की उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। यह प्रीमियर न्यूयॉर्क सिटी के म्यूज़ियम ऑफ मॉडर्न आर्ट में होस्ट किया गया, जहां एमा स्टोन अपने को-स्टार्स जेसी प्लेमन्स, एलिसिया सिल्वरस्टोन और लिली शीन के साथ रेड कार्पेट पर नजर आईं।



## जो जोनस ने तलाक पर तोड़ी चुप्पी...

लॉस एंजेलिस। हॉलीवुड सिंगर जो जोनस ने आखिरकार तलाक पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। वो और उनकी वाइफ सोफी टर्नर का रिश्ता टूट चुका है। जो जोनस ने कहा, 'तलाक मुश्किल होता है। ये किसी के लिए भी आसान नहीं होता। लोग बहुत जल्दी अनुमान लगा लेते हैं। जो ने आगे कहा, 'लोग बहुत सी परिस्थितियों से गुजर रहे हैं और यह फैक्ट कि मैं परफॉर्म करने जा सकता हूं और लोगों को कुछ महसूस करा सकता हूं और शायद उनका ध्यान उन परिस्थितियों से हटा सकता हूं जिनसे वे गुजर रहे हैं, या उनके तलाक से, दो घंटे के लिए जब वे एक म्यूजिक कॉन्सर्ट देखने आते हैं, इससे मुझे बहुत उद्देश्य मिला।' सिंगर ने खुलासा किया कि वो अपने बच्चों के लिए कुछ भी कर सकते हैं, यहां तक कि अपनी को-पैरेंट सोफी के साथ रिश्ता भी बना सकते हैं।



## 7 को स्ट्रीम होगी हुमा की महारानी-4

**मुंबई।** महारानी' सबसे लोकप्रिय राजनीतिक ड्रामा सीरीज में से एक है, जिसमें हुमा कुरैशी रानी भारती की भूमिका में फिर से धमाका करने वाली है। तीन सीजन की लोकप्रियता और सफलता के बाद यह सीरीज अपने चौथे सीजन के साथ धमाकेदार वापसी के लिए तैयार है। 'महारानी 4' की घोषणा पहले ही कर दी गई थी और 9 अक्टूबर को निर्माताओं ने इसके ओटीटी प्रीमियर की तारीख के साथ ट्रेलर भी जारी कर दिया था। यह सीरीज 7 नवंबर को सोनी लिव पर रिलीज होने वाली है। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने एक्स पर सीरीज का ट्रेलर शेयर करते हुए लिखा, 'शेरनी अपने घर की रक्षा के लिए लौटी! रानी अपनी अब तक की सबसे बड़ी लड़ाई के लिए तैयार। #महारानी4 7 नवंबर से सिर्फ सोनी लिव पर स्ट्रीमिंग।'




## 'मस्ती-4' का पोस्टर आउट ट्रेलर भी रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड की कल्ट कॉमेडी फ्रेंचाइज़ी 'मस्ती' की वापसी को लेकर दर्शकों में उत्साह चरम पर है। पोस्टर के द 'मस्ती 4' की ट्रेलर रिलीज से दर्शक उत्साहित हो गए हैं और इसी उत्साह को देखते हुए वेवबाउंड प्रोडक्शन ने कलरफुल और एनर्जी से भरपूर एनसेंबल पोस्टर रिलीज कर उनके उत्साह को और भी हाई कर दिया है। यह पोस्टर फिल्म के मस्त, मज़ेदार और ओवर-द-टॉप अंदाज़ को पूरी तरह दर्शाता है। मिलाप मिलन ज़वेरी की ओर से लिखित और निर्देशित 'मस्ती 4' में वापसी कर रही है, रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय और आफताब शिवदासानी की वही आइकॉनिक तिकड़ी, जो दोबारा अमर, मीत और प्रेम के अपने पॉपुलर किरदारों में नजर आएंगे।

टीवी मसाला

## जय भानुशाली और माही विज ने दी तलाक की अर्जी

**मुंबई।** टीवी के पावर कपल कहे जाने वाले एक्टर जय भानुशाली और माही विज एक बार फिर से सुर्खियों में छाए हुए हैं। दरअसल, एक बार फिर से जय भानुशाली और माही विज के तलाक की खबरें आने लगी हैं। खबर है कि जय भानुशाली और माही विज अब अपने 14 साल पुराने शादी के रिश्ते को तोड़ना चाहते हैं। हालांकि, अभी तक इनके तलाक को लेकर कोई कंफर्म रिपोर्ट सामने नहीं आई है, लेकिन सोशल मीडिया पर खबर है कि इन दोनों एक्टर्स ने कोर्ट में तलाक की अर्जी दे दी है। बताया जा रहा है कि जय भानुशाली और माही विज शादी के 14 साल बाद अलग होने के लिए कोर्ट में तलाक की अर्जी दे दी है। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक, जय और माही ने इसी साल जुलाई-अगस्त महीने में अपने तलाक के पेपर्स पर साइन कर दिए थे। इसके अलावा, दोनों काफी टाइम से अलग-अलग रह रहे हैं। तलाक के साथ-साथ बच्चों की कस्टडी को लेकर भी फैसला हो चुका है। बता दें कि जय भानुशाली और माही विज की शादी साल 2011 में हुई थी।



## छठ पर पवन सिंह के गाने ने मचाया तहलका, 2 दिन में व्यूज मिलियन्स के पार

*छठ का पावन पर्व देशभर में सेलिब्रेट किया जा रहा है, बिहार में इस पर्व का खास महत्व रहता है। भोजपुरी इंडस्ट्री हर साल कई गाने छठ पर्व के मौके पर रिलीज करती है। पवन सिंह ने छठ के मौके पर व्यस्त होने के बावजूद कई गाने बनाए हैं।*

**मुंबई।** हाल ही में आपने 'घाट चलले मोदी नीतीश' सुना और अब उनका एक और गाना यूट्यूब के ट्रेंडिंग लिस्ट में अपनी जगह बना चुका है। 25 अक्टूबर को रिलीज हुए पवन सिंह और प्रियंका सिंह के गाने- 'कवना कलमवाँ से लिखलऽ करमवाँ' को खूब सुना जा रहा है।

गाना यूट्यूब के म्यूजिक कैटेगरी में नंबर 1 पर ट्रेंड हो रहा है। गाने को दो दिन में 3.5 मिलियन व्यूज मिल चुके हैं। 'कवना कलमवाँ से लिखलऽ करमवाँ' गाने को पवन सिंह के साथ प्रियंका सिंह ने भी गाया है। गाने के लिरिक्स अरुण बिहारी ने लिखे हैं। म्यूजिक दिया है प्रियांशु सिंह ने। गाने में पवन सिंह के साथ अभिनेत्री वंदना यादव नजर आ रही हैं। गाने को गोल्डी जायसवाल ने डायरेक्ट किया है। वहीं कोरियोग्राफ किया है सनी सोनकर ने।



## खूबसूरती ने चुराया सबका ध्यान

**मुंबई ।** कभी-कभी कोई रेड कार्पेट लम्हा सिर्फ़ फैशन तक सीमित नहीं रहता वो बन जाता है एक अभिव्यक्ति, व्यक्तित्व और शांत शक्ति का प्रतीक। ऐसा ही कुछ हुआ जब कशिका कपूर 'पिच टू गेट रिच' की स्क्रीनिंग पर पहुंचीं, जो एक साधारण पापाराज़ी मोमेंट के रूप में शुरू हुआ था, वह कुछ ही पलों में वायरल सेंसेशन बन गया। फैन्स और मीडिया दोनों उनकी शालीनता और स्वाभाविक आकर्षण से मंत्रमुग्ध रह गए। अब वायरल हो चुके वीडियो में कशिका अपने सिग्नेचर स्टाइल में रेड कार्पेट पर चलती नजर आती हैं वो भी आत्मविश्वास से भरी हुई, लेकिन बिना किसी दिखावे के। न कोई ओवर-ड्रामैटिक अंदाज़, न कोई बनावट, बस एक शांत आभा, जो बिना कोशिश के ही सबका ध्यान खींच लेती है। इंटरनेट जहां उनके पेस्टल मिंट आउटफिट की तारीफ़ कर रहा था, वहीं यह साफ़ दिख रहा था कि बात सिर्फ़ कपड़ों की नहीं थी बल्कि उनकी मौजूदगी की थी।



## काम को घंटों के हिसाब से नहीं देखतीं रश्मिका

**मुंबई।** फिल्म 'द गर्लफ्रेंड' से जुड़े एक इवेंट में बोलते हुए निर्माता एसकेएन ने काम के घंटों की मांग न करने के लिए रश्मिका मंदाना की तारीफ की। इस दौरान उन्होंने दीपिका पादुकोण के मुद्दे जिक्र करते हुए कहा कि ऐसे समय में जब इस बात पर बहस चल रही है कि कितने घंटे काम करना चाहिए, पूरे भारत में केवल एक ही अभिनेत्री है जो जितने घंटे काम करने की जरूरत हो, करने को तैयार है। रश्मिका काम को घंटों के लिहाज से नहीं, बल्कि प्यार से देखती हैं। उनकी प्रतिबद्धता समय की पाबंदी पर है, न कि किसी सीमा पर। यही वजह है कि सभी को लगता है कि रश्मिका परिवार का हिस्सा हैं। रश्मिका के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनकी हालिया रिलीज 'थामा' इन दिनों सिनेमाघरों में बनी हुई है। इसके अलावा वो जल्द ही 'द गर्लफ्रेंड' में नजर आएंगी। साथ ही रश्मिका शाहिद कपूर और कृति सेनन के साथ 'कॉकटेल 2' की भी शूटिंग कर रही हैं।



### 1961 में बनी फिल्म 'भैया' में छठ पूजा को बड़े परदे पर जगह दी थी

## छठ पूजा पर 65 साल पहले बनी थी पहली फिल्म, पूरे देश ने जाना पर्व का महत्व

***मुंबई।*** *लोकआस्था के महापर्व छठ को लेकर देश में छठी मैया के गीत गूंज रहे हैं, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया है। देश छठी माई के गीतों से सुवासित और गुलजार हो उठा है। आज हम आपको उस फिल्म के बारे में बताने जा रहे हैं जो 60 साल पहले, छठ पूजा को बड़े पर्दे पर लेकर आई थी। उस दौर में हिंदी फिल्मों में लोक आस्था और क्षेत्रीय पर्वों को बहुत कम दिखाया जाता था। मगर 1961 में बनी फिल्म 'भैया' ने इस परंपरा को तोड़ा और बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान छठ पूजा को बड़े परदे पर जगह दी। फिल्म में दिखाया गया था कि किस तरह महिलाएं सूर्य भगवान की उपासना करती हैं, सूर्यास्त और सूर्योदय के समय अर्घ्य देती हैं और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए कठोर व्रत रखती हैं। यह पहली बार था जब दर्शकों ने सिनेमा में छठ घाट, पूजा गीत और लोक परंपरा को असली रूप में देखा था।*

### फिल्म ने दिए कई पॉपुलर गीत

फिल्म के जरिए यह संदेश दिया गया कि छठ पूजा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि प्रकृति और सूर्य के प्रति कृतज्ञता का पर्व है। फिल्म 'भैया' ने न सिर्फ एक मनोरंजक कहानी सुनाई, बल्कि भारतीय सिनेमा में छठ पूजा की सांस्कृतिक झलक को हमेशा के लिए दर्ज कर दिया। इसीलिए इसे छठ पूजा को पहली बार परदे पर दिखाने वाली फिल्म कहा जाता है। इस फिल्म के बाद कई फिल्मों और टीवी सीरियलों ने छठ पूजा को अपनी कहानी में शामिल किया। 'भैया' को बिहार-उत्तर प्रदेश के रीजनल लैंग्वेज सिनेमा में महत्वपूर्ण फिल्म माना जाता है। 'लगल करेजवा में', 'पूरब पच्छिमवा से अइलें सोन दुलहा' और 'भंवरवा रहे गूंजराय' जैसे कई पॉपुलर गाने तो इस फिल्म ने दिए ही।



### मंगल गीतों की ध्वनि से बदल जाता है वातावरण

सूर्य की उपासना का पावन पर्व'छठ'अपने धार्मिक, पारंपरिक और लोक महत्व के साथ ही लोकगीतों की वजह से भी जाना जाता है। घाटों पर'छठी मैया की जय, जल्दी जल्दी उगी हे सूरज देव..','कईली बरतिया तोहार हे छठी मैया..''दर्शन दीहीं हे आदित देव..','कौन दिन उगी छई हे दीनानाथ..'जैसे गीत सुनाई पड़ते हैं। मंगल गीतों की ध्वनि से वातावरण श्रद्धा और भक्ति से गुंजायमान हो उठता है। इन गीतों की पारम्परिक धुन इतनी मधुर है की जिसे भोजपुरी बोली समझ में न भी आती हो तो भी गीत सुंदर लगता है।

## सोच का हंगामा और शायरी का जादू!

**मुंबई।** एण्डटीवी के शोज़ 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' के नए एपिसोड्स में दर्शकों को मिलने वाला है हंसी का डबल धमाका! जहां एक तरफ हप्पू हो जाएगा "माइंड रीडर", वहीं मॉडर्न कॉलोनी में छा जाएगा "शायरी का जादू"। 'हप्पू की उलटन पलटन' की कहानी के बारे में बताते हुए गीतांजलि मिश्रा ऊर्फ राजेश ने कहा, "इस बार हप्पू (योगेश त्रिपाठी) परेशान है राजेश (गीतांजलि मिश्रा) से, जो हमेशा शिकायत करती है कि वो कभी उसकी बात नहीं समझता। गुस्से में हप्पू भगवान से प्रार्थना करता है कि उसे लोगों के मन की बातें समझने की ताकत मिले और चमत्कारिक रूप से उसकी मुराद पूरी हो जाती है! शुरू में तो हप्पू खुश होता है, लेकिन जल्द ही उसे अहसास होता है कि दूसरों के मन की बातें जानना उतना आसान नहीं जितना उसने सोचा था। मामला तब और बिगड़ जाता है जब एक चालाक डायमंड स्मगलर, गज्जू गजेन्द्र, हप्पू की इस नई शक्ति का फायदा उठाने की कोशिश करता है। क्या हप्पू इस मुश्किल से निकल पाएगा या उसके "मन की बात" ही उसकी परेशानी बन जाएगी? शुभांगी अत्रे ऊर्फ अंगूरी भाबी कहती हैं, "मॉडर्न कॉलोनी मेंएक रहस्यमयी शायर शेरखान आता है, जिसकी शायरी पर महिलाएं फिदा हो जाती हैं। यह देखकर तिवारी (रोहिताश्व गौड़) और विभूति (आसिफ शेख) के होश उड़ जाते हैं और उन्हें डर सताने लगता है कि कहीं उनकी भाबियां भी कहीं उसके जाल में न फंस जाएं।



## कलाकारों ने डरावने हैलोवीन लुक की प्रेरणा के बारे में बताया!

**मुंबई।** जैसे-जैसे हैलोवीन करीब आ रहा है, डर, मस्ती और क्रिएटिविटी का माहौल बनना शुरू हो गया! भूत, वैम्पायर और मशहूर फिल्मी किरदारों के रूप में तैयार होना इस त्योहार की सबसे बड़ी ख़ासियत है। यह दिन लोगों को अपने अलग, रहस्यमयी और हटके अंदाज़ को दिखाने का मौका देता है। इस मौके पर एण्डटीवी के कलाकारों ने बताया कि अगर वे किसी हैलोवीन पार्टी में जाएं, तो कौन-सा डरावना लुक अपनाना पसंद करेंगे। इन कलाकारों में शामिल हैं- प्रियंवदा कांत ('घरवाली पेड़वाली' की लतिका), गीतांजलि मिश्रा ('हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश), और आसिफ शेख ('भाबीजी घर पर हैं' के विभूति नारायण मिश्रा)।
प्रियंवदा कांत, जो जल्द ही शो 'घरवाली पेड़वाली' में लतिका के किरदार में नजर आएंगी, कहती हैं, "अगर मैं किसी हैलोवीन पार्टी में जाऊं, तो अपनी किरदार लतिका को एक डरावना रूप देना चाहूंगी- जैसे उसकी भूतिया झलक! ज़रा सोचिए, वही लतिका लेकिन फीके मेकअप, गहरी आंखों और रहस्यमयी मुस्कान के साथ। उसे इस रूप में देखना दिलचस्प रहेगा। यह एक ऐसा मिश्रण होगा, जिसमें ख़ूबसूरती, रहस्य और डर सब कुछ हो। हैलोवीन का यही मज़ा है कि यह आपको अपने कम्फर्ट ज़ोन से बाहर निकलने और कुछ नया आज़माने का मौका देता है।"
गीतांजलि मिश्रा, जो 'हप्पू की उलटन पलटन' में राजेश का किरदार अदा कर रही हैं, ने कहा, " "मुझे हैलोवीन पर तैयार होना बहुत पसंद है! अगर मुझे कोई लुक चुनना हो, तो मैं या तो नन या वैम्पायर बनना पसंद करूंगी। दोनों ही लुक में रहस्यमय और डरावना एहसास होता है, जो हैलोवीन के मूड के लिए बिल्कुल परफेक्ट है। वैम्पायर लुक में ख़ूबसूरती और ख़तरे का दिलचस्प मेल है, जबकि नन का लुक अपने खामोश डर से लोगों को चौका देता है! मुझे मेकअप और कॉस्ट्यूम के साथ एक्सपेरिमेंट करना अच्छा लगता है, तो डार्क और गॉथिक लुक में खुद को देखना मजेदार रहेगा।



# 4 दिवसीय छठ महापर्व का धूमधाम से समापन

# उदयमान सूर्य भगवान को दिया अर्घ्य







जबलपुर।

महापर्व छठ के प्रति उत्तर भारतीयों में अभूतपूर्व उत्साह एवं उमंग दिखा। नए और स्थानीय लोगों ने छठ पूजा में भागीदारी दी। सूर्य उपासना के चार दिवसीय पर्व छठ महोत्सव का व्रतधारियों ने मंगलवार की सुबह उदयमान सूर्य भगवान को अर्घ्य देने के बाद समापन किया। इसके पूर्व व्रतियों ने सोमवार की शाम को सूर्य देव को अर्घ्य देकर पूजन-अर्चन किया था। नर्मदा तट के घाटों एवं शहर के तालाबों में भक्तजन व व्रतधारियों ने छठ पर्व का प्रसाद बनाया और बांस की टोकरी में अर्घ्य का सूप लेकर अस्तांचल को जाते सूर्य को जल और दूध का अर्घ्य दिया। उसके बाद मंगलवार को उदीयमान सूर्य का अर्घ्य देकर छठ माता से आशीर्वाद लिया। उत्तरप्रदेश बिहार महासंघ के तत्वावधान में संस्कारधानी में चार दिवसीय छठ पर्व भारी धूमधाम के साथ मनाया गया। उत्तरप्रदेश और बिहार की विशिष्ट संस्कृति को प्रदर्शित करने वाले छठ महोत्सव का आयोजन नगर के 18 से अधिक स्थानों पर किया गया। जहां पर छठ व्रती महिलाओं और पुरुषों ने विधि-विधान के साथ पूजा संपन्न की और भगवान सूर्यदेव से संतान, संपन्नता और समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त किया। शहर मे दिनभर प्रसाद वितरण का दौर चला।

## सूर्यास्त और सूर्योदय में की गई महाआरती

उत्तरप्रदेश सेवा संघ के तत्वाधान मे आधरताल तालाब के घाट मे भगवान सूर्य का पूजन और महाआरती का आयोजन किया गया। सोमवार की शाम सूर्यास्त और मंगलवार की सुबह सूर्योदय को व्रती महिला और पुरूषों ने सूर्य भगवान को अर्घ्य देकर महाआरती की।

## श्रीराम परिवार की झांकी निकाली गई

यूपी बिहार एकता मंच समिति के महामंत्री रघु तिवारी ने बताया है कि छठ पूजा का पर्व बिहार-यूपी सहित कई राज्यों में मनाया जाता है। इस पर्व को लेकर कई लोक कथाएं भी प्रचलित हैं। ऐसे ही छठ पूजा से जुड़ी एक धार्मिक कथा भी प्रचलित है जो माता सीता से जुड़ी है। पौराणिक कहानियों के अनुसार त्रेतायुग में माता सीता ने छठ पूजा व्रत रखकर सूर्यदेव को अर्घ्य दिया था। माना जाता है कि माता सीता ने यहां छठ व्रत कर इस पर्व की शुरूआत की थी। उसी तर्ज पर आज समिति के द्वारा राम परिवार की झांकी निकाली गई एवं माता सीता जी ने जबलपुर श्रद्धालुओं के साथ घाट पर छठी मैया का व्रत रखा सूर्य देव की उपासना की।



## बारिश भी नहीं रोक पाई जबलपुर रीड्स के पाठकों को

**जबलपुर रीड्स का प्रेरक रविवार सत्र**

**जबलपुर।** बारिश भी नहीं रोक पाई जबलपुर रीड्स के पाठकों को, जो इस रविवार फिर एकत्र हुए किताबों के संग। सत्र का संचालन नयन ने किया, जिन्होंने सैम वॉल्टन की पुस्तक से प्रेरक विचार साझा किए। अमित जी ने छवि भारद्वाज की "Like a Bird on the Wire" से प्रेरक कहानी सुनाई, जबकि तेजस ने हरिशंकर परसाई की "सदाचार का ताबीज़" से व्यंग्य प्रस्तुत कर सबको हँसा दिया। शिव सिंह जी ने भगवद् गीता के उपदेशों को जीवन में अपनाने पर विचार रखे। शशांक ने "The Boy in the Striped Pyjamas" की संवेदनशील कहानी साझा की। विशाल सिंह ने परसाई जी की "निठल्ले की डायरी" से व्यंग्य प्रस्तुत किया, जबकि कमिनी मैम की "अमरूद का पेड़" ने सबका दिल जीत लिया। सिद्धार्थ और दर्शन जैन जी ने ओमप्रकाश वाल्मीकि की "झूठन" से समाज की सच्चाइयाँ उजागर कीं। गौरव सैनी जी ने परसाई की "पहला पुल" से व्यंग्य का सुंदर चित्रण किया।आदर्श ने दिव्य प्रकाश दुबे की "October Junction" से "चित्रा और सुदीप" की कहानी सुनाई, और अंत में संदीप ने अमृता प्रीतम की "जो प्रेम में नहीं, कहीं नहीं" से प्रेम की गहराई को खूबसूरती से व्यक्त किया।

## अंधमूक बायपास स्कूल के प्रवेश द्वार के समीप आद्य जगद्गुरू रामानंदाचार्य जी की मूर्ति स्थापित की जायेगी : निगमाध्यक्ष

**जबलपुर।** निगमाध्यक्ष रिकुंज विज ने बताया कि मेयन इन काउंसिल की बैठक दिनांक 30 सितम्बर 2025 में पारित संकल्प क्रमांक 597 एवं अपर आयुक्त के पंजीबद्ध पत्र क्रमांक 573 दिनांक 28 जुलाई 2025 के अनुसार अंधमूक बायपास स्कूल के प्रवेश द्वार के समीप आद्य जगद्गुरू रामानंदाचार्य जी की मूर्ति स्थापित किये जाने के संबंध में संकल्प पारित किया गया। जगत्गुरू सुखानंद द्वाराचार्य स्वामी श्री राघव देवाचार्य जी महाराज की मंशा है कि ''आद्य जगद्गुरू रामानंदाचार्य जी'' कि एक भव्य प्रतिमा का अनावरण संस्कारधानी जबलपुर में हो। जगद्गुरू महाराज जी के उपदेश आज भी समाज में समरसता और एकता का मार्ग दिखाते हैं। निगमाध्यक्ष रिकुंज विज ने कहा है कि जगतगुरू रामानंदाचार्य जी केवल एक धार्मिक गुरू नहीं बल्कि मानवता के मार्गदर्शक थे, जिन्होंने समाज को प्रेम, समानता और भक्ति का संदेश दिया है। जन-भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए अंधमूक बायपास स्कूल के प्रवेश द्वार के समीप ''आद्य जगदगुरू रामानंदाचार्य जी'' की मूर्ति स्थापित किये जाने सदन बैठक की पूर्व प्रत्याशा में स्वीकृति प्रदान की जाती है।

## यात्रियों की सुविधा के लिए चलाई जा रही स्पेशल ट्रेनें

# त्यौहारों पर वापसी हेतु पश्चिम मध्य रेल से संचालित हो रही हैं स्पेशल ट्रेनें

**जबलपुर।** रेल प्रशासन द्वारा त्योहारी सीजन के बाद वापसी हेतु अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु जबलपुर-आनन्द विहार टर्मिनल-जबलपुर, जबलपुर-दानापुर-जबलपुर, रानी कमलापति-दानापुर-रानी कमलापति, रीवा-रानी कमलापति-रीवा सोगरिया-दानापुर-सोगरिया एवं कोटा–पानीपत–कोटा के मध्य स्पेशल ट्रेनें संचालित हो रही है। इन संचालित स्पेशल ट्रेनों का विवरण इस प्रकार है।

**जबलपुर-आनन्द विहार टर्मिनल-जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन-** गाड़ी संख्या 01707 जबलपुर से आनन्द विहार टर्मिनल साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 3 नवंबर 2025 तक* प्रत्येक सोमवार को एक्सप्रेस ट्रेन जबलपुर से दोपहर 14:40 बजे प्रस्थान कर और दूसरे दिन



मंगलवार को दोपहर 12:25 बजे आनन्द विहार टर्मिनल स्टेशन पर पहुँच रही है।

गाड़ी संख्या 01708 आनन्द विहार टर्मिनल से जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 4 नवंबर 2025 तक* प्रत्येक मंगलवार को एक्सप्रेस ट्रेन आनन्द विहार टर्मिनल स्टेशन से दोपहर 13:45 बजे प्रस्थान कर और बुधवार को सुबह 09:30 बजे जबलपुर स्टेशन पर पहुँच रही है।

ठहराव : कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, शंकरगढ़, प्रयागराज जंक्शन, फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टूण्डला, अलीगढ जंक्शन एवं गाज़ियाबाद।

**जबलपुर-दानापुर-जबलपुर द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन-** गाड़ी संख्या 01701 जबलपुर-दानापुर द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 05.11.2025 तक* प्रत्येक बुधवार एवं शुक्रवार को रात 19:35 बजे जबलपुर से प्रस्थान कर और अगले दिन सुबह 08:45 बजे दानापुर स्टेशन पर पहुँच रही है।

गाड़ी सांख्य 01702 दानापुर-जबलपुर द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 06.11.2025 तक* प्रत्येक गुरुवार एवं शनिवार को सुबह 11:00 बजे दानापुर से रवाना होकर और अगले दिन भोर 04:15 बजे जबलपुर स्टेशन पर पहुँच रही है।

ठहराव सिहोरा रोड, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर एवं आरा।



## नर्मदा सौंदर्य पंचकोशी प्रदर्शनी प्रतियोगिता 5 नवम्बर को

**जबलपुर।** नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा सौंदर्य प्रदर्शनी प्रतियोगिता 5 नवम्बर (बुधवार) को आयोजित होगी। प्रतिभागी सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक 12×18 आकार की पाँच-पाँच फोटो, पाँच प्रकार की जमा कर सकेंगे। निर्णायक मंडल द्वारा नवम्बर माह के अंत में परिणाम घोषित किए जाएंगे। प्रथम पुरस्कार 11,000, द्वितीय 5,000, तृतीय 3,000 तथा 11 सांत्वना पुरस्कार 1,000-1,000 के रहेंगे। नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा की सफलता हेतु कार्तिक माह के प्रत्येक मंगलवार को 1100 हनुमान जी के नाम की आहुति दी जाती है। यह चतुर्थ मंगलवार का हवन जमुना प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट चौक, गोल बाजार गौशाला में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में संयोजक शीर्ष अग्रवाल एडवोकेट, प्रणव अग्रवाल सीए, मुकुल यादव एवं शेरू भाई उपस्थित रहे तथा श्रद्धालुओं से सहभागिता की अपील की।

## एन.एम.टी. को कराया जाएगा व्यवस्थित बंदरिया तिराहा से कटंगा तक साइकिल ट्रैक पर काम शुरू : निगमायुक्त

**जबलपुर।** बंदरिया तिराहा से कटंगा तक ट्रैक पर सफाई और पेड़ों की छंटाई का काम निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने शुरू कराकर व्यवस्थित करवाने के लिए अधिकारियों को आज निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए हैं। इसी प्रकार पैदल चलने वाले नागरिकों के लिए भी एन. एम. टी. को भी व्यवस्थित करने के निर्देश देते हुए निगमायुक्त ने अतिक्रमण हटाने और नियमित रूप से साफ सफाई करवाने के लिए अधिकारियों से कहा है। आज निगमायुक्त ने मदन महल स्टेशन से पुराना बस स्टैंड एवं बंदरिया तिराहा से कटंगा तक साइकिल ट्रैक का निरीक्षण किया और अधीक्षण यंत्री, उपायुक्त स्वास्थ्य, कार्यपालन यंत्री,उद्यान अधिकारी, एवं अतिक्रमण अधिकारी को निर्देश प्रदान करते हुए कहा कि दोनों स्थल नागरिकों के उपयोग की है। इन स्थलों को बहुत सुंदर साफ स्वच्छ और अतिक्रमण मुक्त रखने नियमित रूप से कार्रवाई सुनिश्चित करें। गौरतलब है कि महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के द्वारा लगातार नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किए जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में एन एम टी और साइकिल ट्रैक को भी सुविधायुक्त करने निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार लगातार निरीक्षण कर रहे हैं।

# ट्रांसमिशन लाइन क्षेत्र में अनधिकृत निर्माण से फिर हादसा

### झालर लगाते समय युवक की मौत, एम.पी. ट्रांसको ने दी थी चेतावनी

**जबलपुर।** राजेंद्र नगर क्षेत्र की अभीर विहार कॉलोनी में दीपावली सजावट के दौरान एक युवक की 132 के.वी. ट्रांसमिशन लाइन के इंडक्शन प्रभाव से मौत हो गई। युवक अपने मकान पर झालर लगा रहा था, तभी यह दुर्घटना हुई। बताया गया कि ट्रांसमिशन लाइन से सीधा संपर्क नहीं हुआ, लेकिन उच्च वोल्टेज (1 लाख 32 हजार) के इंडक्शन प्रभाव से युवक गंभीर रूप से झुलस गया। इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) ने बताया कि जिस मकान (क्रमांक 71, अभीर विहार कॉलोनी) में हादसा हुआ, उसके मालिक को पहले से ही ट्रांसमिशन लाइन के प्रतिबंधित क्षेत्र में निर्माण न करने का नोटिस जारी किया गया था। कंपनी ने व्यक्तिगत स्तर पर कई बार समझाइश भी दी थी, लेकिन चेतावनियों की अनदेखी की गई।

अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्रीमती नीलम खन्ना ने बताया कि इंदौर में अब तक ऐसे 1031 नोटिस जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि ट्रांसमिशन लाइन की बिजली घरेलू बिजली से 600 से 950 गुना अधिक घातक होती है।

एम.पी. ट्रांसको द्वारा लगातार जनजागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं तथा प्रशासन की मदद से अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने नागरिकों से अपील की है कि वे ट्रांसमिशन लाइनों के पास भवन निर्माण न करें और सुरक्षा मानकों का पालन करें ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके और प्रदेश में सुरक्षित विद्युत आपूर्ति बनी रहे।

# खेलों से होता है शारीरिक व व्यक्तित्व विकास : मंत्री राकेश सिंह

## 69वीं राज्य स्तरीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ





**जबलपुर।** 69वीं राज्य स्तरीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार को शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री श्री राकेश सिंह थे। विशिष्ट अतिथियों में विधायक श्री अशोक रोहाणी, विधायक डॉ. अभिलाष पांडे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा गोंटिया, नगर निगम अध्यक्ष श्री रिकुंज विज, भाजपा नगर अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर एवं पूर्व अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल कोच अनिल इब्राहिम उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती पूजन, दीप प्रज्वलन व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई। बैंड दल की मधुर ध्वनि ने वातावरण को उत्साहपूर्ण बना दिया।

मुख्य अतिथि श्री राकेश सिंह ने कहा कि "खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि व्यक्तित्व का विकास भी करते हैं। खेल भावना जीवन में अनुशासन, एकाग्रता व आत्मबल बढ़ाती है।" उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि खेलों का उद्देश्य केवल पदक प्राप्त करना नहीं, बल्कि पूरे मनोयोग से सहभागिता कर लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में आगे बढ़ना है। प्रतियोगिता में प्रदेश के 10 संभागों से लगभग 1050 खिलाड़ी एवं अधिकारी भाग ले रहे हैं। आयोजन के लिए आवास, भोजन, परिवहन व नियंत्रण कक्ष सहित सभी व्यवस्थाएँ की गई हैं। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/154
दिनांक :- 28/10/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती पूर्णिमा जैन पति श्री राकेश जैन ने मकान नं. 975/4 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी प्रथम तल 1120 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**नाम सुधार की सूचना**
मैं, विवेक सिंह ठाकुर आत्मज जीवन सिंह ठाकुर (Vivek Singh Thakur S/o Jeevan Singh Thakur) निवासी म. नं. 2266, लालमाटी, शुक्ला होटल, सेठ गोविंद दास वार्ड, जबलपुर (म.प्र.) 482001 सर्व साधारण को सूचित कर रहा हूँ कि मेरे आधार कार्ड एवं पेन कार्ड में मेरा नाम विवेक सिंह ठाकुर (Vivek Singh Thakur) तथा मेरी माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्य प्रदेश भोपाल की हाई स्कूल परीक्षा 2003 की अंकसूची में मेरा नाम विवेक ठाकुर (Vivek Thakur) दर्ज हो गया है उक्त दोनों नाम मेरे ही हैं किंतु मेरा सही नाम विवेक सिंह ठाकुर (Vivek Singh Thakur) है और अब मैं इसी नाम से जाना पहचाना जाऊँगा।
(विवेक सिंह ठाकुर)
निवासी म. नं. 2266, लालमाटी, शुक्ला होटल, सेठ गोविंद दास वार्ड, जबलपुर (म.प्र.) 482001

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/153
दिनांक :- 28/10/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विशाल अग्रवाल पिता स्व. श्री राजेन्द्र अग्रवाल ने ख.नं. 4/1 वार्ड पं. सुभद्रा कुमारी चौहान खुली भूमि- 1910 व.फु. विक्रयपत्रों के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/152
दिनांक :- 28/10/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्री सैयद शहनवाज हुसैन (2) श्री सैयद शामिख हुसैन दोनों के पिता श्री सैयद शाकिर हुसैन ने मकान नं. 762/2 एफ-7 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती प्रथम तल 620 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/143
दिनांक :- 28/10/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्री संजय कुमार जैन पिता स्व. श्री जुहारमल जैन (2) श्रीमती योगिता जैन पति श्री संजय कुमार जैन ने मकान नं. 190 वार्ड पं. सुभद्रा कुमारी चौहान खुली भूमि-2013.56 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

# पतंजलि विवि में 'स्वस्थ धरा' पर राष्ट्रीय सम्मेलन नाबार्ड-पतंजलि के सहयोग से बढ़ेगी जैविक खेती

## सार्वभौमिक और निहित संपदा को पुनर्जीवित करना आवश्यक है बोले आचार्य बालकृष्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार

पतंजलि विश्वविद्यालय में 'मृदा स्वास्थ्य परीक्षण एवं प्रबंधन द्वारा गुणवत्तापूर्ण जड़ी-बूटियों की सतत खेती' पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन मंगलवार को खत्म हुआ। यह वर्कशॉप भारत सरकार के आयुष मंत्रालय, पतंजलि ऑर्गेनिक रिसर्च इंस्टिट्यूट, आरसीएससीएनआर-1, राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) और भरुवा एग्री साइंस की संयुक्त कोशिश से 'स्वस्थ धरा' योजना के अंतर्गत आयोजित की गई थी। नाबार्ड के अध्यक्ष और कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शाजी केवी ने पतंजलि के साथ सहयोग को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि नाबार्ड का उद्देश्य देश में स्थायी कृषि और ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के लिए ऋण उपलब्ध कराना है और यह सहयोग सृजनात्मक कार्य को प्रभावी ढंग से संचालित कर सकता है। उन्होंने विकसित भारत 2027 के लक्ष्य को साकार करने के लिए इस वर्ष को अत्यंत महत्त्वपूर्ण बताया। उन्होंने मोनोकल्चर कृषि के कारण मिट्टी की उर्वरता में कमी और जैव विविधता पर नकारात्मक प्रभाव की ओर भी ध्यान आकर्षित किया।

'स्वस्थ धरा' के लिए मृदा प्रबंधन आधुनिक समय की आवश्यकता आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य बालकृष्ण





### फसल सुरक्षा से ही मानव स्वास्थ्य की रक्षा संभव: बालकृष्ण

कार्यक्रम में पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य बालकृष्ण ने कहाकि 'फसल की सुरक्षा से ही मानव स्वास्थ्य की रक्षा संभव हैं। उन्होंने 'मूल की भूल' को सुधारते हुए मिट्टी को उसके मूल स्वरूप में लौटाने का आह्वान किया। उन्होंने जोर दिया कि 'स्वस्थ धरा' के लिए मृदा प्रबंधन आधुनिक समय की जरूरत है और सार्वभौमिक और निहित संपदा को पुनर्जीवित करना आवश्यक है।

### 'धरती का डॉक्टर' (डीकेडी) मशीन बनी आकर्षण का केंद्र

कार्यशाला का मुख्य आकर्षण पतंजलि की ऑटोमेटिड मृदा परीक्षण मशीन 'धरती का डॉक्टर' (डीकेडी) रही। आचार्य बालकृष्ण ने बताया कि यह मशीन मृदा संबंधी चुनौतियों को दूर कर धरती को रोगमुक्त बनाने में सहायक है। इसकी किट से केवल आधे घंटे में मिट्टी के आवश्यक पोषक तत्व जैसे नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटेशियम, पीएच, ऑर्गेनिक कार्बन और इलेक्ट्रिकल कंडक्टिविटी का सटीक परीक्षण किया जा सकता है। भरुवा एग्री साइंस के निदेशक डॉ. केएन शर्मा ने बताया कि डीकेडी किसानों को उच्च गुणवत्ता वाली फसल उत्पादन की चुनौतियों का समाधान करने में मदद करती है.इस अवसर पर 'स्वस्थ धरा' और 'मेडिसिनल प्लांट्स: इंटरनेशनल जर्नल ऑफ फाइटोमेडिसिन्स एंड रिलेटेड इंडस्ट्रीज' पुस्तकों का लोकार्पण भी हुआ।

### पतंजलि की डीकेडी मशीन धरती को रोगमुक्त बनाने में हो रही सहायक सिद्ध

*आचार्य श्री ने कहा कि फसल की सुरक्षा से ही मानव स्वास्थ्य की रक्षा संभव है। अब समय आ गया है जब हमें अपने पूर्वजों से प्राप्त मिट्टी को उसके मूल स्वरूप में पुनः लौटाना चाहिए और 'मूल की भूल' को सुधारना चाहिए। पतंजलि की डीकेडी मशीन मृदा संबंधी चुनौतियों को दूर कर धरती को रोगमुक्त बनाने में सहायक सिद्ध हो रही है। इसकी किट से केवल आधे घंटे में मिट्टी के आवश्यक पोषक तत्व, नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटेशियम, पीएच, ऑर्गेनिक कार्बन और इलेक्ट्रिकलकंडक्टिविटी, का परीक्षण किया जा सकता है, जिससे मिटटी में पोषक तत्वों की कमी या अधिकता का सटीक पता चलता है। किसानों को उच्च गुणवता वाली फसल उत्पादन की चुनौतियों का समाधान करने के लिए डीकेडी, ऑटोमेटेड मृदा परीक्षण मशीन बनाई है। इसके द्वारा मिट्टी से पोटैशियम, फॉस्फोरस, मैग्नीशियम, कैल्शियम जैसे महत्वपूर्ण तत्वों को रासायनिक तरीके से पृथक किया जाता है और उनके स्तर का मूल्यांकन किया जाता है।*

### मृदा प्रबंधन, उपज बढ़ाने में मददगार, लागत में कमी, मिट्टी की गुणवता में सुधार

*मृदा विश्लेषण पौधों के लिए आवश्यक पोषक तत्वों की सही मात्रा जानने का एक प्रभावी तरीका है जो मृदा प्रबंधन, उत्पादन, लागत में कमी, मिट्टी की गुणवता में सुधार और उपज बढ़ाने में मदद करता है, जिससे कृषि स्थिरता में सुधार होता है। कार्यक्रम में बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, सोलन के डॉ. राजेश्वर सिंह चंदेल ने पर्वतीय क्षेत्रों में सीमित भूमि के बावजूद एकीकृत कृषि प्रणाली प्रभावी बताते हुए पारंपरिक ज्ञान, नवाचारी उपकरण और महिला प्रशिक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया। इसके अलावा अन्य विशेषज्ञों प्रो बीआर कांबोज, डॉ. जेएन रैना, डॉ. जीपी. राव और डॉ. प्रदीप शर्मा ने स्वस्थ मिट्टी, बेहतर फसल और प्रबंधन तकनीक से वैश्विक स्वास्थ्य के भविष्य से जुड़ी महत्त्वपूर्ण जानकारी साझा की। कार्यक्रम के अंत में पोस्टर सत्र के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।*

---

## छोटे किसानों की आय बढ़ाने पर फोकस

# बायर का मप्र में रबी मक्का महोत्सव शुरू

**जबलपुर।** बायर ने छोटे किसानों की उपज और आय में वृद्धि के उद्देश्य से राज्य के विभिन्न जिलों—बैतूल, छिंदवाड़ा, सिवनी, इंदौर, भोपाल, जबलपुर और रतलाम—में रबी मक्का महोत्सव की शुरुआत की है। यह कार्यक्रम 10 अक्टूबर से चल रहा है, जिसमें किसान बैठकों, लाइव फील्ड डेमो और प्रशिक्षण कार्यशालाओं के माध्यम से आधुनिक कृषि तकनीकें सिखाई जा रही हैं। इन कार्यशालाओं में किसानों को डेकाल्ब हाइब्रिड मक्का बीजों की विशेषताएँ, टिकाऊ खेती के तरीके और फसल प्रबंधन की जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही, फार्मराइज ऐप पर क्यूआर कोड आधारित रिवॉर्ड सिस्टम के जरिए किसान इनाम भी जीत सकते हैं। बायर इंडिया के क्लस्टर कमर्शियल लीड मोहन बाबू ने कहा कि कंपनी का उद्देश्य किसानों को सही तकनीक और जानकारी देकर उनकी उत्पादकता और आय बढ़ाना है। रबी हाइब्रिड मक्का किस्मों में 65–70% स्टार्च और 8–9% प्रोटीन होता है, जो पोल्ट्री फीड और इथेनॉल उत्पादन के लिए उपयुक्त है।




# एसआरएम यूनिवर्सिटी-एपी का 5वां दीक्षांत समारोह संपन्न

**चेन्नई।** एसआरएम विश्वविद्यालय-एपी ने अपने 5वें दीक्षांत समारोह का आयोजन मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) कोठा मधु मूर्ति, अध्यक्ष, आंध्र प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद (एपीएससीएचई), संस्थापक कुलाधिपति डॉ. टी आर पारीवेंद्र, प्रो-कुलपति डॉ. पी सत्यनारायणन, कुलपति प्रो. सीएच सतीश कुमार, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के सदस्य; प्रबंधन बोर्ड, रजिस्ट्रार डॉ. आर प्रेमकुमार; परीक्षा नियंत्रक, शैक्षणिक और अनुसंधान परिषद; सभी स्कूलों के डीन, निदेशक, पूर्व छात्र, संकाय सलाहकार और गौरवान्वित अभिभावकों की गरिमामयी उपस्थिति में किया।प्रो. सीएच सतीश कुमार ने अपने स्वागत भाषण में कहा, 'स्नातक होना किसी के जीवन के सबसे महत्वपूर्ण पड़ावों में से एक होता है। एक स्नातक के लिए, यह दिन कड़वा-मीठा और कड़ी मेहनत से अर्जित किया गया होता है। दोस्तों और परिवार के लिए, यह किसी प्रियजन की उपलब्धियों का सम्मान करने और जश्न मनाने का क्षण होता है।' मुख्य अतिथि प्रो. मधु मूर्ति ने 2025 के स्नातक वर्ग को दीक्षांत भाषण देते हुए कहा, 'अपनी शिक्षा को केवल कमाई का साधन न बनने दें - इसे सेवा, नेतृत्व और परिवर्तन का साधन बनाएँ।' उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि आंध्र प्रदेश भारत के एआई परिवर्तन में एक प्रमुख भूमिका निभा रहा है, और देश के तकनीकी भविष्य का नेतृत्व करने के लिए एक उच्च कुशल कार्यबल की आवश्यकता है। उन्होंने सभी स्नातकों को 2047 तक तकनीकी आत्मनिर्भरता प्राप्त करने हेतु सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया। संस्थापक कुलपति डॉ. टी. आर. पारीवेंद्र ने छात्रों को उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा,'हमें जो अलग बनाता है वह केवल हम जो सिखाते हैं वह नहीं है, बल्कि हम कैसे प्रेरित करते हैं - प्रत्येक शिक्षार्थी को सीमाओं से परे सोचने के लिए सशक्त बनाना। यह एसआरएम विश्वविद्यालय-एपी की पहचान है', प्रो-कुलपति, डॉ. पी. सत्यनारायणन ने स्नातकों को अपने पूरे करियर में सीखने के लिए खुले रहने और भविष्य को न केवल कर्मचारियों के रूप में, बल्कि समस्या-समाधानकर्ता, नवप्रवर्तक और जिम्मेदार नागरिक के रूप में देखने के लिए प्रोत्साहित किया।विश्वविद्यालय ने 1877 स्नातकों और 39 डॉक्टरेट विद्वानों को उनके शैक्षणिक कार्यक्रम के सफल समापन पर उपाधियाँ प्रदान कीं। स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड साइंसेज के 45 स्नातकों, पारी स्कूल ऑफ बिजनेस के 7 स्नातकों और ईश्वरी स्कूल ऑफ लिबरल आर्ट्स के 4 स्नातकों को मुख्य अतिथि द्वारा शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक प्रदान किए गए। दीक्षांत समारोह स्नातक समूह द्वारा शपथ ग्रहण, राष्ट्रगान के सम्मान और गणमान्य व्यक्तियों के प्रस्थान के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।




---

### अतिरिक्त बोनस की घोषणा से प्रदेश में गेहूं का रकबा एवं उत्पादन दोनों में वृद्धि के आसार

वाणिज्य प्रतिनिधि:भोपाल

केंद्रीय पूल में गेहूं का योगदान देने वाले दूसरे सबसे बड़े राज्य मध्य प्रदेश के किसानों को रबी सीजन के इस सर्वाधिक महत्वपूर्ण खाद्यान्न का उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने एक बड़ा निर्णय लिया है। इसके तहत 2026-27 के रबी मार्केटिंग सीजन में किसानों से 2700 रुपए प्रति क्विंटल की दर से गेहूं खरीदने की घोषणा की गई है जो न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से 115 रुपए ज्यादा है। उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार ने 2025-26 के रबी सीजन के लिए गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाकर 2585 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया है जो 2024-25 सीजन के एमएसपी 2425 रुपए प्रति क्विंटल से 160 रुपए अधिक है। मध्य प्रदेश में 2025 के रबी मार्केटिंग सीजन में गेहूं उत्पादकों को एमएसपी से ऊपर 175 रुपए प्रति क्विंटल का अतिरिक्त बोनस दिया गया था और उससे 2600 रुपए प्रति क्विंटल की दर से गेहूं की खरीद की गई थी।

# टाटा में विवाद बढ़ा, नोएल व दो और लोग मेहली मिस्त्री को फिर से ट्रस्टी नियुक्त करने के विरोध में

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टाटा ट्रस्ट्स से जुड़ा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा। चेयरमैन नोएल टाटा और उनके करीबी माने जाने वाले दो अन्य प्रभावशाली ट्रस्टियों ने दिवंगत रतन टाटा के करीबी सहयोगी और कारोबारी मेहली मिस्त्री की ट्रस्टी के रूप में फिर से नियुक्ति को रोक दिया है।

मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों के हवाले से यह जानकारी सामने आई है। इससे टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी को नियंत्रित करने वाली परोपकारी शाखा में मतभेद और गहरा गए हैं। पिछले वर्ष टाटा समूह के संरक्षक रतन टाटा के निधन के बाद नोएल टाटा को टाटा ट्रस्ट का प्रमुख नियुक्त किया गया था। टीवीएस मोटर कंपनी के मानद चेयरमैन वेणु श्रीनिवासन और पूर्व रक्षा सचिव विजय सिंह ने मंगलवार को मिस्त्री का तीन साल का कार्यकाल समाप्त होने के बाद उन्हें ट्रस्टी के रूप में फिर से नियुक्त किए जाने के खिलाफ मतदान किया। उन्होंने बताया कि तीन अन्य ट्रस्टी- सिटीबैंक इंडिया के पूर्व सीईओ प्रमित झावेरी, मुंबई के वकील डेरियस खंबाटा और पुणे के समाजसेवी जहांगीर एचसी जहांगीर- जिन्हें मिस्त्री का करीबी माना जाता है, ने उनकी फिर से नियुक्ति का समर्थन किया। टाटा ट्रस्ट में मतों का यह विभाजन ट्रस्टियों की सर्वसम्मति से नियुक्ति के उसके दृष्टिकोण से अलग है। नोएल टाटा और मेहली मिस्त्री, टाटा ट्रस्ट्स में दो प्रमुख शक्ति केंद्र हैं। ये टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी में बहुलांश हिस्सेदारी रखते हैं। नोएल टाटा को श्रीनिवासन और पूर्व रक्षा सचिव विजय सिंह का समर्थन प्राप्त है, जबकि अन्य तीन मिस्त्री के साथ हैं।



चेयरमैन नोएल टाटा | मेहली मिस्त्री

# केंद्रीय कैबिनेट ने पोषक तत्व आधारित सब्सिडी योजना को दी मंजूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कैबिनेट ने चालू रबी सीजन (2025-26) के लिए पोषक तत्व आधारित 37,952 करोड़ रुपए की सब्सिडी योजना को भी मंजूरी दे दी है।

सरकार ने प्रति किलोग्राम के आधार पर नाइट्रोजन (एन), फास्फोरस (पी), पोटाश (के) और सल्फर (5) के लिए सब्सिडी अधिसूचित की है।



### नई दरें होंगी 1 अक्टूबर से लागू

वैष्णव ने बताया कि इस रबी के लिए सब्सिडी दरें पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 14,000 करोड़ रुपए अधिक रखी गई हैं। ये दरें पोषक तत्व आधारित सब्सिडी योजना के तहत तय की गई हैं, जिसमें आयात कीमतों, पोषक तत्वों की मांग, सब्सिडी भार और अधिकतम खुदरा मूल्य जैसे कारकों को ध्यान में रखा गया है। नई सब्सिडी दरें 1 अक्तूबर से लागू होंगी। एनबीएस सब्सिडी व्यवस्था के अंतर्गत 28 ग्रेड के पी और के उर्वरक शामिल हैं। वैष्णव ने बताया कि नाइट्रोजन की 43.02 प्रति किलो है । जबकि फॉस्फोरस की 47.96 प्रति किलो, पोटाश की 2.38 प्रति किलो, सल्फर की 2.87 प्रति किलो सब्सिडी दर तय की गई है। इस मौसम में प्रमुख फसलें गेहूं, सरसों और चना होती हैं।

## राशिफल

**मेष** — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** — वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** — सम्पति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** — मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## सोने-चांदी की कीमतों में भारी गिरावट

# सोना 1.20 लाख और चांदी 1.40 लाख रु. से नीचे

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल

सोने-चांदी के वायदा भाव में मंगलवार को बड़ी गिरावट देखने को मिली। दोनों के भाव गिरावट के साथ खुले। घरेलू बाजार में सोने के वायदा भाव 1,18,400 रुपए, जबकि चांदी के भाव 1,46,500 रुपए के करीब कारोबार किए। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी के वायदा भाव नरमी रही। तकनीकी समस्या के कारण मंगलवार को एमसीएक्स पर वायदा कारोबार दोपहर बाद शुरू हुआ।

रोजाना यह सुबह 9 बजे शुरू होता है। बाजार जानकारों के अनुसार सोने के वायदा भाव की शुरुआत सुस्ती के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रैक्ट 851 रुपए की गिरावट के साथ 1,20,106 रुपए के भाव पर खुला। लेकिन यह कॉन्ट्रैक्ट 12,757 रुपये की गिरावट के साथ 1,18,200 रुपए के भाव पर कारोबार किया। इस समय इसने 1,20,106 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 1,18,352 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने इस साल 1,31,699 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था।



### सोना और चांदी में एमसीएक्स पर वायदा भाव की शुरुआत सुस्त रही

*जबकि चांदी के वायदा भाव की भी शुरुआत सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रैक्ट 1,001 रुपए की गिरावट के साथ 1,42,366 रुपये पर खुला और कॉन्ट्रैक्ट 3,202 रुपए की गिरावट के साथ 1,40,165 रुपए के भाव पर कारोबार किया। चांदी ने 1,43,298 रुपए के भाव पर दिन का उच्च और 1,39,715 रुपए के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। चांदी के वायदा भाव ने इस साल 1,69,200 रुपए किलो के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया।*

### बड़ी राहत: सरकार को बकाया मांगों पर विचार की अनुमति

**एजेंसी:नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट से सोमवार को दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया लिमिटेड को बड़ी राहत मिली। शीर्ष अदालत ने कंपनी की एक याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र को एजीआर से जुड़े मसले पर विचार करने की अनुमति दे दी। कंपनी ने दूरसंचार विभाग की 2016-17 तक की अवधि के लिए अतिरिक्त समायोजित सकल राजस्व (एडजस्टेड ग्रॉस रेवेन्यू या एजीआर) मांगों को रद्द करने का निर्देश देने के लिए अदालत का रुख किया था।

## शब्द पहेली - 6031



**बाएँ से दाए-**
1. पक्षियों का शोर-4
3. मुठभेड़, भिड़ंत-4
5. क्रोधित होवा-5
8. लाश, पार्थिव देह-2
10. नवीन-2
11. सरिता-2
12. संजय दत्त, मंदाकिनी अभिनीत फिल्म-2
13. दोजख, नर्क-3
15. नमकीन लवण-3
17. बेकार-3
18. आंचल-3
20. फायदा, लाभ-2
21. चिट्ठी, पत्र-2
22. जी, चित-2
24. संपूर्ण-2
26. कुचलना, दबाना-3
28. दाड़म, एक फल-3
30. सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
32. खिचड़ी, पुलाव-3
34. मां, आई-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. सौतन-2
38. लीन-2
39. चमकीला-5
40. नसीब, किस्मत-4
41. चुनौती-4

**ऊपर से नीचे**
1. दलाली-4
2. स्वदेश, जन्मभूमि-3
3. दौंडी पीटना-3
4. बेमिसाल-4
6. इसमें तलवार रखते हैं-3
7. मापदंड, आदर्श-3
9. इच्छित वस्तु-4
12. जीरक, कणिका-2
14. थोड़ा, जरा-2
16. आनंद-2
17. क्रोधित, रुष्ट-2
19. अदा-3
20. पति की बहन-3
23. मन को हरने वाला-4
24. निष्कर्ष-2
25. उम्मीद-2
27. वोट, अभिमत-2
28. धरोहर, थाती-4
29. रिश्ता-2
30. नकद राशि, रोकड़-3
31. संधिपत्र, मसविदा-3
33. रीति अनुसार-4
35. अदृढ, तर्कहीन-3
37. द्रव पदार्थ-3

### शब्द पहेली -6030 का हल



## सूडोकु नवताल - 6041

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6040 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

# पहली बार भारत में बनेगा सुखोई यात्री विमान, अब मेड इन इंडिया से होगा हवाई सफर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की एविएशन इंडस्ट्री के लिए ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) और रूस की यूनाइटेड एयरक्राफ्ट कॉरपोरेशन (पीजेएससी-यूएसी) ने सोमवार को मॉस्को में समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत दोनों देश मिलकर सुखोई एसजे-100 पैसेंजर एयरक्राफ्ट का निर्माण भारत में करेंगे। यह पहली बार होगा, जब भारत में किसी फुल पैसेंजर एयरक्राफ्ट का प्रोडक्शन किया जाएगा। इससे पहले ऐसा प्रोजेक्ट 1961 में शुरू हुए एवीआरओ एचएस- 748 विमान के साथ हुआ था, जो 1988 में बंद हो गया था। एचएएल और रूस की पीजेएससी-यूएसी कंपनी ने 27 अक्टूबर 2025 को मॉस्को में एसजे-100 सिविल कम्यूटर एयरक्राफ्ट के निर्माण के लिए समझौता किया है। यह समझौता भारत के नागरिक उड्डयन इतिहास में एक नए अध्याय की शुरुआत है और 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में अहम कदम है।

## भारत के विमानन इतिहास में महत्वपूर्ण कदम

*एचएएल और रूस के बीच हुआ समझौता*

*10 साल में भारत को इस कैटेगरी के करीब 550 छोटे जेट विमान की जरूरत होगी*

### घरेलू यात्रियों के लिए बनेगा 'मेड इन इंडिया' प्लेन



*इस समझौते के तहत एचएएल को भारत के घरेलू बाजार के लिए एसजे-100 बनाने का अधिकार मिलेगा। इसका मकसद सरकार की उड़ान योजना के तहत छोटी दूरी की हवाई कनेक्टिविटी को मजबूत करना है। विशेषज्ञों के मुताबिक, अगले 10 साल में भारत को इस कैटेगरी के करीब 550 छोटे जेट विमान की जरूरत होगी, जिनमें से 200 क्षेत्रीय रूट्स के लिए और बाकी 350 भारतीय महासागर क्षेत्र व अंतरराष्ट्रीय टूरिस्ट रूट्स के लिए होंगे।*



### सुखोई एसजे-100 की खासियत

एसजे-100 एक ट्विन-इंजन, नैरो-बॉडी वाला शॉर्ट-हॉल जेट है, जो अभी 16 से ज्यादा एयरलाइन ऑपरेटरों के साथ उड़ान भर रहा है। अब तक दुनिया भर में 200 से अधिक एसजे-100 विमान बनाए जा चुके हैं।

### सुखोई में आसान सफर

- सीट क्षमता- 103 यात्री तक
- फ्लाइट रेंज- 3,530 किलोमीटर
- इंजन- ट्विन जेट इंजन
- कंट्रोल सिस्टम- डिजिटल फ्लाई-बाय-वायर तकनीक
- कॉकपिट- अत्याधुनिक कंट्रोल साइड स्टिक के साथ
- सुविधा- विशाल ओवरहेड बिन्स, आरामदायक इंटीरियर, मुख्यधारा के जेट जैसी कम्फर्ट लेवल
- सिक्योरिटी- एडवांस्ड एरोडायनामिक्स और आधुनिक टेक्नोलॉजी से लैस।
- एसजे-100 का प्रोडक्शन भारत में शुरू होना न सिर्फ 'मेक इन इंडिया' को नई उड़ान देगा, बल्कि देश को सिविल एविएशन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी बड़ा कदम साबित होगा।

## डीजीपी और 3 आईएएस के वेतन में होगी कटौती

**नई दिल्ली।** पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने संशोधित वाहनों से संबंधित अपने आदेश का पालन



न करने पर डीजीपी गौरव यादव समेत पंजाब के चार वरिष्ठ अधिकारियों पर दो लाख का जुर्माना लगाया है। न्यायमूर्ति सुदीप्ति शर्मा ने राशि वेतन से 50,000 रुपए के बराबर हिस्से में वसूल की जाए और पंजाब के मुख्यमंत्री राहत कोष में जमा की जाए। जिन तीन अन्य अधिकारियों पर भी बतौर जुर्माना लगाया गया है।

## ब्रिटेन में भारतीय मूल की युवती से दुष्कर्म

**लंदन।** ब्रिटेन के वॉलसॉल शहर में 20 साल की भारतीय मूल की एक युवती के साथ दुष्कर्म के मामले में एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने इसे नस्लीय रूप



से प्रेरित हमला बताया है। वेस्ट मिडलैंड्स पुलिस के मुताबिक, वॉलसॉल के पार्क हॉल इलाके में सड़क पर एक महिला के रोते हुए देखे जाने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचने पर पुलिस को पता चला कि महिला के साथ दुष्कर्म हुआ है। पुलिस ने पीड़िता की पहचान गुप्त रखी है, लेकिन स्थानीय संगठनों का कहना है कि वह पंजाबी महिला है।

### चीन को घेरने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का नया दांव

# जापान के साथ साइन की क्रिटिकल मेटल की डील, ड्रैगन के उड़ गए होश!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने चीन को घेरने के लिए एक नया दांव चला है। उन्होंने जापान के साथ क्रिटिकल मेटल को लेकर बड़ा समझौता किया है। दरअसल, चीन ने रेयर अर्थ मेटल के निर्यात पर कड़े प्रतिबंध लगा रखे है। ऐसे में अमेरिका को दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा है। यही वजह है कि अमेरिका अब चीन को घेरने के जापान का सहारा ले रहा है। अमेरिका और जापान ने मंगलवार को जरूरी और रेयर-अर्थ मिनरल्स के प्रोडक्शन और सप्लाई में सहयोग के लिए एक एग्रीमेंट पर साइन किए।

यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के टैरिफ के जवाब में चीन के रेयर अर्थ और चिप बनाने वाले इक्विपमेंट पर एक्सपोर्ट कंट्रोल कड़ा करने के फैसले के बाद उठाया गया है। यह डील ट्रंप के टोक्यो दौरे के दौरान हुई, जहां उन्होंने जापान की नई प्रधानमंत्री सुनाए ताकाइची से पहली बार मुलाकात की। जानकारी के अनुसार, दोनों पक्षों ने घरेलू इंडस्ट्रीज, जिसमें एडवांस्ड टेक्नोलॉजी और उनके संबंधित इंडस्ट्रियल बेस शामिल हैं, को सपोर्ट करने के लिए जरूरी जॉइंट प्रोजेक्ट्स को बढ़ावा देने और जरूरी मिनरल्स और रेयर अर्थ के लिए अलग-अलग, लिक्विड और निष्पक्ष बाजारों के विकास में तेजी लाने के लिए आर्थिक नीति के साधनों और कोऑर्डिनेटेड इन्वेस्टमेंट का इस्तेमाल करने पर सहमति जताई। जापान की पीएम ने ट्रंप से कहा ने वे उनके लिए नोबेल पुरस्कार की मांग करेंगी।

*चीन में दुनिया के 90% दुर्लभ पृथ्वी धातुओं का प्रसंस्करण*

*ट्रंप के लिए जापान ने की नोबेल पुरस्कार की मांग*

*ट्रंप ने जमकर की जापान की पीएम की सराहना*



### चीन का रेयर अर्थ मेटल के 90% हिस्से पर कब्जा

चीन दुनिया के 90% रेयर अर्थ को प्रोसेस करता है। उसने हाल ही में एक्सपोर्ट पर पाबंदियां बढ़ा दी हैं, और अपनी कंट्रोल लिस्ट में नए एलिमेंट्स जोड़े हैं। उन्होंने उन विदेशी प्रोड्यूसर्स पर भी अपनी निगरानी कड़ी कर दी है जो चीनी मटेरियल पर निर्भर हैं। इसके उलट, अमेरिका में सिर्फ एक ही रेयर अर्थ माइन चालू है और वह इलेक्ट्रिक गाड़ियों और एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग के लिए जरूरी मिनरल्स को सुरक्षित करने की दौड़ में लगा हुआ है। ट्रंप गुरुवार को चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिलेंगे। अपने एग्रीमेंट में, अमेरिका और जापान इस बात पर सहमत हुए कि वे परमिट पाने और रेयर अर्थ और जरूरी मिनरल्स को सुरक्षित करने के लिए प्रोसेस और टाइमलाइन को आसान बनाएंगे और उनमें ढील देंगे, और साथ ही गलत ट्रेड प्रैक्टिस और नॉन-मार्केट पॉलिसीज पर भी ध्यान देंगे। यूएस ने कहा कि दोनों देश एक स्टॉकपाइलिंग एग्रीमेंट पर भी विचार करेंगे जो दोनों के लिए फायदेमंद होगा और सप्लाई चेन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दूसरे इंटरनेशनल पार्टनर्स के साथ काम करेंगे।

### नोबेल के लिए ट्रंप को मिला नया साथी

इस लिहाज से पाकिस्तान, इस्राइल और की तरह ही जापान भी अब उन देशों की सूची में शामिल हो गया है, जिन्होंने ट्रंप के लिए नोबेल शांति पुरस्कार देने के लिए आवाज उठाई है। अमेरिकी राष्ट्रपति मंगलवार को टोक्यो में अमेरिकी नौसेना के विमानवाहक पोत यूएसएस जॉर्ज वाशिंगटन पर तैनात सैनिकों से भी मिलने वाले हैं। इससे पहले सोमवार को उन्होंने जापान के सम्राट से औपचारिक मुलाकात की थी। ट्रंप इससे पहले मलेशिया के कुआलालंपुर में आसियान शिखर सम्मेलन में शामिल हुए, जहां उन्होंने थाईलैंड और कंबोडिया के बीच हुए संघर्षविराम समझौते की सराहना की।

### पाक-अफगान की बातचीत बेनतीजा

## अफगानिस्तान पर हमले करता रहेगा पाकिस्तान



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तुर्की में अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच हुई शांति वार्ता बिना किसी नतीजे के खत्म हो गई। बताया जा रहा है कि वार्ता के दौरान पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल का रवैया इतना अजीब और असहयोगी था कि वहां मौजूद मध्यस्थ कतर और तुर्की के प्रतिनिधि भी हैरान और नाराज हो गए। सूत्र ने बताया कि पाकिस्तानी प्रतिनिधि बातचीत की प्रक्रिया से परिचित नहीं थे, वे बार-बार अतार्किक मुद्दे उठाते रहे और कई मौकों पर असभ्य भाषा का इस्तेमाल किया।

वार्ता के सभी एजेंडा बिंदु पूरे हो चुके थे, लेकिन जब एक मुद्दे पर चर्चा चल रही थी, तभी पाकिस्तानी पक्ष ने गलत बर्ताव कर बैठक का माहौल बिगाड़ दिया। बताया जा रहा है कि पाकिस्तानी टीम के प्रमुख ने अफगान पक्ष से कहा कि वे उन सभी समूहों को नियंत्रित करें जो पाकिस्तान में हमले करते हैं। यह मांग सुनकर मध्यस्थ भी हैरान रह गए। उन्होंने सवाल किया कैसे कोई देश दूसरे देश से कह सकता है कि वह उसके अपने विद्रोही समूहों को नियंत्रित करे? वार्ता के दौरान पाकिस्तानी पक्ष ने यह भी कहा कि यदि पाकिस्तान में टीटीपी के हमले जारी रहे, तो वे उसका बदला अफगानिस्तान से लेंगे। इस पर अफगान टीम ने जवाब दिया कि पाकिस्तान में सुरक्षा बनाए रखना पाकिस्तानी सेना और सुरक्षा एजेंसियों की जिम्मेदारी है।

### एक-दूसरे को ठहराया जिम्मेदार

अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच हुई वार्ता का उद्देश्य सीमा पर हाल ही में हुई भीषण झड़पों के बाद स्थायी शांति बहाल करना था, जिनमें दर्जनों लोगों की मौत हो गई थी। यह 2021 में तालिबान के काबुल में सत्ता में आने के बाद सबसे गंभीर हिंसा मानी जा रही है। दोनों देशों ने 19 अक्टूबर को दोहा में एक संघर्षविराम समझौते पर सहमति जताई थी, लेकिन इसके बाद तुर्की और कतर की मध्यस्थता में इस्तांबुल में हुई दूसरी दौर की बातचीत में कोई साझा समाधान नहीं निकल सका। दोनों पक्षों ने वार्ता विफल होने के लिए एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराया।

*ट्रंप के टैरिफ के बीच बोले विदेश मंत्री*

## ऊर्जा क्षेत्र के लगातार सिकुड़ने पर जयशंकर ने चिंता जाहिर की

एजेंसी ▶▶ कुआलालंपुर




भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने आसियान सम्मेलन के दौरान अपने संबोधन में ऊर्जा क्षेत्र के लगातार सिकुड़ने पर चिंता जाहिर की। एस जयशंकर का यह बयान ऐसे समय सामने आया है, जब अमेरिका और भारत के संबंधों में थोड़ा रूखापन आया हुआ है और अमेरिका द्वारा भारत पर रूस से तेल न खरीदने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। इस दबाव के तहत अमेरिका ने भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है।

बीते हफ्ते ट्रंप ने रूस की दो सबसे बड़ी तेल कंपनियों, रोसनेफ्ट और लुकोइल पर बैन लगा दिया, जिससे भारत को ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हुई है। आसियान सम्मेलन के दौरान भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने अपने बयान में बाजारों तक पहुंच, सप्लाई चेन की दिक्कतों को लेकर भी चिंता जताई। साथ ही उन्होंने कहा कि दुनिया को आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनानी चाहिए और गाजा और यूक्रेन जैसे संघर्षों को सुलझाने की कोशिशें तेज करनी चाहिए क्योंकि इन संघर्षों की वजह से खाद्य सुरक्षा और ऊर्जा आपूर्ति खतरे में पड़ गई है। जयशंकर ने कहा कि ऊर्जा व्यापार पर लगातार रोक लगाई जा रही है, जिससे तेल बाजार में गड़बड़ी हो रही है। सिद्धांतों को चुनिंदा तरीके से लागू किया जा रहा है। अमेरिका की व्यापार नीति का जिक्र किए बिना जयशंकर ने कहा कि सप्लाई चेन की विश्वसनीयता और बाजार पहुंच चिंता बढ़ा रही है। गौरतलब है कि एक तरफ जहां ट्रंप प्रशासन द्वारा दुनिया के विभिन्न देशों पर भारी-भरकम टैरिफ लगा दिए गए हैं, जिससे आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हुई है। वहीं दूसरी तरफ चीन द्वारा दुर्लभ खनिजों और भारी मशीनरी के निर्यात पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है।

### इंडो-पैसिफिक रीजनल डायलॉग 2025

## नौसेना प्रमुख ने कहा- महासागर राष्ट्रों और समाजों की साझा धरोहर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय नौसेना प्रमुख दिनेश कुमार त्रिपाठी का कहना है कि समुद्र हमारे साझा भविष्य का दर्पण है, सुरक्षा और विकास दोनों एक साथ चलने वाले इंजन हैं। वह मंगलवार को नई दिल्ली में आयोजित इंडो-पैसिफिक रीजनल डायलॉग 2025 के उद्घाटन सत्र में बोल रहे थे।नौसेना प्रमुख ने कहा कि समुद्र सदियों से मानवता के सबसे प्राचीन राजमार्ग रहे हैं। इन राजमार्गों ने न केवल व्यापार और संस्कृति बल्कि जिज्ञासा और साहस को भी दिशा दी है।

उन्होंने कहा कि विभिन्न मित्र देशों के 30 से अधिक प्रतिनिधियों की उपस्थिति दर्शाती है कि इंडो-पैसिफिक क्षेत्र का भविष्य केवल संवाद, सहयोग और पारस्परिक विश्वास से ही सुरक्षित और समृद्ध बनाया जा सकता है। नौसेना प्रमुख ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कथन का उल्लेख करते हुए कहा कि महासागर राष्ट्रों और समाजों की साझा धरोहर हैं। ये अंतरराष्ट्रीय व्यापार की जीवनरेखा है। आज देशों की सुरक्षा और समृद्धि महासागरों से गहराई से जुड़ी हुई है। यह संदेश हमें यह याद दिलाता है कि समुद्रों की शांति और राष्ट्रों की समृद्धि एक-दूसरे से अविभाज्य हैं।

*मजबूत हुआ आपसी तालमेल और क्षमता*

## भारत और अमेरिका की नौसेनाओं का पनडुब्बी-रोधी युद्ध अभ्यास

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन



भारत और अमेरिका ने पनडुब्बी-रोधी युद्ध (एएसडब्ल्यू) और समुद्री क्षेत्र में जागरूकता पर केंद्रित संयुक्त युद्ध अभ्यास किया, ताकि दोनों नौसेनाओं के बीच आपसी तालमेल और क्षमता को मजबूत किया जा सके। अमेरिका के सातवें बेड़ा ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, अमेरिका और भारत की नौसेनाएं साथ उड़ान भर रही हैं। डिएगो गार्सिया के पास संयुक्त पी-8 प्रशिक्षण ने पनडुब्बी-रोधी युद्ध कौशल और समुद्री क्षेत्र की जागरूकता को निखारा और हिंद-प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने की हमारी सामूहिक क्षमता को बढ़ाया। रक्षा दृश्य सूचना वितरण सेवा (डीवीआईडीएस) ने एक आधिकारिक बयान में कहा, 'कमांडर टास्क फोर्स 72' (सीटीएफ) के मिशन में समुद्री गश्ती और टोही विमान (एमपीआरए) पी-8ए पोसाइडन ने भारतीय नौसेना के एमपीआरए पी-8आई के साथ डिएगो गार्सिया और हिंद महासागर के पास संयुक्त अभ्यास में भाग लिया। यह अभ्यास 22 से 28 अक्तूबर के बीच आयोजित किया गया था। पी-8आई के डिएगो गार्सिया पहुंचने के बाद अमेरिकी और भारतीय चालक दल ने अभ्यास के लिए संचालन योजना पर मिलकर काम किया, जिससे समुद्री में सूचना साझा करने और सहयोग की नींव रखी गई। इस तट आधारित चरण को संयुक्त उड़ान और द्विपक्षी पनडुब्बी-रोधी और संचार अभ्यास के साथ पूरा किया गया। बयान में कहा गया, पैट्रोल स्क्वाड्रन (वीपी) 4 को सीटीएफ 72 में तैनात किया गया, जो अमेरिकी नौसेना के सातवें बेड़े समुद्री गश्ती और टोही विमानों के लिए कमान एवं नियंत्रण मुख्यालय है। यह बहुपक्षीय सहयोग के माध्यम से क्षेत्रीय सुरक्षा और संचालन को बढ़ावा देता है और निगरानी व टोही की क्षमताएं प्रदान करता है।

### जमैका से टकराएगा 2025 का सबसे ताकतवर तूफान 'मेलिसा'

# हवा की रफ्तार 282 किमी प्रति घंटा, 6 लाख को भेजा सुरक्षित जगह

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

हरिकेन मेलिसा 2025 का सबसे ताकतवर तूफान बन गया है। यह कैरेबियाई देश जमैका की ओर बढ़ रहा है। इससे पहले यह हैती और डोमिनिकन रिपब्लिकन में तबाही मचा चुका है। मेलिसा से जमैका में 3, हैती में 3 और डोमिनिकन रिपब्लिक में 1 व्यक्ति की मौत हो गई है। अमेरिकी मौसम वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि यह तूफान विनाशकारी और जानलेवा साबित हो सकता है। मेलिसा की रफ्तार 175 मील प्रति घंटा यानी लगभग 282 किमी/घंटा तक पहुंच गई है। इससे यह कैटेगरी-5 हरिकेन बन गया है। यह तूफानों की सबसे खतरनाक श्रेणी है। क्यूबा में 6 लाख और जमैका में 28,000 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित जगहों पर शिफ्ट किया गया है। अमेरिकी वायुसेना रिजर्व के 403वें विंग के 'हरिकेन हंटर्स' ने एक वीडियो जारी किया है, जिसमें तूफान मेलिसा का बिल्कुल बीच का हिस्सा दिख रहा है। यह वीडियो उस समय शूट किया गया था, जब तूफान रविवार को जमैका की ओर बढ़ रहा था।

### हरिकेन मेलिसा 24 घंटे में कैटेगरी 5 का तूफान बना



मेलिसा ने शनिवार को 120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलना शुरू किया था। 24 घंटे में रविवार रात तक इसकी रफ्तार 225 किमी प्रति घंटा हो गई। सोमवार रात इसकी रफ्तार 260 किमी प्रति घंटा हो गई थी जिसके यह कैटेगरी-5 तूफान बन गया। कैटेगरी 5 के तूफान को हरिकेन की सबसे खतरनाक श्रेणी माना जाता है। इसमें हवाओं की रफ्तार 252 किलोमीटर प्रति घंटा (या 157 मील प्रति घंटा) से ज्यादा होती है। इसकी हवा इतनी तेज होती है कि मजबूत कॉन्क्रीट की इमारतें भी क्षतिग्रस्त हो सकती हैं। पेड़ उखड़ जाते हैं, बिजली और कम्युनिकेशन सिस्टम पूरी तरह ठप हो जाता है। समुद्र में ऊंची लहरें और तूफानी ज्वार कई मीटर ऊंचाई तक पहुंच सकता है, जिससे तटीय इलाकों में भारी बाढ़ आ जाती है। 2025 में अब तक 4 कैटेगरी 5 तूफान दर्ज किए गए हैं।

### लगातार बारिश से बाढ़ भूस्खलन का खतरा बढ़ा

मेलिसा की रफ्तार के चलते लगातार भारी बारिश होने की आशंका है। इससे भारी बाढ़ और भूस्खलन का खतरा बढ़ गया है। जमैका सरकार ने राजधानी किंग्सटन सहित कई इलाकों में निकासी आदेश जारी किए हैं। 881 राहत शिविर खोले गए हैं, जहां लोगों को शरण दी जा रही है। जमैका की शिक्षा मंत्री डाना मॉरिस डिक्सन ने कहा,ऐसा तूफान हमने पहले कभी नहीं देखा। अक्टूबर भर से बारिश हो रही है, जमीन पहले से भीगी हुई है, इसलिए भारी बाढ़ और भूस्खलन की संभावना बहुत ज्यादा है। अगर इसी ताकत से टकराया, तो 1851 के बाद यह जमैका से टकराने वाला सबसे शक्तिशाली तूफान होगा।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा

## सौर ऊर्जा के क्षेत्र में 2050 तक आत्मनिर्भर बनेगा भारत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को कहा कि 2050 तक भारत न केवल अपने क्लीन एनर्जी टारगेट्स को पूरा करना चाहता है। बल्कि एक ऐसा हब भी बनना चाहता है जो ग्लोबल सोलर मांग को एकीकृत करे और इनोवेशन, मैन्युफैक्चरिंग और नॉलेज के आदान-प्रदान को बढ़ावा दे।

राष्ट्रीय राजधानी में भारत मंडपम में इंटरनेशनल सोलर एलायंस (आईएसए) की असेंबली के आठवें सत्र को संबोधित करते हुए, राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि भारत एक ग्लोबल सोलर एनर्जी हब बनने की राह पर है। उन्होंने समय से पहले रिन्यूएबल एनर्जी टारगेट्स को प्राप्त करने में देश की प्रगति पर प्रकाश डाला और ग्लोबल सोलर डिमांड को एकीकृत करने और क्लीन एनर्जी इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए एक दृष्टिकोण की रूपरेखा प्रस्तुत की। राष्ट्रपति ने कहा कि आईएसए मानवता की साझा आकांक्षा का प्रतीक है, जिसमें समावेशिता, सम्मान और सामूहिक समृद्धि के स्त्रोत के रूप में सोलर एनर्जी का उपयोग करना शामिल है।

## खबर संक्षेप




### कजाकिस्तान ने भारत को बराबरी पर रोका

**नई दिल्ली।** भारत की अंडर-20 महिला टीम ने कजाकिस्तान के शिमकेंट में बीआईआईके स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में दूसरे और अंतिम मैत्री मैच में कजाकिस्तान अंडर-19 के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला। दोनों गोल दूसरे हाफ में किए गए। एडेलिया बेक्कोझिना ने 47वें मिनट में मेज़बान टीम को बढ़त दिलाई, जबकि पूजा ने 55वें मिनट में इस दौरे का अपना दूसरा गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। भारतीय टीम ने अगले साल होने वाले अंडर-20 महिला एशिया कप की तैयारी के सिलसिले में यह दौरा किया था, जिसमें उसने दो मैत्री मैच खेले। भारत ने शनिवार को पहला मैत्री मैच 3-2 से जीता था।

### ऑस्ट्रेलिया अपना आक्रामक रवैया जारी रखेगाः मार्श

**कैनबरा।** आस्ट्रेलिया के कप्तान मिशेल मार्श जानते हैं कि अति आक्रामक बल्लेबाजी करने की रणनीति हमेशा कारगर साबित नहीं होती लेकिन उन्होंने कहा कि उनकी टीम अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारियों के तहत आक्रामक रवैया अपनाना जारी रखेगी।



ऑस्ट्रेलिया अगले साल फरवरी-मार्च में भारत और श्रीलंका की मेजबानी में होने वाले विश्व कप की तैयारी के तहत भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलेगा। ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी बार 2021 में टी20 विश्व कप जीता था जबकि भारत 2024 में चैंपियन बना था। मार्श ने कहा, 'पिछले दो विश्व कप में हम अपेक्षित सफलता हासिल नहीं कर पाए और मुझे लगता है कि हमने एक टीम के रूप में खुद को चुनौती देने की बात की थी, ताकि हम विश्व कप जीत सकें।''

### भारत ने एशियाई रिले के लिए लगाई बोली



**नई दिल्ली।** भारत ने आगामी वर्षों में महाद्वीपीय और वैश्विक प्रतियोगिताओं के आयोजन के अपने प्रयासों के तहत 2028 एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप और 2026 एशियाई रिले की मेजबानी के लिए बोलियां पेश की हैं। भारत अगर इन प्रतियोगिताओं की मेजबानी हासिल करने में सफल रहा तो यह पहली बार होगा जब देश इन दो महाद्वीपीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी करेगा। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने 2028 एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए भुवनेश्वर को मेजबान शहर के रूप में प्रस्तावित किया है, जबकि 2026 एशियाई रिले के लिए स्थल अभी तय नहीं हुआ है। एएफआई के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया, 'हमने 2028 एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए भुवनेश्वर को मेजबान शहर के तौर पर बोली प्रस्तुत की है।

### सोफी की फिटनेस को लेकर इंग्लैंड परेशान

**गुवाहाटी।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ महिला एकदिवसीय विश्व कप सेमीफाइनल से पहले इंग्लैंड अपनी सबसे अधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज सोफी एकलेस्टोन की फिटनेस को लेकर परेशान है।



बाएं हाथ की इस स्पिनर को क्योंकि लेफ्ट आर्म स्पिनर को 'कॉलर बोन के पास के जोड़ में मामूली चोट' लगी है। एकलेस्टोन अब तक टूर्नामेंट में इंग्लैंड की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहीं हैं। उन्होंने छह मैच में 12 विकेट लिए हैं। ईसीबी ने कहा, 'सोफी एकलेस्टोन के बाएं कंधे के एनआरआई स्कैन के नतीजों से पता चला है कि उनके कॉलर बोन के पास के जोड़ में मामूली चोट है।

# गुकेश ने नाकामुरा को हराया, 'किंग थ्रो' विवाद का हिसाब किया बराबर

एजेंसी ▶▶| सेंट लुईस

विश्व शतरंज चैंपियन डी गुकेश ने अमेरिका के सेंट लुईस में आयोजित क्लच चेस चैंपियंस शोडाउन 2025 में अमेरिकी ग्रैंडमास्टर हिकारु नाकामुरा को रैपिड फॉर्मेट में हराकर मिनी मैच अपने नाम किया। यह जीत सिर्फ एक मुकाबले की नहीं थी, यह उस विवाद का जवाब भी थी, जिसने कुछ हफ्ते पहले शतरंज जगत को हिला दिया था।

दरअसल, कुछ समय पहले दोनों के बीच खेले गए मुकाबले के दौरान नाकामुरा ने गुकेश को हराने के बाद उनका किंग मोहरा उठाकर दर्शकों की ओर फेंक दिया था, जिससे भारी विवाद खड़ा हो गया था।

### गुकेश ने शालीनता से जीता दिल

गुकेश ने राउंड 2 के पहले गेम में काले मोहरों से खेलते हुए शानदार रणनीति के साथ जीत दर्ज की। इसके बाद सभी की नजरें उनके रिएक्शन पर थीं। लेकिन गुकेश ने अपनी भावनाओं पर काबू पाते हुए शांति से बोर्ड को रीसेट किया, मोहरों को उनकी जगह पर रखा और नाकामुरा से हाथ मिलाया। उनकी इस प्रतिक्रिया ने प्रशंसकों का दिल जीत लिया। सोशल मीडिया पर भी इसका वीडियो काफी तेजी से वायरल है। प्रशंसकों का कहना है कि 'गुकेश ने खेल भावना की मिसाल पेश की'।




### क्या है 'किंग थ्रो' विवाद?

**'चेकमेट : भारत बनाम अमेरिका'** प्रदर्शनी इवेंट का हाल ही में टेक्सास के आर्लिंगटन में आयोजन किया गया था। इस दौरान अमेरिकी ग्रैंडमास्टर हिकारु नाकामुरा ने भारत के युवा ग्रैंडमास्टर और विश्व चैंपियन डी गुकेश को हराने के बाद उनके राजा के मोहरे को दर्शकों की ओर फेंक दिया। इस निंदनीय कदम ने सोशल मीडिया पर चर्चा और आलोचना का तूफान खड़ा कर दिया।

### आयोजकों ने पहले से बनाई थी योजना

हालांकि बाद में यह रिपोर्ट सामने आई कि राजा के मोहरे को फेंकने की हरकत आयोजकों ने पहले से ही योजना बनाई थी। प्रसिद्ध शतरंज विशेषज्ञ लेवी रोजमन ने बताया, 'बिना संदर्भ के यह एक अप्रत्याशित और असम्मानजनक हरकत लग सकती है। लेकिन आयोजकों ने हमें इसे करने के लिए प्रोत्साहित किया था। मुझे याद है कि अगर मैंने या सागर शाह ने जीत हासिल की, तो हमें राजा के मोहरे को तोड़ना था। यह सब मनोरंजन के लिए था। गुकेश और हिकारु के मैच का विजेता राजा के मोहरे को दर्शकों में फेंकता। मुझे नहीं पता कि गुकेश ऐसा करते या नहीं। हिकारु ने बाद में गुकेश से बात की और बताया कि यह केवल शो के लिए था और कोई अपमान नहीं था।'

दोनों टीम ने पिछले 10 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 8 जीते और एक-एक मैच हारे

# भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच टी20 जंग आज से, फॉर्म में लौटने को बेताब सूर्यकुमार

एजेंसी ▶▶| कैनबरा

पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 29 अक्टूबर बुधवार को होने वाले पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में फॉर्म में लौटने की कोशिश करेंगे। दोनों टीम ने अपने पिछले 10 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में से आठ जीते हैं और एक-एक मैच हारे हैं, इसलिए मुकाबला बराबरी का होने की उम्मीद है। भारत का एक मैच टाई रहा, जबकि ऑस्ट्रेलिया का एक मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था। सूर्यकुमार का रन नहीं बना पाना टीम के लिए चिंता का विषय हो सकता है लेकिन अन्य खिलाड़ियों ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है और वे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी बेहतर खेल दिखाने के लिए वह प्रतिबद्ध होंगे।

आज दोपहर 1:45 बजे से शुरू होगा मुकाबला



### टी20 में पावरप्ले अहम : सूर्यकुमार

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में पावरप्ले के ओवर काफी महत्वपूर्ण होंगे और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की मौजूदगी से मैच के इस समय में उनकी टीम की संभावनाएं बढ़ जाएंगी। सूर्यकुमार ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया की आक्रामक खेल शैली के सामने बुमराह का होना हमेशा से उनकी टीम के लिए फायदेमंद रहा है। सूर्यकुमार ने कहा, 'पावर प्ले में गेंदबाजी करना हमेशा चुनौती होती है। हमने देखा है कि वे (ऑस्ट्रेलिया) वनडे श्रृंखला और टी20 विश्व कप में किस तरह से खेले। पावर प्ले हमेशा महत्वपूर्ण होता है।'


### सूर्य ने 10 पारियों में सिर्फ 100 रन ही बनाए

मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सूर्या का खुलकर समर्थन किया और उनका मानना है कि कप्तान का लगातार कम स्कोर पर आउट होना चिंता का विषय नहीं है। सूर्यकुमार हालांकि बड़ी पारी खेलने के लिए बेताब होंगे। सूर्यकुमार यादव ने 2023 में 18 पारियों में लगभग 156 के स्ट्राइक रेट से 733 रन बनाए थे, जिसमें दो शतक और पांच अर्धशतक शामिल थे। उन्होंने 2024 में 151 के स्ट्राइक रेट से 450 से थोड़ा कम रन बनाए, लेकिन 2025 में अब तक भारतीय कप्तान 10 पारियों में 11 रन प्रति मैच की औसत से केवल 100 रन ही बना पाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 105 से अधिक है, जिससे यह पता चलता है कि भले ही उन्हें रन बनाने में संघर्ष करना पड़ा है, लेकिन उन्होंने अपनी आक्रामक रणनीति को पूरी तरह से नहीं छोड़ा है।

### टी-20 विश्व कप के लिए भारत की तैयारी की शुरुआत

ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला अगले साल की शुरू होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए भारत की वास्तविक तैयारी की शुरुआत है, जिसमें उसे 15 मैच खेलने हैं। लेकिन यह कहा जा सकता है कि इस श्रृंखला के परिणाम का कोई बड़ा प्रभाव नहीं पड़ेगा, क्योंकि दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले 10 मैच घरेलू परिस्थितियों में खेले जाएंगे।

### अभिषेक के लिए नई चुनौती



सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के लिए ऑस्ट्रेलियाई पिचों पर अतिरिक्त उछाल से निपटना एक नई चुनौती होगी और इसलिए कप्तान का योगदान और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। मनुका ओवल की पिच पर उछाल होने के कारण सूर्य कुमार को अधिकतम लाभ हासिल करने का मौका मिलेगा, लेकिन जोश हेजलवुड उनके लिए परेशानी खड़ी कर सकते हैं।

### बुमराह की मौजूदगी महत्वपूर्ण कारक



भारत के गेंदबाजी आक्रमण की बात करें तो जसप्रीत बुमराह की मौजूदगी और वरुण चक्रवर्ती की चतुराई महत्वपूर्ण कारक होंगे। वरुण, कुलदीप यादव और अक्षर पटेल के 12 ओवर तथा बुमराह और अर्शदीप के शुरुआती स्पैल ट्रेविस हेड और खतरनाक मिशेल मार्श के खिलाफ काफी महत्वपूर्ण होंगे।

### टीमें इस प्रकार

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल (उपकप्तान), तिलक वर्मा, नितीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, वाशिंगटन सुंदर।

**ऑस्ट्रेलियाः** मिशेल मार्श (कप्तान), सीन एबॉट, जेवियर बार्टलेट, महली बियर्डमैन, टिम डेविड, बेन ड्वार्शिस, नाथन एलिस, जोश हेज़लवुड, ग्लेन मैक्सवेल, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, मैथ्यू कुहनेमन, मिशेल ओवेन, जोश फिलिप, तनवीर संघा, मैथ्यू शॉर्ट, मार्कस स्टोइनिस।

विमेंस वनडे रैंकिंग

## स्मृति ने हासिल की कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग, नंबर-1 पर कायम

एजेंसी ▶▶| दुबई

सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने घरेलू विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के दम पर कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल करने के साथ महिला वनडे क्रिकेट में शीर्ष बल्लेबाज के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

बाएं हाथ की इस 29 साल की बल्लेबाज ने पिछले दो मैचों में न्यूजीलैंड के खिलाफ 109 और बांग्लादेश के खिलाफ नाबाद 34 रन बनाए हैं।

इन पारियों के बाद उनके नाम 828 रेटिंग अंक हो गए, जो दूसरे स्थान पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया की ऐश गार्डनर (731) से 97 अंक अधिक हैं। गार्डनर ने इंग्लैंड के खिलाफ अपने नाबाद शतक के बाद छह स्थानों की छलांग लगाई। मंधाना को इससे पहले सितंबर 2025 के लिए 'आईसीसी-महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' चुना गया था।



### प्रतिका शीर्ष 30 में

चोट के कारण विश्व कप के बाकी मैचों से बाहर हुई भारतीय सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल 564 की रेटिंग के साथ शीर्ष 30 (27वें स्थान) में पहुंच गईं। इस विश्व कप में स्पिन की अहम भूमिका रही है और कई गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन के बूते अपनी रैंकिंग में सुधार किया है।

### सोफी वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर

इंग्लैंड की सोफी एकलेस्टोन महिला वनडे गेंदबाजी रैंकिंग (747) में शीर्ष पर बनी हुई हैं। एकलेस्टोन को ऑस्ट्रेलिया की लेग स्पिनर अलाना किंग से कड़ी टक्कर मिल रही है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सात विकेट लिए थे। किंग ने अपने करियर की सर्वोच्च रेटिंग 698 के साथ पांच स्थान की छलांग लगाई, जिससे उनकी टीम की साथी गार्डनर एक स्थान फिसलकर तीसरे (689) स्थान पर आ गईं। पाकिस्तान की नशरा संधू दक्षिण अफ्रीका की बायें हाथ की स्पिनर नॉनकुलुलेको म्लाबा (610) के साथ संयुक्त रूप से 10वें स्थान पर रहीं, जबकि तेज गेंदबाज मारिजन काप और सदरलैंड भी एक-एक स्थान के सुधार के साथ क्रमशः चौथे और सातवें स्थान पर पहुंच गईं।

फुटबॉल

## दो महीने मैदान से बाहर रहेंगे रियल मैड्रिड के स्टार खिलाड़ी कार्वाजल




एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

रियल मैड्रिड को एफसी बार्सिलोना के खिलाफ जीत की भारी कीमत चुकानी पड़ी है। मैड्रिड के डिफेंडर दानी कार्वाजल को घुटने में चोट लगी है, जिसके बाद अब वह 2026 की शुरुआत तक मैदान से बाहर रहेंगे। रियल मैड्रिड ने बार्सिलोना पर 2-1 जीत दर्ज की थी, लेकिन इस दौरान टीम का यह डिफेंडर चोटिल हो गया। अब दानी कार्वाजल को ठीक होने में लगभग दो महीने का समय लगेगा। रियल मैड्रिड की आधिकारिक वेबसाइट ने बताया, 'रियल मैड्रिड की मेडिकल टीम ने दानी कार्वाजल की जांच की, जिसमें उनके दाएं घुटने के जोड़ में एक 'लूज बॉडी' पाया गया है। डिफेंडर अब 'आर्थ्रोस्कोपी सर्जरी' से गुजरेंगे।

### लगभग 10 मैच मिस कर सकते हैं दानी

स्पेन के इस अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी को मांसपेशियों में चोट के कारण एक महीने तक खेल से बाहर रहना पड़ा था, जिसके बाद बार्सिलोना के खिलाफ दूसरे हाफ में स्थानापन्न के रूप में वापसी की। अगर रिकवरी टाइमलाइन सही रही, तो कार्वाजल 2025 में फिर से नहीं खेल पाएंगे। ऐसे में दानी लगभग 10 मैच मिस कर सकते हैं, जिनमें से 7 ला लीगा और 3 चैंपियंस लीग के मुकाबले होंगे। 33 वर्षीय खिलाड़ी को घुटने के लिगामेंट में चोट के कारण 2024-25 में लगभग पूरे सीजन बाहर रहना पड़ा था। वह मौजूदा सत्र की शुरुआत में ही मैदान पर लौटे, ताकि टीम में नए शामिल हुए ट्रेंट अलेक्जेंडर-अर्नोल्ड के साथ राइट-बैक की जगह के लिए प्रतिस्पर्धा कर सकें।

## कलकल ने रचा इतिहास, फ्री स्टाइल में जीता गोल्ड, उज्बेकिस्तान के पहलवान को हराया

एजेंसी ▶▶| नोवी साद

भारतीय पहलवान सुजीत कलकल ने अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में पुरुषों की फ्री स्टाइल 65 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। सुजीत ने खिताबी मुकाबले में उज्बेकिस्तान के उमिदजोन जालोलोव को एकतरफा अंदाज में 10-0 से हराया। दोनों पहलवानों के बीच यह मुकाबला चार मिनट 54 सेकेंड तक चला, जिसके बाद रेफरी ने भारतीय पहलवान को विजेता घोषित किया।

सुजीत ने इस तरह उज्बेकिस्तान के पहलवान पर तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर जीत दर्ज की। इससे पहले सुजीत ने कभी विश्व खिताब नहीं जीता था, लेकिन उन्होंने 2022 और 2025 में अंडर-23 एशिया खिताब और 2022 में अंडर-20 एशियन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। सुजीत ने पिछले साल इसी चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था, लेकिन इस बार वह पदक का रंग बदलने में सफल रहे।



## आईसीयू से बाहर आए अय्यर, हालत स्थिर

**नई दिल्ली।** भारत की वनडे टीम की उप कप्तान श्रेयस अय्यर को सिडनी के एक अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) से बाहर स्थानांतरित कर दिया गया है और उनकी हालत स्थिर है, जिससे उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंता कम हो गई है।



उन्हें तिल्ली की चोट (स्प्लीनिक रप्चर) और पसली में चोट के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बीसीसीआई के सूत्र ने बताया, 'उन्हें आईसीयू से बाहर स्थानांतरित कर दिया गया है और सिडनी के अस्पताल से छुट्टी मिलने में उन्हें कुछ दिन और लग सकते हैं।' ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में खेले गए तीसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के दौरान हर्षित राणा की गेंद पर एलेक्स कैरी का मुश्किल कैच लेने की कोशिश में अय्यर को बाईं पसली के निचले हिस्से में चोट लग गई थी। शुरुआत में वह फिजियो की मदद से मैदान से बाहर चले गए, लेकिन बाद में उनकी हालत बिगड़ गई, जिसके कारण उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। बाद में किए गए परीक्षणों से पता चला कि तिल्ली में चोट लगने के कारण आंतरिक रक्तस्राव हुआ था, जिसके बाद उन्हें गहन निगरानी के लिए आईसीयू में भर्ती कराया गया।

आज दोपहर 3 बजे से महिला वनडे विश्व कप का सेमीफाइनल मैच

# इंग्लैंड के खिलाफ द. अफ्रीका को दिखाना होगा दम

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

लीग चरण में कुछ करीबी जीत हासिल करके सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली दक्षिण अफ्रीका की टीम को महिला वनडे विश्व कप के अंतिम चार के मुकाबले में अगर चार बार के चैंपियन इंग्लैंड के सामने कड़ी चुनौती पेश करनी है तो उसके बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। दक्षिण अफ्रीका को लीग चरण में जिन दो मैच में हार का सामना करना पड़ा था, उन दोनों में उसके बल्लेबाज नाकाम रहे। इन दोनों अवसरों पर उसकी बल्लेबाजी स्पिन के सामने बिखर गई।

अपने पहले मैच में 69 रन पर आउट होने के बाद निराश दक्षिण अफ्रीका की टीम ने अच्छी वापसी की तथा न्यूजीलैंड, भारत, बांग्लादेश, श्रीलंका और पाकिस्तान पर करीबी जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रही। स्पिनरों के सामने उसके बल्लेबाजों का संघर्ष ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंतिम लीग खेल में फिर से सामने आया, जिसने उन्हें 24 ओवरों में सिर्फ 97 रन पर ढेर कर दिया।



### इंग्लैंड की एलिस कैप्सी अच्छी लय में

इंग्लैंड एक बार फिर दक्षिण अफ्रीका की इस कमजोरी का फायदा उठाने की कोशिश करेगा और दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों को रोकने के लिए न केवल अपनी ऑलराउंड ताकत पर बल्कि अपनी स्पिन तिकड़ी सोफी एक्लेस्टोन, लिंसे स्मिथ और चार्ली डीन पर भी निर्भर करेगा। तेज गेंदबाज लॉरेन बेल को शुरू में दबाव बनाना होगा, जबकि एलिस कैप्सी अच्छी लय में हैं। उन्होंने टूर्नामेंट में अब तक पांच विकेट लिए हैं। इंग्लैंड के लिए हालांकि स्टार स्पिनर एक्लेस्टोन की चोट चिंता का विषय बनी हुई है। वह रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान क्षेत्ररक्षण करते समय चोटिल हो गई है। इंग्लैंड को उम्मीद है कि वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच तक पूरी तरह फिट हो जाएगी। इंग्लैंड इस मुकाबले में आत्मविश्वास के साथ उतरेगा, क्योंकि उसने इसी मैदान पर अपने पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका को 10 विकेट से हराया था।

### द. अफ्रीका के बल्लेबाजों में निरंतरता का अभाव

दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट ने अब तक सात मैचों में 50.16 की औसत से 301 रन बनाए हैं लेकिन उनको छोड़कर टीम के अन्य बल्लेबाजों के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा है। इंदौर में भारत के खिलाफ 101 रन की पारी खेलने वाली ताज़मिन ब्रिट्स उसके बाद से तीन बार शून्य पर आउट हुई हैं। उन्होंने विश्व कप से पहले लगातार तीन शतक लगाए थे और दक्षिण अफ्रीका को उनसे इस महत्वपूर्ण मुकाबले में ठोस शुरुआत देने की उम्मीद होगी। सुने लुस (157 रन) और मारिज़ान काप (162 रन) भी लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई हैं, जिससे टीम की बल्लेबाजी की समस्या और बढ़ गई है।




## हाई कोर्ट के आदेश पर लगाया गया था एनएसए

# दमोह में पैर धुलवाने को मामले पर मुख्यपीठ करेगी सुनवाई

हरिभूमि जबलपुर।

दमोह जिले के ग्राम सतरिया में मंदिर के अंदर ओबीसी वर्ग के युवक से पैर धुलवाकर पीने को मजबूर करने के मामले को सुनवाई के लिए मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की मुख्यपीठ के समक्ष पेश करने की व्यवस्था दी गई है। जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस अवनींद्र कुमार सिंह की डिवीजन बेंच ने यह व्यवस्था दी। पीठ ने प्रकरण की सुनवाई करने से इंकार करते हुए उक्त निर्देश जारी किए।

उल्लेखनीय है कि दमोह जिले के ग्राम सतरिया स्थित मंदिर के अंदर ओबीसी वर्ग के युवक से पैर धुलवाकर गंदा पानी पीने को मजबूर किए जाने की घटना को संज्ञान लेते हुए मामले की मामले की सुनवाई जनहित याचिका के रूप में करने के आदेश दिये थे। हाई कोर्ट याचिका की सुनवाई करते अपने आदेश में कहा था कि मध्य प्रदेश में बार-बार होने वाली जाति संबंधित हिंसा व भेदभाव पूर्ण कार्यवाही स्तब्ध करने वाली है। ब्राह्मण क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र सभी अपनी स्वतंत्र पहचान का दावा कर रहे है। इस पर नियंत्रण नहीं किया जाता है तो डेढ़ सदी के भीतर खुद को हिन्दू कहने वाले लोग आपस में लड़कर अस्तित्वहीन हो जाएंगे। युगलपीठ आरोपितों के विरुद्ध दमोह पुलिस एनएसए की कार्यवाही करें।

याचिका पर पूर्व में हुई सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ ने अनूज उर्फ अन्नू पांडे की तरफ से याचिका में हस्ताक्षेपकर्ता बनने व हाई कोर्ट द्वारा पारित आदेश पर पुनर्विचार करने का आवेदन पेश किया। आवेदन में कहा गया था कि पीड़ति व्यक्ति ने पहले आवेदनकर्ता की फोटो में एआई की मदद से जूतों



की माला पहनाकर उसे इंटरनेट मीडिया में वायरल की थी। संज्ञान याचिका पंजीकृत होने के पूर्व ही आवेदककर्ता सहित अन्य लोगों पर एनएसए की कार्यवाही की गयी। हाई कोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट में आर्डर अपलोड होने के पूर्व ही तथ्यों का बिना परीक्षण करें आवेदनकर्ता सहित अन्य के विरुद्ध एनएसए की कार्यवाही की गई है।

हाई कोर्ट ने पूर्व में पारित आदेश पर पुनर्विचार करने से इंकार करते हुए आवेदन को निरस्त कर दिया था। इंटरवीनर बनने का आवेदन को स्वीकार करते हुए एनएसए की कार्यवाही के तथ्यों के संबंध में कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक दमोह को हलफनामा के साथ जानकारी पेश करने निर्देश जारी किए थे। कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक के की तरफ से प्रस्तुत हलफनामे में बताया गया था कि हाई कोर्ट के आदेश पर एनएसए के तहत कार्यवाही की गई है। युगलपीठ ने मंगलवार को सुनवाई के दौरान अपने आदेश में कहा गया था कि युगलपीठ दो के प्रकरणों की सुनवाई मुख्यपीठ कर रही है। लिहाजा, उक्त प्रकरण को भी मुख्य युगलपीठ के समक्ष पेश किया जाए।

# सीधी में अवैध कालोनियों के निर्माण पर लगा प्रतिबंध

▶▶ हाईकोर्ट ने राज्य शासन सहित अन्य को जारी किए नोटिस

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने सीधी में अवैध कालोनियों के निर्माण पर आगामी सुनवाई तक प्रतिबंध लगा दिया है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने राज्य शासन सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब-तलब कर लिया है। जवाब पेश करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया। जनहित याचिकाकर्ता समाज सेवी मधवेश तिवारी की ओर से अधिवक्ता विकास मिश्रा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि सीधी नगर पालिका परिषद क्षेत्र में बिल्डरों द्वारा बिना परमीशन के प्लाटिंग कर अवैध कालोनियों का निर्माण कर प्लाटों का विक्रय किया जा रहा है। इसके लिए न तो टीएनसीपी से परमीशन ली गई है और न ही अन्य विभागों से किसी प्रकार की अनुमति। इतना ही नहीं उक्त कालोनियों में न तो सड़क, नाली का निर्माण किया गया। सीधे जमीन लेकर उस पर प्लाट काटकर बेचे जा रहे है, जो कि सीधे-सीधे लोगों के साथ ठगी है। कालोनाईजर एक्ट का उल्लंघन करने पर एफआईआर दर्ज किए जाने का प्रविधान है, लेकिन उसके बावजूद कोई कार्यवाही नहीं की जा रहीं है और उक्त अवैध कार्य को बेरोकटोक किया जा रहा है। मामले में मप्र शासन के प्रमुख सचिव, सीएमओं नगर पालिका सीधी, टीएनसीपी अधिकारी सीधी व नरेश प्रसाद पांडे व अजय सिंह चौहान को पक्षकार बनाया गया है। मामले की प्रारंभिक सुनवाई के बाद कोर्ट ने उक्त अंतरिम आदेश देते हुए अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दे दिए।

राज्य सरकार द्वारा पेश डेटा को हाईकोर्ट ने किया नामंजूर, स्पष्ट जवाब पेश करने के निर्देश

# सभी पद आरक्षित वर्ग से भरे, ऐसे में समानता का क्या होगा

**जबलपुर।** राज्य में प्रमोशन में आरक्षण के मामले पर दायर याचिकाओं पर मंगलवार को मप्र हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। राज्य सरकार ने सीलबंद लिफाफे में क्वांटिफायबल डाटा पेश किया। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने ने किसी एक विभाग के आंकड़े देखने के बाद आश्चर्य जताते हुए कहा कि इसमें तो सभी पद आरक्षित वर्ग से भरे हैं, ऐसे में समानता का क्या होगा। हाईकोर्ट ने प्रथमदृष्टया सरकार के आंकड़ों और जवाब पर असंतोष जताया। कोर्ट ने सरकार को पदोन्नति नीति और एडीकेसी वह रिप्रेसेंटेशन पर दोबारा कार्य कर स्पष्ट जवाब पेश करने के निर्देश दिए। अगली सुनवाई 12 नवंबर को निर्धारित की गई है।

गत सुनवाई के दौरान सरकार ने कोर्ट में कहा था कि नई प्रमोशन पॉलिसी 2016 के बाद के प्रमोशन पर लागू होगी, जबकि 2016 से पहले के प्रमोशन में वर्ष 2002 के नियमों प्रभावी रहेंगे। इसके बाद के प्रमोशन में वर्ष 2025 के नियम प्रभावी होंगे। कोर्ट ने सरकार को नए नियम के अनुसार क्वांटिफायबल डेटा एकत्र करते हुए सील बंद लिफाफे में पेश करने को कहा था। इसी के पालन में राज्य सरकार ने ये डेटा सीलबंद लिफाफे में पेश किया था। कोर्ट ने सील खोलने के बाद रिपोर्ट के सरसरी तौर पर अवलोकन में ही उक्त बड़ी गलती पकड़ ली। इसके बाद कोर्ट ने रिपोर्ट याचिकाकर्ता के वकील को भी नहीं। दिखाई। भोपाल निवासी डॉ. स्वाति तिवारी व अन्य की ओर से दायर याचिकाओं में मध्यप्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025 को चुनौती दी गई है। दलील दी गई कि वर्ष 2002 के नियमों को हाई कोर्ट के द्वारा आरबी राय के केस में समाप्त किया जा चुका है। इसके विरुद्ध मप्र शासन ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट में मामला अभी लंबित है, इसके बावजूद मप्र शासन ने महज नाम मात्र का शाब्दिक परिवर्तन कर जस के तस नियम बना दिए। वहीं मामले में अजाक्स संघ सहित आरक्षित वर्ग की ओर से अनेक अधिकारियों व कर्मचारियों ने इस मामले में हस्तक्षेप याचिकाएं दाखिल की हैं।

प्रताड़ना और आत्महत्या के पहलू पर पुलिस जांच में जुटी

# रांझी और तिलवारा में दो महिलाओं की संदिग्ध मौत

**जबलपुर।** शहर में दो अलग-अलग थानाक्षेत्रों में महिलाओं की मौत के मामलों ने चिंता बढ़ा दी है। रांझी व तिलवारा क्षेत्र में फांसी लगाकर आत्महत्या के दो मामले सामने आए हैं, जिनमें पुलिस परिवारजनों से पूछताछ कर कारणों की जांच कर रही है। रांझी थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी के अनुसार स्थानीय क्षेत्र में रहने वाली निशा दास सोमवार रात अपने पति के साथ घर पर थी। पति देर रात काम से लौटने के बाद करीब 11.30 बजे खाना खाकर सो गया। मंगलवार सुबह करीब 6.30 बजे उसकी नींद खुली तो देखा कि निशा घर में कपड़े टांगने वाले कुंदे से चुन्नी के फंदे के सहारे लटकी हुई थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और शव को नीचे उतरवाया। पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया।

पुलिस का कहना है कि परिस्थितियाँ संदिग्ध प्रतीत हो रही हैं, इसलिए पति सहित परिजनों और करीबी लोगों से पूछताछ की जा रही है। तिलवारा में ससुराल पक्ष की प्रताड़ना से दुखी महिला ने दी जान दूसरा मामला तिलवारा थानाक्षेत्र का है। यहाँ रहने वाले दुर्गेश पटेल ने पुलिस को बताया कि उसकी भांजी रुपल पटेल की शादी राकेश राजपूत से हुई थी। शादी के बाद से ही राकेश मानसिक और शारीरिक रूप से उसे प्रताड़ति करता था। पूर्व में रुपल ने तिलवारा थाने में शिकायत भी दर्ज कराई



थी, लेकिन इसके बावजूद स्थिति में सुधार नहीं आया। परिजनों के अनुसार उत्पीड़न से तंग आकर रुपल ने सोमवार शाम फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने विवाहिक प्रताड़ना के एंगल से जांच शुरु कर दी है और आवश्यक बयान दर्ज कर रही है।

रांझी पुलिस ने 339 पाव शराब के साथ युवक पकड़ा, एक फरार

# स्विगी डिलीवरी की आड़ में अवैध शराब की होम डिलीवरी

**जबलपुर।** ऑनलाइन फूड डिलीवरी का रुप देकर अवैध शराब की सप्लाई करने वाले युवक को रांझी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी स्विगी की टी-शर्ट और बैग का उपयोग कर लोगों को गुमराह कर रहा था, ताकि पुलिस की नजर से बचकर अवैध कारोबार किया जा सके। पुलिस ने उसके कब्जे से 339 पाव देसी शराब जब्त की है, जबकि उसका एक साथी मौके से फरार हो गया। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार सूचना मिली थी कि व्हीकल स्टेट मैदान के पास दो युवक बाइक से अवैध शराब की सप्लाई करने आ रहे हैं। पुलिस ने उन्हें घेराबंदी कर रोका। उनकी बाइक, डिलीवरी बैग और टी-शर्ट देखकर वे स्विगी डिलीवरी बॉय लग रहे थे। जब बैग और बोरी की तलाशी ली गई तो उसमें बड़ी मात्रा में शराब भरी मिली। पकड़े गए युवक ने अपना नाम अभय उर्फ अंशु जयसवाल बताया। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह स्विगी जैसी वर्दी पहनकर शराब की डिलीवरी करता था, जिससे किसी को संदेह न हो और वह पुलिस कार्रवाई से बच सके। पुलिस फरार साथी की तलाश कर रही है और यह जांच भी की जा रही है कि शराब किसके लिए और किन क्षेत्रों में सप्लाई की जाती थी। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

# अतिथि शिक्षकों को नियमित स्वीकृत पद का न्यूनतम वेतन क्यों नहीं दिया जा रहा

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि प्रदेश के शासकीय स्कूलों में कार्यरत अतिथि शिक्षकों को नियमित स्वीकृत पद का न्यूनतम वेतन क्यों नहीं दिया जा रहा है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने चीफ सेक्रेटरी, वित्त विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव, जनजातीय कार्यविभाग के प्रमुख सचिव, आयुक्त लोक शिक्षण सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। देवास निवासी विकास कुमार नंदानिया व अन्य की ओर से अधिवक्ता विनायक प्रसाद शाह व पुष्पेंद्र शाह ने पक्ष रखा। दलील दी गई कि सरकार नियमित स्वीकृत पद पर भर्ती नहीं करते हुए अतिथि शिक्षकों की भर्ती कर रही है। प्रदेश में लगभग 90 हजार अतिथि शिक्षक कार्यरत हैं। इन अतिथि शिक्षकों से नियमित शिक्षकों के सभी काम करवाए जाते हैं, लेकिन नियमित के लिए निर्धारित न्यूनतम वेतन नहीं दिया जाता है। इसके अलावा अतिथि शिक्षकों को नियमित शिक्षकों के समान छुट्टी का लाभ भी नहीं मिलता है। इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट के कई निर्णयों का हवाला दिया गया जिनमें यह निर्धारित किया है कि न्यूनतम वेतन से कम वेतन देना संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकारों का उल्लंघ है।




# युवक पर धर्म छुपाकर शादी करने का आरोप

**जबलपुर।** गोहलपुर क्षेत्र में एक युवती ने युवक पर अपना नाम और धर्म छुपाकर शादी करने का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। युवती द्वारा दी गई शिकायत के अनुसार वर्ष 2022 में उसकी सोशल मीडिया पर गोहलपुर निवासी 38 वर्षीय नसीर अहमद से दोस्ती हुई। बातचीत के दौरान युवक ने खुद को अरमान सिंह नाम से परिचित कराया और निजी नौकरी करने की बात कही। दोनों के बीच मुलाकातें बढ़ीं और विवाह का निर्णय लिया गया। युवती ने बताया कि शादी के दस्तावेज तैयार करते समय उसे पता चला कि युवक का असली नाम नसीर अहमद है। आधार, पैन और शैक्षणिक दस्तावेजों में भी वही नाम दर्ज थे। इस पर पूछने पर युवक ने कहा कि धर्म को लेकर कोई बाधा नहीं आएगी। इसके बाद दोनों ने विवाह कर लिया। पीड़िता का आरोप है कि शादी के बाद उससे नाम बदलने और धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया जाने लगा। विरोध पर कथित रूप से मारपीट और मानसिक उत्पीड़न किया गया। युवती ने बताया कि उसे भूखा-प्यासा रखा गया और अंततः घर से निकाल दिया गया। उसने करीब 15 दिन पहले तलाक के लिए कोर्ट में आवेदन किया है। युवती का आरोप है कि युवक उसे जान से मारने की धमकी दे रहा है और जबरन अपने साथ रखने की कोशिश कर रहा है। पीड़िता और युवक की डेढ़ वर्ष की एक दिव्यांग बेटी है, जिसे देखने में दिक्कत है। पीड़िता के माता-पिता ही उसका पालन-पोषण और इलाज कर रहे हैं। पुलिस अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए गोरखपुर थाना प्रभारी को आरोपों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240